e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 09

सुविचार

आपकी सब मुश्किलों के जवाब आपके पास हैं, बस खुद से सही सवाल करने की जरूरत है।

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
09.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### पुरानी पेंशन नीति बहाल करने की मांग को लेकर भूख हडताल पर रेलवे यूनियन

**मुरादाबाद** : नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के तत्वावधान में पुरानी पेंशन नीति बहाल करने की मांग को लेकर सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालय पर भूख हडताल शुरू कर दी गई। वहीं उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर भी भूख हडताल शुरू हो गई है। यह भूख हड़ताल अगले चार दिन तक जारी रहेगी। नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा व मंडल मंत्री राजेश चौबे ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए सरकारी कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे हैं। भूख हडताल का कार्यक्रम 11 जनवरी तक चलेगा। रेलवे स्टेशन पर भूख हडताल व अनशन पर बैठे उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री शलभ सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली के लिए हम भी भूख हडताल और अनशन कर रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम चार दिनों तक जारी रहेगा।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अंबिकापुर में हुआ भव्य स्वागत

**रायपुरः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर में सोमवार को सरगुजा अंचल में प्रथम आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय के साथ में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी रामप्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।इस दौरान एयरपोर्ट में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, विधायक गोमती साय के साथ-साथ सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेंद्र, आईजी मोहित गर्ग, कलेक्टर भोसकर विलास संदीपन, एसपी सुनील कुमार, सीईओ जिला पंचायत सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

### माउंट आबू का पारा माइनस में

**जयपुर** : राजस्थान में कड़ाके की सर्दी और सर्द हवा चलने की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदेश में इन दिनों सर्दी के तीखे तेवर तीखे हैं। नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से देर रात चूरू, झुंझुनूं, अलवर और सीकर में हल्की बारिश हुई। जयपुर, बीकानेर, भरतपुर, कोटा और अजमेर संभाग के सभी जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। उत्तरी भारत में हो रहे हिमपात से पश्चिमी भारत के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू की वादियों को हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड ने अपने शिकंजे में कस रखा है। माउंट आबू में न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री सेल्सियस मापा गया।

### राज्य में 10 जनवरी से 28 फरवरी तक चलेगा ईवीएम जागरूकता अभियान

**राँची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 10 जनवरी से 28 फरवरी तक राज्य में ईवीएम एवं वीवीपैट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सीईओ ने कहा कि हाल ही में कराए गए कैप सर्वे में यह तथ्य सामने आया था कि आम लोगों में ईवीएम और वीवीपैट को लेकर जो जागरूकता का स्तर होना चाहिए वह अपेक्षा के अनुसार नहीं मिला। इसलिए उन्होंने राज्य के मतदाताओं के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के सदस्यों से भी अपील की है कि वे इस ईवीएम जागरूकता अभियान का न केवल व्यापक प्रचार प्रसार करें बल्कि सक्रिय सहभागिता भी निभाएं। उन्होंने बताया कि उक्त जागरूकता कैंप सभी जिलों एवं सभी अनुमंडलों के स्तर पर आयोजित किए जाने हैं। इतना ही नहीं हर जिले के सभी बूथों पर मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन भी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान नागरिकों को ईवीएम मशीन, मतदान प्रक्रिया, वीवीपैट आदि के बारे में विस्तार से व्यवहारात्मक जानकारी मिलेगी।

### मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव से मिला टेट पास पारा शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल

**रांची** : मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से टेट पास पारा शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। भेंटवार्ता के दौरान टेट पास पारा शिक्षक संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे को अपनी मांग से अवगत कराया। टेट पास पारा शिक्षकों के मांग के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा सहायक आचार्य की नियुक्ति में उन्हें 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। भेंटवार्ता में संघ द्वारा सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में विषयवार कट ऑफ का प्रावधान टेट पास पारा शिक्षकों हेतु शिथिल किए जाने की मांग पर भी राज्य सरकार की ओर सकारात्मक पहल किए जाने का आश्वासन मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे ने प्रतिनिधिमंडल को दी है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22⁰ |
| न्युनतम | 10⁰ |

## बिलकिस बानो ने जीता जंग, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा गुजरात सरकार का फैसला

# आत्मसमर्पण करें सभी दोषी : सुप्रीम कोर्ट

### * सभी 11 दोषियों की सजा माफी को किया रद्द

एजेंसी

**नई दिल्ली** : बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के फैसले को पलटते हुए दोषियों की सजा माफी रद्द कर दी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दोषियों को अब फिर से जेल जाना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जहां अपराधी के खिलाफ मुकदमा चला और सजा सुनाई गई, वही राज्य दोषियों की सजा माफी का फैसला कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा दोषियों की सजा माफी का फैसला गुजरात सरकार नहीं कर सकती बल्कि महाराष्ट्र सरकार इस पर फैसला करेगी। गौरतलब है कि बिलकिस बानो मामले की सुनवाई महाराष्ट्र में हुई। कोर्ट ने ये भी कहा कि दोषियों को रिहा करने का गुजरात सरकार का फैसला शक्ति का दुरुपयोग था।

सुप्रीम कोर्ट ने सभी 11 दोषियों को अगले दो हफ्ते में जेल अथॉरिटी के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों की सजा गुजरात सरकार ने माफ कर दी थी। गुजरात सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भुइयां की पीठ ने मामले की सुनवाई की और 12 अक्तूबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### कौन है बिलकिस बानो, 2002 में उनके साथ क्या हुआ था ?

27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गोधरा स्टेशन के पास आग लगा दी गई। इस घटना में अयोध्या से लौट रहे 59 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। घटना के चलते गुजरात में दंगे भड़क उठे। दंगों की आग तीन मार्च 2002 को बिलकिस के परिवार तक पहुंच गई। उस वक्त 21 साल की बिलकिस के परिवार में बिलकिस और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी के साथ 15 अन्य सदस्य भी थे। चार्जशीट के मुताबिक बिलकिस के परिवार पर हसिया, तलवार और अन्य हथियारों से लैस 20-30 लोगों ने हमला बोल दिया था। इनमें दोषी करार दिए गए 11 लोग भी शामिल थे। दंगाइयों ने बिलकिस, उनकी मां और परिवार की तीन अन्य महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया। उन सभी को बेरहमी से पीटा। हमले में परिवार के 17 में से सात सदस्यों की मौत हो गई। छह लापता हो गए। केवल तीन लोगों की जान बच सकी। इनमें बिलकिस, उनके परिवार का एक पुरुष और एक तीन साल का बच्चा शामिल था। इस घटना के वक्त बिलकिस पांच महीने की गर्भवती थीं। दंगाइयों की हैवानियत के बाद बिलकिस करीब तीन घंटे तक बेसुध रहीं।



**गुजरात सरकार ने की थी सजा माफः** गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत साल 2022 में बिलकिस बानो से गैंगरेप और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के दोषियों की सजा माफ कर दी थी और उन्हें जेल से रिहा कर दिया था। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दोषियों को फिर से जेल जाना होगा। इन दोषियों को सीबीआई की विशेष अदालत ने साल 2008 में उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिस पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी अपनी मुहर लगाई थी। उम्रकैद की सजा पाए दोषी को 14 साल जेल में ही बिताने होते हैं। उसके बाद अपराध की प्रकृति, जेल में व्यवहार और अन्य चीजों को ध्यान में रखते हुए सजा घटाने या रिहाई पर विचार किया जा सकता है। बिलकिस बानो गैंगरेप के दोषी जेल में 15 साल बिता चुके हैं। जिसके बाद दोषियों ने सजा में रियायत की गुहार लगाई थी।

### क्या है मामला ?

गुजरात के गोधरा में उम्र कैद की सजा काट रहे 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को रिहा कर दिया गया था। ये सभी बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात लोगों की हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। दोषियों की रिहाई के बाद बिलकिस बानो और उनके परिवार ने इस फैसले पर निराशा जताई और मामले पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात सरकार के फैसले को पलटते हुए सभी दोषियों की सजा में मिली छूट को रद्द कर दिया।

## अंततः न्याय की जीत हुई : प्रियंका गांधी



प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि अंततः न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार बिलकिस बानो के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है। इस आदेश से भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी नीतियों पर पड़ा पर्दा हट गया है। इस आदेश के बाद जनता का न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत होगा। बहादुरी के साथ अपनी लड़ाई को जारी रखने के लिए बिलकिस बानो को बधाई। अंततः न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार बिल्किस बानो के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है। इस आदेश से भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी नीतियों पर पड़ा हुआ पर्दा हट गया है। इस आदेश के बाद जनता का न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।वामपंथी पार्टी सीपीआई (एम) की वरिष्ठ नेता बृंदा करात ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि %हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। कम से कम यह फैसला न्याय की कुछ उम्मीद जगाता है। खासकर, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और गुजरात सरकार की क्षमताओं पर जो टिप्पणी की। यह गुजरात सरकार ही थी, जिसने दस्तावेज स्वीकार किए थे। कोर्ट ने इसे फर्जी माना है। बृंदा करात ने याचिकाकर्ता की ईमानदारी पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और गुजरात सरकार का भी उसे समर्थन प्राप्त था। गृह मंत्रालय पर निशाना साधते हुए वामपंथी नेता ने कहा कि यह गृह मंत्रालय ही था, जिसने याचिका को प्रोत्साहित किया, जिससे दोषियों की रिहाई हुई। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत होना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने गुजरात की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा की सोच अपराधियों को बचाने वाली थी ना कि पीड़िता को न्याय दिलाने की। गुजरात कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह पहली घटना नहीं है, जहां दोषियों को बचाने की कोशिश की गई बल्कि पहले भी सरकार ने पीड़ितों की रक्षा करने के बजाय अपराधियों को बचाया है। यह समाज के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकार कानून के मुताबिक चले।

## सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस-आप के बीच हुई चर्चा



एजेंसी

**नई दिल्ली** : लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है. सोमवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बैठक हुई. इस दौरान दोनों पार्टियों की तरफ से सीट बंटवारे समेत कई अहम चुनावी मुद्दों पर चर्चा हुई. बैठक के बाद कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने कहा कि बैठक अच्छी हुई है, आगे भी चर्चा करेंगे. कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने कहा बैठक बहुत अच्छी थी. अरविंद केजरीवाल ने अपने प्रतिनिधियों को बैठक के लिये भेजा. दो से ढाई घंटे चर्चा हुई. बड़े अच्छे माहौल में चर्चा हुई है. ये चर्चा आगे भी चलेगी. कुछ दिनों में हम फिर मिलेंगे, जिसमें हम सीट शेयरिंग को अंतिम रूप देंगे. क्या चर्चा हुई उस पर टिप्पणी नहीं कर सकते. थोड़ा इंतज़ार करिये. पूरी जानकारी देंगे. दोनों ही पार्टी इस गठबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है. बीजेपी को कड़ी टक्कर देंगे.आम आदमी पार्टी की पहली महिला सांसद बनने जा रही स्वाति मालीवाल ने राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के बाद बिल्किस बानो पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और कहा कि बिलकिस बानो के साथ गुजरात सरकार ने जो किया था वह महापाप था.सीट-बंटवारे पर कांग्रेस की पांच सदस्यीय समिति पहले ही प्रदेश कांग्रेस प्रमुखों के साथ आंतरिक परामर्श कर चुकी है और अपने निष्कर्ष पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप चुकी है. इस समिति के संयोजक मुकुल वासनिक और वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत और भूपेश बघेल सदस्य हैं. अन्य दलों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत 28 दलों के विपक्षी गठबंधन द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा से एकजुट होकर मुकाबला करने के फैसले के बाद हुई है.

## वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की तैयारियों को लेकर सीएम ने की बैठक

# गांव, किसान व युवा पर फोकस कर तैयार करें बजट : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ बजट 2024-25 की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने आगामी बजट में राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, खेल, उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, पानी, सड़क, आवास योजना और सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन राशि, स्कूल एवं कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर विशेष फोकस किए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि समस्त झारखंड वासियों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक बेहतर बजट तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा



कि बजट में जन-कल्याण और सर्वांगीण विकास पर जोर रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, इस निमित्त निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। झारखंड कई क्षेत्रों में तेज गति से प्रगति भी कर रहा है। गांव, कृषि, किसान और नौजवान पर फोकस करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। बजट में रोजगार तथा स्वरोजगार के प्रावधानों में वृद्धि पर जोर दें। आनेवाले समय में भी इन्हें और मजबूत किए जाने के लक्ष्य के साथ कार्य योजनाएं राज्य सरकार बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट 2024-25 में दूरदर्शिता के साथ प्रावधानों को समाहित करें।

**जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान करने की आवश्यकताः** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, मनरेगा के लिए प्रावधान, रोजगार तथा स्वरोजगार बढ़ाने, खेल गतिविधियों को बढ़ावा, महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार, बच्चों के पोषण में सुधार सहित अन्य सभी जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान करने का निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बजट में एक नई और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

**बैठक में इनकी रही उपस्थितिः** बैठक में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, योजना एवं विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बांग्लादेश चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी ने शेख हसीना को दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली** : बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने के बाद शेख हसीना पांचवीं बार देश की प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं. पीएम के तौर पर यह उनका लगातार चौथा टर्म होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शेख हसीना से फोन पर बातचीत की और उन्हें चुनावी जीत की बधाई दी. पीएम मोदी ने ट्वीट किया,प्रधानमंत्री शेख हसीना से बात की और संसदीय चुनावों में लगातार चौथी बार ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी. मैं बांग्लादेश के लोगों को भी सफल चुनाव के लिए बधाई देता हूं. हम बांग्लादेश के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

इससे पहले शेख हसीना ने बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में अपनी पार्टी आवामी लीग की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत को सच्चा दोस्त बताया. उन्होंने कहा,भारत बांग्लादेश का बहुत अच्छा और सच्चा दोस्त है. उन्होंने 1971



और 1975 में हमारा समर्थन किया. हम भारत को अपना पड़ोसी मानते हैं. मैं वास्तव में इस बात की सराहना करती हूं कि भारत के साथ हमारे अद्भुत संबंध है. उन्होंने भारत और बांग्लादेश के बीच के संबंधों को भविष्य में और ऊंचाइयों पर पहुंचाने के अपने संकल्प को दोहराया. शेख हसीना ने 2041 तक बांग्लादेश को एक विसित राष्ट्र बनाने का अपना विजन भी मीडिया के सामने रखा.बांग्लादेश की 300 सीटों वाली संसद में से कुल 299 सीटों के लिए चुनाव हुआ था. हसीना की पार्टी आवामी लीग ने 223 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया. एक सीट पर उम्मीदवार की मौत के कारण चुनाव नहीं हुआ. उस सीट पर बाद में उपचुनाव होगा.

## मालदीव के हाई कमिश्नर ने विदेश मंत्रालय को दिया सफाई

### पीएम मोदी पर विवादित टिप्पणी के बाद भारत का सख्त रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मालदीव पर भारी पड़ती दिख रही है. पहले सोशल मीडिया पर मालदीव के बहिष्कार की मुहिम छेड़ी गई, इसके बाद दिग्गज भारतीय ट्रैवल कंपनियों ने मालदीव की फ्लाइट्स और होटल बुकिंग कैंसिल कर दी और अब भारत सरकार ने मालदीव के हाई कमिश्नर को तलब किया है. भारत सरकार के तलब किए जाने के बाद मालदीव के हाई कमिश्नर इब्राहिम साहिब भारतीय विदेश मंत्रालय पहुंचे. सफाई देने के कुछ देर बाद ही वह यहां से रवाना हो गए.दरअसल, मालदीव की महिला मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. इस मुद्दे को भारत ने मालदीव की मोहम्मद मुइज्जू सरकार के समक्ष उठाया था. माले में भारतीय उच्चायुक्त ने मंत्री की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई थी. भारत की आपत्ति के बाद मालदीव सरकार ने बयान जारी कर कहा था कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है. मंत्री की टिप्पणी मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है.

## संक्षिप्त खबरें

### लेस्लीगंज में अवैध क्रशर सील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन द्वारा अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी का एक्शन जारी है। सोमवार को लेस्लीगंज अंतर्गत चक इलाके में अवैध रूप से संचालित किया जा रहे हैं क्रशर को सील कर दिया साथ ही क्रशर के अंदर रखे गए 24 सौ सीएफटी बोल्डर, 2340 सीएफटी चिप्स एवं 260 सीएफटी डस्ट जप्त करते हुए क्रशर संचालक मनोज कुमार पर लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी। **गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई :** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि अतिसुदूरवर्ती चक गांव में अवैध तरीके से क्रशर का संचालन किया जा रहा है जिसके पश्चात उन्होंने लेस्लीगंज के चक गांव पहुंच कर मेसर्स सुपर स्टोन वर्क्स,प्रोपराइटर मनोज कुमार के संचालित क्रशर में छापेमारी की,डीएमओ व पुलिस बल को आता देख क्रशर के सभी श्रमिक भाग गए जबकि वहां मौजूद क्रशर के एक कर्मी अरूण कुमार पाया गया. जिससे क्रशर संचालन को लेकर कागजात की मांग की गयी तो अरूण द्वारा कागजात के नाम पर सीटीओ नवीकरण के लिए भेजे गए कागजात दिखा गया

### खरौंधी सीओ सुनील कुमार को केतार बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** जिले के उपायुक्त शेखर जमुवार ने सोमवार को खरौंधी प्रखंड के अंचलाधिकारी सुनील कुमार को केतार बीडीओ, सीओ और एमओ का अतिरिक्त प्रभार सौपा है। ज्ञात हो की इससे पुर्व भवनाथपुर प्रखंड के बीडीओ नंदजी राम ने करीब दो माह से केतार प्रखंड, अंचल और आपूर्ति के प्रभार में थे।

# हत्या के विरोध में नाई समाज ने दुकाने बंद रखते हुए निकाला मसाल जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर थाना अंतर्गत 24 दिसंबर को नरेश ठाकुर ग्राम मदनपुर निवासी जपला रोड में घायल अवस्था मिला था जो राँची रिम्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद उनके परिवार के लोगों ने साजिद की तहत हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन को आवेदन दिया था लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं करने के विरोध में नाई समाज द्वारा सोमवार को छतरपुर बाजार के सभी सैलून बंद कर घटना के विरोध में मसाल जुलूस निकला गया एवं हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग किया यह मसाल जुलूस छतरपुर अनुमंडल गेट से बाजार होते हुए थाना गेट से गोलक्ष्मी तक निकल गया अंत में जपला मोड जाम कर विरोध में टायर जलाया गया साथही लोगों ने हत्यारे की गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे अगर प्रशासन द्वारा घटना का उद्भोधन एवं हत्यारे की गरफ्तारि दो दिनों के अंदर नहीं की जाती है तो आगे भी उग्र आंदोलन किया जाएगा इस आंदोलन में उमेश ठाकुर, अवधेश ठाकुर, विनोद ठाकुर, सरयू ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर, आनंद पासवान, राजेंद्र यादव, पंकज पासवान प्रमोद ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## अबुआ आवास को लेकर दावा और आपत्ति पत्र जमा होंगे 9 जनवरी तक : बीडीओ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लाभुकों का योग्य सूची से नाम हटाने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो आक्रोशित ग्रामीण 11 बजे से ही दवा पत्र के साथ आपत्ति पत्र को भी लेकर बीडीओ नंद जी राम से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान वरीय पदाधिकारी और ऑपरेटर उपस्थित नहीं रहने के कारण थोड़ा गहमागहमी की स्थिति बनी तत्पश्चात उक्त बीडीओ एक बजे के करीब पहुंचे और उपस्थित लोगों को बीडीओ ने कहा कि जिनका आवेदन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त हुए हैं सिर्फ उन्ही आवेदन पर विचार किया जाएगा। जिनके पास फॉर्म जमा करने के बाद रिसीविंग प्राप्त है और उनका नाम सूची में दर्ज नहीं है तो वह रिसीविंग के साथ आवेदन करें और योग्य लाभुको का नाम किसी कारणवश अयोग की सूची में चला गया है वह लाभुक अपना-अपना आवेदन मे कारण दर्शाते हुए जमा करें जिसेसे मेरे द्वारा टीम गठित कर जांच करवाया जाएगा। इस संबंध में दवा और आपत्ति पत्र मंगलवार 9 जनवरी तक मुख्यालय में जमा किया जाएगा। इस मौके पर उप प्रमुख शंभू सिंह, मुखिया श्यामसुंदर बैठा, उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा, उदय प्रसाद अखिलेश प्रसाद, राजेंद्र यादव, मुकेश राम, सुनीता देवी, शारदा देवी, वृंदा देवी, पार्वती देवी, मधु देवी, सपना देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, 8 घायल, दो रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत जपला छतरपुर मुख्य सड़क पर गम्हरिया गांव नाग बाबा की समीप अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया , जिसमे 3 गम्भीर रूप घायल हो गए व अन्य को गम्भीर चोटे आयी है, घायलो को राहगीरों के सहयोग से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया राहगीरों ने बताया कि ऑटो सवारी लेकर जपला की ओर आ रही थी उसी क्रम में अचानक कुत्ता सड़क पर आ गया जिस बचने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घायलो में कृत रजवार 70 वर्ष, कबूतरी देवी 65 वर्ष गांव तुलसिखाड़, लखन चौहान 60 वर्ष, सुकुल पासवान, काजल कुमारी 16 वर्ष, उनिता कुमारी 17 वर्ष व मधु कुमारी 17 वर्ष ग्राम गारहेगोरया के रहने वाले है। जिसमे लखन चौहान व सुकुल पासवान को रेफर कर दिया गया।

## बीडीओ ने की ग्रामीणों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अबुआ आवास के लिये बनाये गये सूची में किसी कारण से योग्य लाभुकों का नाम यदि छूट गया है तो उसे जोड़ने को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ ने ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, इसके बाद उन्होंने कहा कि जिनका भी नाम छूट गया है, वे अगले सर्वेक्षण का इंतजार करें। वैसे लाभुक जिन्होंने आवेदन दिया था लेकिन किसी कारणवश ऑन लाइन नही हो पाया है,वे आवेदन के साथ अधकटी लगा कर ऑन लाइन करा लें। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के सर्वे में जिन लोगों का सूची में नाम नही है वैसे लोगो को निराश होने की जरूरत नही है। अबुआ आवास तीन चरणों मे होगा.वर्ष 2023-24 के बाद फिर वर्ष 2024-25 में फिर से सर्वे किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी जो बच जायेंगे उन्हें प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकता है. ग्रामीणों के साथ बैठक के दौरान कर्मियों द्वारा पैसा मांगने की बात भी सामने आया। इस पर बीडीओ ने कहा कि कोई भी कर्मी पैसा मांगता है तो उसके विरुद्ध लिखित शिकायत करे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जायेगा। मौके पर प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, जिप प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पूर्वमंत्री के प्रथम पुण्यतिथि पर किया गया कम्बल का वितरण



**बंशीधर नगर :** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के पिता सह पूर्वमंत्री लाल हेमेन्द्र प्रताप देहाती के प्रथम पुण्यतिथि पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे भाजयुमो के अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह तथा सोनू गुप्ता ने गरीब, असहाय, विधवा व दिव्यांगजनो के बीच कम्बल का वितरण किया। उक्त लोगों ने नगर उंटारी रेलवे स्टेशन से ब्लॉक मोड़ तक गरीब, असहाय, विधवा व दिव्यांगजनो के बीच कम्बल वितरण किया। नेताओ ने कहा कि यह पुनीत कार्य आगे भी जारी रहेगा।

## प्रमुख व पंचायत समिति सदस्य ने एसडीएम से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी के नेतृत्व में उप प्रमुख पंचायत समिति सदस्य ने वर्तमान पदस्थापित एसडीओ हुसैनाबाद प्रशिक्षु आईएएस ऑफिसर आशीष गंगवार से उनके कार्यालय पर सौजन्य मुलाकात किया इस दौरान हुसैनाबाद क्षेत्र में व्याप्त जनहित की कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराई गई जिस पर आईएएस ऑफिसर श्री गंगवार ने प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं को निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर हुसैनाबाद उप प्रमुख प्रतिनिधि पवन



कुमार पटेल मिथिलेश कुमार पासवान राजेश कुमार यादव धनंजय कुमार यादव सुमेर कुमार राम मंटू कुमार मेहता गरीबन राम वीगन प्रजापति सुरेन्द्र कुमार चौधरी राकेश कुमार पासवान अरविन्द कुमार मेहता अनूज कुमार सिंह ने मुलाकात किया।

## टावर में केवल चोरी करते दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा, थाना प्रभारी ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-पंचायत परसोडीह में स्थित रविवार के अर्ध रात्रि में जीओ मोबाइल टावर से केबल चोरी करते हुए दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। जीओ मोबाइल टावर के पेट्रौलर अनुज कुमार सिंह ने केतार थाना में आवेदन देकर पाटन थाना क्षेत्र के जयपुर गांव निवासी ज्ञानचंद कुमार और पड़वा थाना क्षेत्र के गड़ेरियाडीह गांव निवासी अजीत मेहता पर प्राथमिकी दर्ज कराया है। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में लेकर गढ़वा कारा जेल भेज दिया गया है।

## पासवान समाज प्रखंड स्तरीय बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय जल क्रांति भवन के प्रांगण में रामविलास पासवान सेवा समिति के तत्वाधान में पासवान समाज प्रखंड स्तरीय बैठक बबन पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड समिति के गठन किया गया। प्रखंड समिति के लिये सर्वसम्मति से कबीर पासवान को अध्यक्ष, बसंत पासवान को सचिव, मिथलेश पासवान को कोषाध्यक्ष, जयकुमार पासवान को संरक्षक तथा श्रीराम पासवान को संयोजक सहित 21 सदस्यीय समिति के सदस्य बनाये गये। बैठक को सम्बोधित करते हुये रामविलास पासवान सेवा समिति के संस्थापक अनुराग पासवान ने समिति के उद्देश्यों की चर्चा करते हुये कहा कि यह समिति सेवा और समाज के उत्थान के




लिये है। समाज को कुरीतियों से बचाने के लिये हैञ उन्होंने कहा कि समाज के साथ साथ जरूरत पड़ने पर सभी वर्गो के गरीब परिवार को शिक्षा व स्वास्थ्य में मदद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह संगठन राजनीति से सबंधित नही है। बबन पासवान व सेवा निवृत्त शिक्षक अर्जुन पासवान ने कहा कि समाज सेवा के साथ साथ समय समय पर रक्तदान कर लोगो का जीवन बचाने के लिये यह समिति संकल्पित है। यह समिति लोगो को जोड़कर और सेवा कर नया इतिहास रचेगा। हम सभी तन मन व धन के साथ आगे बढ़ेंगे। उक्त दोनों ने समाज के युवाओं से सेवा समिति से जुड़ने की अपील किया। बैठक में सुमेर पासवान, राम प्रवेश पासवान, संजय पासवान, अरविंद पासवान, अभय पासवान, त्रिवेणी पासवान, विद्या पासवान, सुनील पासवान, अशोक पासवान, बनारसी पासवान, मनोज पासवान, दिनेश पासवान सहित बड़ी संख्या में पासवान समाज के लोग उपस्थित थे।

## पिपरा में कुश्ती व हुसैनाबाद में कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र की हुई स्थापना : सूर्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा है कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह की अनुसंशा पर पिपरा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा में बालक व बालिकाओं के लिए कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र व हुसैनाबाद के बक्शी उच्च विद्यालय में बालिका कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड की ओर से इस आशय का पत्र 5 जनवरी 2024 को जारी किया गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो प्रखंडों में प्रशिक्षण



की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को लेकर पार्टी काफी गंभीर है। शिक्षा, खेल के साथ साथ रोजगार के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए पार्टी के विधायक कार्य कर रहे हैं। आने वाला समय हुसैनाबाद के युवाओं का होगा। युवाओं में खेल प्रतिभा के विकास के लिए वे हमेशा प्रयासरथ रहते हैं। आने वाले समय मे क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

## मुखिया ने स्कूल का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के बनियाडीह पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय काजीबीघा में कई दिनों से मध्यान भोजन बंद है जिससे बच्चों को मध्यान भोजन नहीं मिल पा रहा है, इस संबंध में अभिवावकों ने मुखिया सुदामा कुमार से शिकायत किया जिसके बाद मुखिया विद्यालय पहुचे, जहा देखा कि मध्यान भोजन नही बना हुआ है स्कूल से एक शिक्षक हाजरी बनाने के बाद गायब है, मुखिया द्वारा इस संबंधित जानकारी लेने पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि एमडीएम का चावल खत्म हो गया है, जिसकी सूचना बीईईओ को दिया गया है लेकिन अभी तक चावल नही भेजा गया है जिसके चलते एमडीएम का भोजन नही बन पा रहा है, एक शिक्षक के हाजरी बनाने के बाद स्कूल में नही रहने की बात पूछने पर बताया कि लंच में घर खाना खाने गए है मुखिया ने इसके बाद 1 घंटा इन्तेजार किया लेकिन शिक्षक स्कूल नही पशुचे, वही ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में शौचालय नही रहने से बच्चों को काफी समस्याओ का सामना करना पड़ता है, स्कूल का पेंट पोचारा नही हुआ है जिससे जर्जर स्थिति में दिखाई दे रहा है, निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश पासवान, मुन्ना रजक, वीरेंद्र कुमार मेहता सहित कई उपस्थित थे।

## नगर पंचायत की व्यवस्था में हो सुधार : अरविंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत छतरपुर में व्याप्त समस्याओं के निदान के लिए कार्यपालक अधिकारी को अरविन्द गुप्ता चुनमून ने ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की। समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि थाना परिसर, अनुमण्डलीय हॉस्पिटल परिसर, वन विभाग परिसर और मिडिल स्कूल परिसर में मार्केट काम्प्लेक्स का निर्माण करवा कर लोगो को रोजगार उपलब्ध कराए, नगर क्षेत्र में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटो के ख़रीद की जाँच आदि मूलभूत सुविधाएं बहाल करने, नगर में आवंटित पीएम आवास के सभी लाभुकों को उनकी क़िस्त दे कर क़िस्त का भुगतान सुनिश्चित कराने और आवास पूर्ण कराए। ज्ञापन सपना के बाद पत्रकारों से अरविंद गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत में लूट का तांडव मचा हुआ है नगर पंचायत लोगों को बुनियादी सुविधा देने में भी बिफल है।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** दिव्या पारा मेडिकल ट्रेनिंग सेंटर में सोमवार को आयोजित एकदिवसीय शिविर में आयुर्वेद पद्धति से एक सौ से अधिक रोगियों को जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया। आयुर्वेद चिकित्सक डा दिनेश कर्म योगी एवं डॉक्टर संजय कुमार ने मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। सबसे अधिक मरीज नस रोग, स्पाइन, घुटने की दर्द के पाये गये। डा संजय कुमार ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद पद्धति के बारे में लोगों को मुख्य रूप से बताना था एवं आयुर्वेद पद्धति का इलाज सबसे सर्वोत्तम होता है इसकी जानकारी दी गई, उन्होंने मरीजों को खान पान, साफ सफाई एवं दिनचर्या



के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दिया। संजय कुमार ने बताया कि आयुर्वेदिक दवा से काफी जल्दी लाभ होता है जबकि इससे शरीर में कोई नुकसान भी नहीं होता है, उन्होंने लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज कराने पर जोर दिया एवं आयुर्वेदिक दवा औषधि लेने की बात कही। डा दिनेश कर्म योगी ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से मरीजों को तुरंत लाभ मिलता है, शिविर में आये जिन मरीजों को दवा दी गई दवा के सेवन के बाद तत्काल राहत मिला है। शिविर में महराजगंज, बेलौदर, अंबा, कोसडीहरा, खैरा सहित कई गांव के काफी संख्या में महिला पुरुष मरीज जांच के लिए आये थे।

## परीक्षा मूल्यांकन कॉपी कार्य संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित सीआरसी केंद्र भंडार के स्तरोनत उच्च विद्यालय मे संकुल स्तरीय एसएआई परीक्षा का कॉफी मूल्यांकन कार्य समाप्त हो गई। यह काफी मूल्यांकन कार्य में 14 शिक्षक लगे हुए थे। संकुल कॉपी मूल्यांकन का कार्य 3/1/2024 से शुरुआत की गई थी, यह मूल्यांकन कार्य शिक्षा सचिव के निर्देशन अनुसार हर सीआरसी केंद्र पर किया जा रहा था। वही मूल्यांकन कार्य की देखरेख संकुल साधन सेवी संजय कुमार दुबे की निगरानी में संपन्न कराई गई,



मौके पर उपस्थित शिक्षक मंजू प्रसाद, शिवकुमार मिश्र, अरुण तिवारी, प्रभाकर पांडे, मनोरमा शुक्ला, राम प्रसाद मिश्रा, सरयू प्रसाद गुप्ता, विजय कुमार यादव, सत्यदेव प्रसाद गुप्ता, संदीप कुमार चौधरी, वीणा जायसवाल, सतीश कुमार मिश्रा, मनोरमा शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## विश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर के रेड रोज पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में हरिद्वार देव संस्कृति विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षकों द्वारा स्कूली बच्चों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा योगाभास भी कराया गया.इससे पहले स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि योगभास से मन स्वच्छ और तन स्वस्थ रहता है। मौके पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रशिक्षक हर्षित जोशी। निमिषा शर्मा, अंशिका देवरल, गायत्री परिवार के



योगेश कुमार रुद्र, आनंद कुमारए रूद्र नारायण मोनू कुमार, मेघा कुमारी, सरिता कुमारी, संध्या कुमारी, अदिति कुमारी, पल्लवी कुमारी, अनिकेत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 26000 किलोमीटर की दूरी तय कर श्री रामरथ झांकी का रांची में हुआ स्वागत

**रांची।** लगभग 26000 किलोमीटर की दूरी तय करने के निमित्त बीकानेर शहर से रवाना श्री रामरथ झांकी का रांची शहर में आगमन हुआ । यह रथ देश के विभिन्न हिस्सों से होते हुए अयोध्या धाम में होने वाले आगामी 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई है । श्री रामरथ रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर से से प्रारंभ होकर रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर भ्रमण के तहत रांची के चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा पंडाल स्थल के समीप होने वाले भव्य महोत्सव स्थल पर पहुंच चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस श्री राम रथ का स्वागत किया गया। इस रथ के साथ नगर भ्रमण में रांची शहर के धार्मिक और सामाजिक संस्था के अग्रणी लोगों ने भी हिस्सा लिया। श्री रामरथ में अमृत कलश भी स्थापित है एवं इस रथ नगर भ्रमण के माध्यम से अयोध्या धाम में होने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन को काफी भव्यता और धार्मिक अनुष्ठान के रूप में मनाने को लेकर शहर वासियों से आग्रह किया गया।

### बरियातू में असामाजिक तत्वों ने भगवान की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, लोगों ने किया सड़क जाम

**रांची:** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने स्थित राम जानकी मंदिर में असामाजिक तत्वों ने भगवान की चार प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया है। घटना की जानकारी सोमवार सुबह हुई, जब मंदिर पुजारी रामदेव पांडे पूजा करने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी आसपास के लोगों और पुलिस को दी।

# टीआरएल का छात्र होना मेरे लिए सौभाग्य की बात : ट्रैफिक डीएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उराँव ने रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में आगामी 11 फरवरी को आयोजित होने वाली पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन के आनलाईन पंजीयन पोर्टल का विधिवत् उद्घाटन किया और अपना पंजीयन आनलाईन कराया और फीस भी जमा किया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीएसपी जीतवाहन उराँव ने विभाग के 43 वर्ष होने पर इस सम्मेलन के आयोजन पर विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि टीआरएल का छात्र होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। टीआरएल संकाय के छात्रों को मोटिवेट करते हुए उन्होंने कहा कि मैं मेहनत पर विश्वास करता हूँ। परिश्रम और मेहनत के बल पर हम किसी भी मुकाम पर पहुँच सकते हैं। उन्होंने



कहा कि अपने कोन्फ़िडिंस लेबल को मजबूत करना चाहिए। हम अपने को परिवर्तन कर हम कुछ भी हासिल कर सकते हैं। राज्य के सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में यहाँ की जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा को स्थान देना टीआरएल विभाग के लिए एक बहुत ही बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए लगन होनी चाहिए, तामझाम और दिखावा नहीं होना चाहिए। आप अपने अन्दर के विचार को मजबूत करें। हमेशा मेरा प्रयास रहा है कि कैसे यहाँ की भाषाएँ विकसित व संरक्षित हो।टीआरएल संकाय के समन्वयक ने स्वागत करते हुए कहा कि आज हमारे विभाग के छात्र छात्राएँ राज्य व देश के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं जो सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। आधुनिक युग में जहाँ आज तक सही से उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। हमें हमारे ऐसे क्षेत्रों के जुझारू व सफल छात्रों पर गर्व है कि हम उनके गुरु हैं। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन में विभाग के ऐसे ही सफल छात्रों से हमें रूबरू होने का मौका मिलेगा।इस मौके पर टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ हरि उरांव, डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ सविता केशरी, डॉ गीता कुमारी सिंह, मनय मुंडा, डॉ रामकिशोर भगत, बंधु भगत, तारकेश्वर मुंडा, प्रेम मुर्मू, राजकुमार बास्के, डॉ किशोर सुरीन, करम सिंह मुंडा, डॉ बंदे खलखो, डॉ अर्चना कुमारी, डॉ सरस्वती गागराई, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, डॉ रिझु नायक, जयप्रकाश उरांव, युवराज साहु, श्रीकांत गोप, संदीप कुमार महतो, सुखराम उराँव, सरिता, जगदीश, अजय, श्यामसुंदर, बब्लू, विष्णु पदा महतो, रवि कुमार, प्रवीण कुमार के अलावा संकाय के कर्मचारी, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# सिटी एसपी राजकुमार ने अपने वेतन से मूर्ति स्थापित कराने का दिया आश्वासन, तब लोग हुए शांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल पर स्थापित मूर्ति क्षतिग्रस्त करने की सूचना पर लोग आक्रोशित हो गए और सड़क पर उतर आये। दो घंटे से अधिक समय तक बरियातू रोड पर वाहने नहीं चली आम जन,मरीज सभी परेशान रहे। हालांकि पुलिस प्रशासन ,समय पर पहुंच कर यातायात व्यवस्था को भी संभाला और आक्रोशित लोगों को भी समझा बुझाकर मामला शांत कराने में सफल रहे। खास कर रांची नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने धार्मिक स्थल में क्षतिग्रस्त हुए मूर्ति का निर्माण स्वयं के वेतन के पैसे से स्थापित कराने का अश्वासन दिया तब जाकर आक्रोशित लोग शांत हुए। इस मौके पर एसडीएम उत्कर्ष कुमार, डीएसपी ,सदर थाना, बरियातू थाना सभी पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाल रखा था।

**क्या कहा संजय सेठ:** मामला तूल पकड़ता देखा मौके पर जब सांसद संजय सेठ पहुंचे तो उन्होंने ने कहा कि बरियातू में मंदिर है यहां श्रीराम,



सीता, हनुमान की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना पर आये हैं । रांची के सिटी एसपी ने बखूबी जिम्मेदारी लेते हुए एक प्रतिमा स्थापित कराए जाने का जिम्मा लिया। रांची और कांके विधायक भी अपने अपने स्तर से एक-एक प्रतिमा स्थापित कराने की बात की है। उनमें प्राण प्रतिष्ठा भी कराएंगे ताकि आपसी सौहार्द्र बना रहे।

संजय सेठ के नए आगे कहा कि जब अयोध्या में 500 सालों बाद एक बड़ा सपना पूरा होने जा रहा है और वहां 22 जनवरी को श्रीराम का भव्य मंदिर तैयार होना है, ऐसे में बरियातू में जो हरकत की गयी है, वह देशद्रोही का ही काम हो सकता है। सरकार और प्रशासन को चाहिये कि वह मंदिरों की लगातार सुरक्षा करें, सीसीटीवी और जांच के जरिये दोषियों की पहचान कर सबक सिखाया जाये। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि हर बार मंदिरों को ही यहां निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन की भूमिका शून्य साबित होती रही है। सबों को एक-दूसरे के धर्म, संप्रदाय का सम्मान करना चाहिये। सरकार को चाहिये कि जो भी लोग किसी दूसरे धर्म के आस्था से खिलवाड़ करते हैं, चोट पहुंचाते हैं, वोट बैंक की चिंता किए बगैर एक्शन ले। इस मौके पर कांके विधायक समरी लाल, डा प्रणव कुमार बब्बू, सहित कई नेता और भाजपा कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## छूटे हुए शहीद स्थलों को भी किया जाएगा सौंदर्यीकरण : मुशताक आलम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद टिकैत उमरांव सिंह एवं शहीद शेख भिखारी की 165वीं शहादत दिवस पर 08-01-2024 को झामुमो राँची जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में चुटुपालु स्थित शहीद स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी पार्टी की सरकार हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार शहीदों के प्रति कितनी संवेदनशील है। यह शहीद स्थल का सौन्दर्यिकरण माननीय पर्यटन मंत्री श्री हफिजुल हसन अन्सारी के द्वारा किया गया। आज बहुत ही सुखद अनुभूति हो रही है। पूरे झारखण्ड में कोई भी शहीद उपेक्षित नहीं है। छूटे हुए शहीद स्थलों को भी किया जाएगा सौंदर्यीकरण। हेमंत सोरेन जी की सरकार में शहीद और उनके परिवार के प्रति काफी संवेदनशील है क्योंकि आज हम सभी आजाद भारत और आजाद झारखण्ड के सपनों को इन्हीं शहीदों के बूते साकार कर पाए हैं। मौके पर केंद्रीय सदस्य सुशीला एक्का, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक कलाम आजाद, संयुक्त सचिव विजय आनंद नायक, अल्पसंख्यक मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष कुदुस अन्सारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव साजिद कौसर, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष परवेज़ आलम गुड्डू , अमरजीत सिंह, आफताब आलम, राजेश सिंह, बीरबल प्रजापति के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे ।

# द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष कोषाध्यक्ष को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन और कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह को मोरहाबादी मैदान स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम के कार्यालय पहुंचने पर झारखंड हॉकी के अध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि द रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन और कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे थे और हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह से मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी । सुरेन्द्र




प्रेस क्लब के अध्यक्ष और कुबेर सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद पहली बार हॉकी झारखंड कार्यालय पहुंचे थे। भोला नाथ सिंह ने उन्हें हॉकी इण्डिया का मोमेंटो और हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# मकान में मृत पाई गई युवती, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के एक मकान से एक युवती का शव उसके कमरे से मिला। मृतका की पहचान श्रुति श्रीवास्तव के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पलामू के चैनपुर की रहनेवाली थी। यहां वह सुखदेव नगर के इंद्रपुरी मोहल्ला स्थित रोड नंबर-12 में किराये पर रहती थी। मकान मालिक का नाम नारायण प्रसाद है। मिली जानकारी के मुताबिक जब बहुत देर तक श्रुति अपने कमरे से बाहर नहीं आई तो घर मालिक को कुछ शक हुआ। इसके बाद बहुत देर तक उसका दरवाजा पीटा गया, पर किसी ने दरवाजा नहीं खोला। फिर खिडकी से झांका तो श्रुति अचेत



पडी दिखी। खबर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड अंदर घुसी। श्रुति मृत पडी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के घरवालों को भी खबर दे दी गई गई। श्रुति की मौत कैसे हुई खबर लिखे जाने तक इसका खुलासा नहीं हो पाया था। पुलिस जांच में जुटी है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी है।

# जमाअत ए इस्लामी रांची ने दिव्यांगों के बीच किया कंबल वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जमअत ए इस्लामी हिंद रांची ने बरियातू स्थित चेशायर होम में 60 दिव्यांगों को ठंड से राहत देने के लिए कंबल का वितरण किया। रांची में बढ़ते ठंड को देखते हुवे जमाअत ए इस्लामी रांची ने फैसला किया के मांगने वालों की हर कोई मदद करता है।

पर हमारे समाज में ऐसे भी लोग हैं जो मांग नहीं सकते ऐसे लोगों को ढूंढ कर मदद दी जाए। इस से पहले जमाअत ए इस्लामी रांची ने इन विकलांगों को अपने हाथ से भोजन



कराया था। इस अवसर से जमाअत इस्लामी के राज्य स्तरीय सचिव मुजाहिदुल इस्लाम ने कहा कि इन विकलांगों के समीप पहुंच कर ये अहसास होता है के ईश्वर ने हमें सारी चीजों से परिपूर्ण किया और हम अपने ईश्वर का गुणगान नही करते ये हमारा दुर्भाग्य है। हमे चाहिए के अपने ईश्वर का धन्यवाद करें और उसकी प्रार्थना करें। अमीर मुकामी मतलूब अहमद ने कहा के इन कि मदद कर दिल को सकून मिलता है।

इस पुण्य कार्य में सोहैल अख्तर, मोहम्मद शाहजहां और जियाउल इस्लाम ने सहयोग किया।

## 8 प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने का डीसी ने किया अनुरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एटीएस थाना काण्ड संख्या 10/2023 के प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध धारा-16/17/20/21 यूएपी एक्ट के अंतर्गत अभियोजन स्वीकृति का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा प्रधान सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची को पत्र लिखा गया है, जिसमें पुलिस अधीक्षक, आतंकवाद निरोधी दस्ता, झारखण्ड रांची से प्राप्त प्रस्ताव की मूल प्रति संलग्न कर भेजते हुए अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

एटीएस थाना काण्ड संख्या 10/2023 20.07.2023 में 08 प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने का अनुरोध उपायुक्त द्वारा किया गया है, नाम निम्न हैं:- अमन श्रीवास्तव, पे0-स्व0 सुशील श्रीवास्तव, सा0-कुबा, थाना-हण्टरगंज, जिला-चतरा वर्तमान पता सा0-02 ए/002/एकमे इनकोर अपार्टमेंट, ब्रूकफील्ड नियर प्रेसटिंग आई0 टी0 पार्क बंगलोर। डी/307 आल्पाईन ईको अपार्टमेंट, महादेवपुरा, डोडन कुडी, बंगलोर (कर्नाटक)।

2. फिरोज खान, पिता हकीम खान, सा0 आजादनगर थाना खलारी, जिला राँची। जहीर अंसारी, पिता स्व0 मो0 इस्माईल अंसारी, सा0 मुस्लिम मुहल्ला महावीर नगर, थाना-खलारी, जिला- राँची। मो0 महमूद आलम उर्फ नेपाली, पे0 स्व0 मोहम्मद सिद्दिकी, ग्राम राय, थाना-खलारी, जिला- राँची। मिंकु खान उर्फ शहरियार, पे0- स्व0 हैदर अली खान, सा0 रोचाप, थाना पतरातु जिला रामगढ़ एजाज अंसारी, पे0 शाहिद अंसारी, सा0-जी0टाईप खलारी, थाना खलारी, जिला राँची। रवि सरदार उर्फ रविन्द्र सिंह सलुजा उर्फ राजा सरदार पे0 महेन्द्र सिंह सलुजा सा0 नयाबाजार कुज्जु, थाना कुज्जु, जिला रामगढ।

सुरेन्द्र कुमार, पे0 गोविन्द भुईया, सा0 सिमरा मोड, नियर पेट्रोल पम्प, माण्डुडीह, थाना माण्डु, जिला रामगढ़ शामिल है।

# संथाली हैंगर में लोगों की उमड़ी भीड़




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** खादी सरस महोत्सव के दूसर दिन द एस एच जी बैंकर्स का स्टॉल बी46 हैंगर संथाली में लोगों की भीड़ देखने को मिली यहां आप हर तरह के आनन्द उठा सकते हैं। यह हैंगर महिलाओं द्वारा चलाई जाने वाली एक होममेड बेकरी है। यहां लड्डू, केक, और चॉकलेट चूल्हे पर बनाया जाता है। यहां पर विभिन्न प्रकार के लड्डू जैसे रागी, मडुआ, बाजरा, और गोंद के लड्डू उपलब्ध हैं, जो बिल्कुल घरेलू तरीके से बनते हैं। इनमें कोई अशुद्धियां नहीं हैं, और ये स्वाद और स्वस्थ दोनों के लिए उत्तम हैं। इन अद्भुत वस्तुओं को 150 से 200 के बीच में आपको प्राप्त हो सकती हैं। इनका कार्यस्थल मड़वा और नगरी में स्थित है, जहां आप इनमें से एक भी छोड़ना नहीं चाहेंगे। सरायकेला के मां सरस्वती आजीविका महिला समूह ने खादी मेला में धूमधाम से प्रतिभाग लिया है। पिछले 11 वर्षों से इस मेले में सम्मिलित होते हुए, इस बार उन्होंने हैंगर पाडिया स्टॉल बी 68 पर हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया है। बांस से बनी हस्तनिर्मित वस्तुओं का विविध संग्रह इस स्टॉल में उपलब्ध है। लैंटर्न, फ्रूट बास्केट, मग, कप और अन्य चीजें 50 रुपया से 30000 रुपया तक की कीमतों में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों में सबसे लोकप्रिय लेंटर्न और फ्रूट बास्केट हैं, जो हस्तनिर्मित और उम्दा डिज़ाइन के साथ आते हैं। यह समृद्धि और कौशल से भरपूर महिला समूह ने अपने कला को लोगों के सामने प्रस्तुत किया है।

## झारखंड विस सचिवालय के कर्मी उमा प्रसाद के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय के कर्मी उमा प्रसाद का असामयिक निधन होने के कारण सोमवार को अपराह्न 2 बजे सभा सचिवालय में शोक सभा का आयोजन किया गया । स्वर्गीय उमा प्रसाद का निधन 06-01-2024 को हुआ,वे विधानसभा सचिवालय में अनुसेवक पद पर कार्यरत थे । झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव जावेद हैदर ने शोक सभा में उनके निधन पर शोक संदेश पढ़े एवं उपस्थित अधिकारियों /कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की।

# रांची : हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता ने बताया कि पुनि सह थाना प्रभारी, लोअरबाजार थाना, रांची को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि एक लड़का जो ब्लू रंग का जैकेट एवं ब्लू जिस पहना हुआ है, वह ब्लू रंग का एक्टीवा स्कुटी रजि0 न0-जेएच01ईटी-7907 पर सवार है, जो लोअरबाजार थानान्तर्गत नगर निगम पानी टंकी के बगल से जाने वाले रास्ते में अवैध हथियार लेकर घुम रहा है तुरंत कार्रवाई करने पर रंगे हाथ पकड़ा जा सकता है। इस आशय की सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक, नगर महोदय, रांची निर्देशन में छापामारी



टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम जैसे ही नगर निगम पानी टंकी के पास पहुंची तो एक्टीवा स्कुटी रजि0 नं0-जेएच01ईटी-7907 पर सवार लड़का पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे टीम में शमिल पदाधिकारी द्वारा बल के सहयोग से खदेड कर पकड़ा गया। पकड़े गये लड़के ने पूछताछ के क्रम में अपना नाम आसीफ अंसारी, उम्र करीब 26 वर्ष, पता-हाथिखाना, थाना-डोरण्डा जिला रांची बताया। छापामारी टीम के पदाधिकारी पुअनि शशि शेखर पाण्डेय द्वारा पकड़ाये लड़के की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पकड़ाये लड़के आसिफ अंसारी के जैकेट के अन्दर छिपाकर रखा एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतुस जिसके पेंदे पर 8एम एम के.एफ बरामद हुआ, जिसे घटनास्थल से ही विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

**छापामारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी:** पुनि सह थाना प्रभारी लोअर बाजार थाना, रांची दयानंद,पुअनि शशि शेखर पाण्डेय, लोअरबाजार थाना, रांची। पुअनि प्रवीण कुमार तिवारी, लोअर बाजार थाना, रांची। सअनि श्यामजी शर्मा, लोअर बाजार थाना शामिल थे।

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने विनय चौबे से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।**चंद्रदीप कुमार प्रदेश अध्यक्ष पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने जानकारी दी कि वे सभी लोग 8 जनवरी को राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के आवाहन पर अपने पाच सूत्री मांगों को लेकर राज्य के 18000 हजार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्य राज भवन के पास 180 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे थे। परंतु 28 दिसंबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे से संघ के 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई थी और उनके द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 8 जनवरी को मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे से वार्ता कराया जाएगा। इसी के तहत सोमवार को संघ के 18 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल कांके रोड में मुख्यमंत्री सचिवालय जा कर मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे से वार्ता हुई। वार्ता में मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे के द्वारा कहा गया कि आपके सभी मांगों पर मुख्यमंत्री से वार्ता कर ठोस पहल किया जाएगा। अभी फिलहाल आप



सभी कार्य पर लौट जाए । आप लोग पंचायत स्तर पर जो भी कार्य पहले से कर रहे थे सभी कार्य को करने के लिए चिट्ठी निकलवा दे रहे हैं । सभी विभागो का अभी आप लोग धरना प्रदर्शन ना करें थोड़ा सा समय दें बहुत जल्द सरकार के द्वारा आप लोगों की मांगों पर ठोस पहल किया जाएगा और आपके प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से भी वार्ता करवाई जाएगी। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि अभी पंचायती राज निदेशक के द्वारा जो भी चिट्ठी निकाला गया है उन सभी में सिर्फ स्वयंसेवक को कार्य करने का चिट्ठी निकाला जाए पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक के लोगों को ही सीधा हेल्प डेस्क में लिया जाए अलग से कोई बहाली नहीं निकाला जाए। लेकिन 5 सूत्री मांगों पर सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद संघ की ओर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को 15 जानवरी तक स्थगित किया जाता है।

# रिम्स में नियम तोड़ने वाले छात्रों पर गिरी गाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स मेडिकल के हॉस्टल नम्बर वन में बीते गुरुवार के दिन स्टूडेंट के बीच हुए विवाद के बाद प्रबंधन ने कड़ा एक्शन लिया है। रिम्स ने अभिवाकों और स्टूडेंट के साथ बैठक आयोजित की. पूर्व में रिम्स ने 10 बच्चो को सस्पेंड करते हुए उन्हें परिजनों के साथ आने के आदेश दिए थे जिसके बाद एक बच्चे को छोड सभी अपने परिजनों के साथ हॉस्टल पहुंचे थे। बैठक के दौरान अभिवावकों ने रिम्स प्रबंधन से बच्चो की ओर से माफी भी मांगी और गलती नहीं दोहराने का आश्वासन भी दिया।इस बैठक के बाद रिम्स ने कई बड़े फैसले लिए हैं. रिम्स प्रबंधन ने सभी बच्चों के नाम को गोपनीय रखते हुए कहा कि बैठक में एक बच्चे को छोड सभी अपने परिजनों के साथ शामिल हुए थे जिसके बाद रिम्स ने 3 बच्चो को हॉस्टल से निलंबित कर दिया। रिम्स प्रबंधन ने कहा कि बच्चो के शैक्षणिक कार्रवाई पर कोई भी कडे कदम नही उठाए हैं पर 3 बच्चो को हॉस्टल से बाहर करते हुए 6 बच्चों पर करीबन 10 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।रिम्स प्रबंधन की मानें तो गुरुवार के दिन हॉस्टल के अंदर दो गुटों के बीच मारपीट हुई थी। मारपीट में कई विद्यार्थी घायल भी हुए थे, वहीं उपद्रवी विद्यार्थियों ने हॉस्टल के अंदर बेंच डेस्क सहित एंट्री रजिस्टर में भी आग लगा दी थी जिसके बाद सभी रजिस्टर जलकर राख हो गए थे।इसके बाद रिम्स में ये कदम उठाए गए हैं। रिम्स प्रबंधन की मानें तो रिम्स के अंदर शराब पहुंचाने वाले के नाम का खुलासा भी विद्यार्थियों ने इस मीटिंग के दौरान किया है। रिम्स के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ लक्ष्मण मांझी ने कहा कि शराब पहुंचाने के पुख्ता सबूत रिम्स प्रबंधन के पास नहीं है पर सूचना के बाद जब बच्चों से पूछा गया तो बच्चों ने बताया कि एक लड़का बाहर से रिम्स के अंदर शराब सप्लाई करता था।

# बाघवार अकादमी के बच्चों ने किया दशम जल प्रपात का अवलोकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** बाघवार अकादमी चान्हो के कक्षा 7 ,8 एवं 9 के बच्चों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा वन भोज सह शैक्षणिक यात्रा के लिए झारखंड के अनेक पर्यटन स्थलों में से एक दशम जलप्रपात ले जाया गया । सभी बच्चे विद्यालय के बस से गए। जाने से पूर्व विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य, अरुण बाघवार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक गण एवं स्टाफ के द्वारा सभी बच्चों को आवश्यक निर्देश दिया गया। 2 घंटे की अविराम यात्रा के पश्चात सभी बच्चे गंतव्य स्थल पर पहुंचे।वहां पहुंचकर सभी बच्चों को पंक्तिबद्ध कर इस दर्शनीय स्थल को देखने के लिए ले जाया गया। प्रकृति के गोद में बैठे इस अकल्पनीय, अतुलनीय ,मनोरम , एवं मनमोहक दृश्य को देखकर सबका मन मंत्र मुग्ध हो गया । 144 फीट की ऊंचाई से गिरते जल धारा को देखकर सभी बच्चे एवं शिक्षक गण आश्चर्यचकित थे। इस दौरान कुछ शिक्षकों एवं स्टाफ्स के द्वारा भोजन बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी रहा।भोजन बनने के पश्चात सभी बच्चों को पंक्तिबद्ध बैठाकर भोजन कराया गया।इसके पश्चात सभी बच्चों को बस में बैठाकर वापसी के लिए प्रस्थान किया गया।

## विधायक विकास मुंडा ने तमाड़ में मोबिलाइजेशन एवं रोजगार मेला का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड में प्रखण्ड स्तरीय मोबिलाइजेशन सह रोजगार मेला का आयोजन राजीव गांधी सभागर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास कुमार मुंडा ने विधिवत्त दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया मौके पर विधायक ने कहा कि प्रदेश की सरकार आम लोगों के बीच रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर कृत संकल्प है लगातार सरकार यह प्रयासरत है कि युवाओं को रोजगार मिले युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो उन्होंने तमाम विधानसभा क्षेत्र की युवाओं से भी अपील करते हुए कहा कि भटकाव के रास्ते में न जाए मेहनत करें हम सब आपके साथ हैं सरकार आपके साथ है। प्रखण्ड विकास



पदाधिकारी संतोष कुमार प्रजापति, अंचलाधिकारी अतुल भगत, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, प्रमुख महोदय,उपप्रमुख शकुंतला खंडित, जिला प्रबंधक जॉब एंड स्किल शिव रमन, रामेश्वर वर्मा, बी पी एम रामकृष्णा महतो, शशि भूषण महतो, रानी प्रवीण, सरिता, सालू,पार्वती, पंचमी, भरत उरांव, दस अलग-अलग कंपनी के पी आई ए और सैकड़ों अभयर्थी और अभिभावक उपस्थित हुए।

# अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच कर सेवा करना ही लक्ष्य है : सिंगराय टूटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खूंटी जिला अंतर्गत सोमवार को अड़की प्रखंड के सिंदरी चौक में पूर्व अभियंता प्रमुख सिंगराय टूटी ने जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध बुद्धिजीवी लोगों के साथ बैठक रखी । इस बैठक में सिंदरी, सोसोकुटी ,नौढ़ी, एवं पुरनानगर पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे । प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से बातचीत कर श्री टूटी समस्याओं से रूबरू होने का प्रयास कर रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद क्षेत्र के लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं को समझने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में समस्याओं चिन्हित कर उसे



निदान करने का प्रयास करने का मेरा प्रयास है । ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण बहुत सारे समस्या का सामना हमने किया है और इस क्षेत्र में विकास अभी होना बाकी है । पत्रकारों से बातचीत की क्रम में उन्होंने बताया कि समस्याओं को लेकर लगातार दौरा करना पड़ेगा जब तक प्रखंड क्षेत्र की अंतिम गांव तक पहुंच कर जनसमस्या से नहीं जानेंगे तब तक उनकी जरूरत को पूरी नहीं कर सकते हैं सरकारी सेवा के दौरान सरकार द्वारा दिया गया निर्देशों का पालन करना पड़ता था लेकिन सेवा निवृत होने के बाद लोगों के बीच रहकर उनका सेवा करना चाहता हूँ। बैठक में मुख्य रूप से सत्यनारायण स्वांसी, फिलिप् सोय, ग्राम प्रधान पांडू सिंह मुंडा ,जय गोविंद पुराण ,गौरांग सिंह मुंडा , अजम्बर सिंह मुंडा,काशीनाथ सिंह मुंडा, पांडा पहान ,गुरुपद मुंडा,शिवधर, सिंह मुंडा दीपक साहु, दिनेश साहु प्रमोद साहु भुषण पाण्डेय और प्रबुद्धजन एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# तमाड़ प्रखंड मुख्यालय में सीपीएम ने किया धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार के समीप भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की लोकल कमिटी ने डीलिस्टिंग व लूट की राजनीति के विरुद्ध एवं जन्म मुद्दों से जुड़ी हुई कई मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया, जिसमें क्षेत्र के किसान मजदूर से जुड़े हुए मुद्दे छाए रहे तमाड़ विधानसभा प्रभारी सह राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मंडा के अगुवाई में प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार ,घूसखोरी, लालफीताशाही पर वक्ताओं ने जमकर हमला बोला। इस दौरान पंचायत स्तर पर धन क्रय केंद्र खोलना और मनरेगा के तहत



मजदूरों को 200 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करने की मांग रखी गई।मौके पर सुरेश मुंडा ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार की नीतियों की नीतियां जन विरोधी है आम जनों की तकलीफ है सुनने वाला कोई नहीं है आमजन परेशान हैं हताश हैं निराश हैं आखिर वे करें तो क्या करें। जहां एक तमाड़ प्रखंड के गई गांव जंगली हाथियों के उत्पात से प्रभावित हैं वहीं प्रखंड में छोटी-छोटी चीजों को लेकर चाहे वो वृद्धा पेंशन हो ,विधवा पेंशन हो,लाल कार्ड पीला कार्ड से संबंधित समस्या हो ,मनरेगा मजदूरी भुगतान की बात हो तमाम चीजों को लेकर घूसखोरी चरम सीमा पर है इसके विरुद्ध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी हमेशा आंदोलन करती रही है और करती रहेगी हम आज इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से चेतावनी देते हैं कि अगर प्रखंड के पदाधिकारी और कर्मचारी इस पर सुधार नहीं करते हैं तमाड़ प्रखंड में एक बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा और किसान मजदूर भाई की एकता का एहसास कराया जाएगा।धरना प्रदर्शन में जनता से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ और सीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया।मौके पर जिला सचिव सुखनाथ लोहरा,जहरूलाल मुंडा, यदुगोपाल सिंह मुंडा, शिवेश्वर महतो, घासीराम स्वांशी,भुषण महतो आदि उपस्थित थे।

# मांडर युवा कांग्रेस के तत्वावधान में वीर शहिद शेख़ भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह की शहादत दिवस मनायी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** सोमवार को मांडर ब्लाक के फोरेस्ट मैदान में रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शहिद शेख़ भिखारी और टिकैट उमराव सिंह की शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व कांग्रेस अल्पसंख्यक रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शेख भिखारी और टिकैट उमराव सिंह के द्वारा किए गए कार्यों को हमसब को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।



उन्होंने ने कहा की अपने आने वाले पीड़ीयों को शेख भिखारी और टिकैट उमराव सिंह की जीवनी बतानी चाहिए। सभी अतिथियों ने शेख़ भिखारी और टिकैट उमराव सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और युवा नेता अमित खलखो की और से गरीब बुजुर्गों के बीच कंबल का बितरण किया गया। मौके पर सैंकड़ों युवाओं व महिलाओं ने युवा कांग्रेस का दामन थामा जिन्हें अतिथियों के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## 25 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया गया नष्ट

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26वीं वाहिनी एस. एस. बी. के कमान्डेंट एस. डी. शेरखाने के दिशा निर्देश पर सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के पहल को सार्थक करते हुए , आसूचना विभाग से मिली जानकारी के अनुसार , एस. एस. बी. एफ कम्पनी



हूंट और अमित कुमार ( डी.एस.पी.) खूंटी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें थाना- खूंटी के अंतर्गत गाँव शेनेगुट्टू में 25 एकड (लगभग) अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया ह्न इस मौके पर एफ कम्पनी हूंट के प्रभारी इंस्पेक्टर कपिल नागर, सहायक उप निरीक्षक -अजित कुमार सिंघा, मुख्य आरक्षी- घनशयाम वर्मा सा.आ-चन्दन कुमार एवं 17 अन्य और खूंटी थाना के प्रभारी उपनिरीक्षक-रवि सोनी और थाना प्रभारी मरागादा -अजय भगत के साथ अन्य पुलिस बल भी मौजूद रहे ।

## पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने बैठक कर बीडियो का सौपा ज्ञापन

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड सभागार में सोमवार को पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अलताफ अहमद ने किया। इस दौरान सभी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने अपनी बातों को रखते हुए



प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष अलताफ अहमद ने कहा कि झारखण्ड सरकार पंचायती राज विभाग से ग्राम सभा मोबिलाइजर, हेल्प डेस्क मैनेजर, पंचायत फैसिलेटर पद का नियुक्ति निकाला हैं। हमने अपनी बातों को बीडीओ साहब के पास रख दिया है और कहा कि इस नियुक्ति में प्रत्येक पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को ही नियुक्ति किया जाय। हम सभी स्वयंसेवकों ने 2016 से लगातार पंचायत में विकास योजना में योगदान देते आ रहे हैं। चूंकि इस नियुक्ति प्रक्रिया में पंचायत सचिव की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इस लिए आप अपने स्तर पर पंचायत सचिव से तालमेल स्थापित कर स्वंय सेवकों को ही इन तीनो ही पदों पर चयन किया जाय। हम सभी का बातों को सुनते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने कहा कि आप सभी स्वयं सेवक पंचायत में विकास योजनाओं में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाते है और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम भी करते है इस लिए ये हक आप लोगों को ही मिलना चाहिए। मौके पर सचिव अमन कुमार, उपाध्यक्ष अमित खलखो, हसीब अंसारी, विजय शाही, अजरुद्दीन अंसारी, शमशेर अंसारी, बिशु उरांव, राजेश उरांव, नसीमा खातून, प्रतिभा कुमारी सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर घर जाकर निमत्रंण पत्र व अक्षत दिया गया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार की शाम विश्व हिंदू परिषद सदस्यों द्वारा अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर छोटा मुरी में घर घर जाकर निमंत्रण पत्र और अक्षत दिया गया। साथ ही इस शुभ दिन अपने अपने घरों में संध्या को दीप जला कर घरों को दीपक



से जगमग करने का आग्रह भी किया। इसके अलावे 22 जनवरी की शाम माँ वैष्णवी दुर्गा मन्दिर में होने वाले भजन कृतन में शामिल होने का नेवता भी दिया। अयोध्या का निमंत्रण पाकर रिटायरमेंट् कॉलोनी वासी उत्साहित होकर जय श्री राम के खूब नारे लगाए।

# पड़हा जतरा का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):**नामकुम प्रखण्ड के लाली पंचायत मे खुखरा पड़हा जतरा समिति लाली गढ़ाटोली में आयोजक समिति का सफल संचालन जयपाल होरो, पड़हा समिति अध्यक्ष श्री चूमना पहान जी के अगुवाई में झारखण्डी संस्कृति,परंपरा गत तौर पर नाच गान,फूलमाला एवं अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत एवं सम्मानित कीया गया। राँची जिला वरिय उपाध्यक्ष श्री प्रकाश लकड़ा ने



अपने संबोधन में पड़हा जतरा के संदर्भ में कहा कि पड़हा व्यवस्था एक ऐसी व्यवस्था है,जिसे समाज में शक्ति पूर्वक लागू करना चाहिए। ये पड़हा व्यवस्था हमें अपना हक अधिकारआदिवासियत पहचान तथा रख रखाव एवं भाषा संस्कृति का सुरक्षा कवच सावित होता है।इस व्यवस्था से हम छोटी से छोटी या बड़ी मामलों को भी गाँव समाज में हीं बैठक कर सुलझा सकतें हैं,मुख्य रूप से आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, आजसू पार्टी राँची जिला महिला मोर्चा की अध्यक्षा श्रीमती वीणा कुमारी,महिलौंग पंचायत प्रभरी अमृत लाल महतो,सोहन महतो,दिलीप महतो, रंजित महतो इत्यादि। वहीं हो रहे फूटबॉल प्रतियोगिता,मुर्गा लडाई एवं झारखण्डी सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्त उठाया सभी अतिथि एवं ग्रामीण।

## साइंस ओलिंपियाड फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित इंग्लिश ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल मूरी के बच्चो का उम्दा प्रदर्शन

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साइंस ओलिंपियाड फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित इंग्लिश ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल, मूरी के 10 बच्चो ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जिसमे कक्षा प्रथम से आनन्द मार्ग तिर्की, कक्षा 9 वी से पुनम महतो, शालु महतो, अकिता रक्षित, हर्षिता पाल, सुभद्रा कुमारी, अस्नेहा दत्ता, अकिता डे एवम् कंगना कश्यप शामिल है। इन सभी बच्चो ने स्वर्ण




पदक लाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रांगण में आज सभी विजेता बच्चो को स्वर्ण पदक एवम् प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के परीक्षा छात्र छात्राओ के स्वर्णिम विकास में सहायक होते हैं। उन्हें खुद को बेहतर साबित करने का मौका भी मिलता है। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सी एल प्रजापति ने बच्चो को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए तथा कहे की जितना अधिक आप प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेंगे, उतनी ही अधिक आप अपने छिपी प्रतिभा को निखारेंगे और आपको अधिक सफलता मिलेगी । मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए श्वेता भेगरा, मनीषा सिंह, वि. वेंकट राव, किशोर कुमार, अजय चिक बराई , सुशील कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## किसानों के टीम ने टपक सिंचाई परियोजना का भ्रमण कर अवलोकन किया

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जरिया गांव के लकड़फड़ा स्थित अरविंद महतो के 12 एकड़ में टपक सिंचाई से की जा रही खेती का सोमवार को भ्रमण मांडर प्रखंड के 30 किसानों किया। किसानो टीम प्रखंड बीटीएम गोपाल महतो के नेतृत्व में अवलोकन किया। वहीं किसान अरबिंद के द्वारा 20 फिट लंबेङ्खचौड़े और 10 फिट गहरा डोभा से की जा रही 12 एकड़ में लगी फसल कम पानी में टपक



सिंचाई से किये गये खेती देख गदगद हो गए। खेत में लगी मटर,बैगन,कद्दू का फसल लगभग 5 एकड़ में लगा गये हैं। तीन से चार एकड़ में तरबूज का फसल लगाना शुरू किए हैं। प्रगतिशील युवा किसान अरविंद कुमार महतो ने कहा कि टपक सिंचाई विधि से कम पानी से खेती कर पा रहा हूं। बीटीएम गोपाल महतो के साथ किसान गंदूरा उरांव, बिनोद उरांव,चरवा उरांव के सहित 30 किसानों ने टपक सिंचाई विधि का अवलोकन किया।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

अल्पकालीन निविदा /कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–65/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 24.01.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 25.01.2024 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.01.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू॰) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू॰) | अग्रधन की राशि (रू॰) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Morgue, PCC in front area and fixing of concertina coil with angle on its boundary wall at RIMS, Ranchi | 24,57000.00 | 5000.00 | 50000.00 | 45 Days |

नोट :निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 315447 (Building) 23-24 (D)



कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़।

New Collectorate Building Ground Floor, Block-c, Chhatarmandu, Ramgarh. Pin-825101.
Phone No. – 06553-291183 G-Mail = dahoahyram@gmail.com

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान राशि जमा करने हेतु अपील

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–10 रा0 (वि0) दिनांक–14.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना/कार्यक्रमों के लिए रामगढ़ जिला के पात्र लाभुको का चयन जिला स्तरीय समिति से किया गया है। निर्देशानुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु लाभुकों का **Escrow/Dedicated Bank Account** खोला जाना है। आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वारा कार्यक्रम में पंचायतवार बैंक प्रतिनिधि के द्वारा खाता खोला जा रहा था। माह दिसम्बर 2023 तक लक्ष्य का 30 प्रतिशत खाता खुला है तथा लक्ष्य का 03 प्रतिशत लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान किया गया है एवं वित्तीय लक्ष्य का 05 प्रतिशत DBT हुआ है।

लक्ष्य के अनुरुप शेष लाभुकों का एक सप्ताह के अन्दर खाता खोलने का निर्देश है। इस कार्य के लिए बैंक प्रतिनिधि एवं प्रखण्ड स्तरीय पशुचिकित्सा पदाधिकारी लाभुक के ग्राम स्तर पर खाता खोलने हेतु पहल कर रहें हैं।

वर्ष 2023–24 में वैसे लाभुकों के खाते में सरकारी अनुदान की राशि **DBT** की जाएगी जो पहले अपने **Escrow/Dedicated Bank Account** में अपना लाभुक अंशदान जमा करेंगे।

सभी चयनित लाभुकों से अपील है कि **Escrow/Dedicated Bank Account** में अपना लाभुक अंशदान यथाशीघ्र जमा कर जमा–पर्ची/साक्ष्य, जिला पशुपालन कार्यालय में जमा करेंगे ताकि उनके खाते में सरकारी अनुदान की राशि **DBT** की जा सके। चयनित लाभुकों की सूची सभी प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास उपलब्ध है। ससमय लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान पहले नहीं जमा किया जाता है तो सरकारी अनुदान की राशि का DBT सम्भव नहीं है। ऐसी परिस्थिति में प्राप्त आवंटन की राशि का व्ययगत (Lapse) होने की सम्भावना है। यह भी ज्ञातव्य है कि 01 मार्च से अन्यथा कोई आदेश न हो तो प्राप्त आवंटन का 15 प्रतिशत ही, राशि की निकासी, कोषागार से अनुमान्य है।

राज्यादेश के आलोक में, योजना के अनुसार एवं लाभुक वर्ग के अनुसार लाभुक अंशदान का ब्यौरा निम्न प्रकार है।

| क्रसं | कार्यक्रम/योजना का नाम | योजना लागत | सरकारी अनुदान की राशि/प्रतिशत | लाभुक अंशदान की राशि | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना (4+1) | 24800/– | 75% अधिकतम 18600/– | 6200 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 22320/– | 2480 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800/– | 75% अधिकतम 43350/– | 14450 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 52020/– | 5780 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| 3 | बैक्यार्ड लेयर (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना (400) | 118200/– | 75% अधिकतम 88650/– | 29550 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 106380/– | 11820 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500) | 67500/– | 75% अधिकतम 50625/–रू0 | 16875 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 60750/–रू0 | 6750 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| 5 | बत्तख चुजा वितरण की योजना (15) | 1700/– | 75% अधिकतम 1275/–रू0 | 425 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 1530/–रू0 | 170 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |

नोट :– उपरोक्त योजनाओं में सूचना एवं सहयोग और अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला पशुपालन कार्यालय, रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
ह०/–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 315427 Animal Husbandry(23-24)D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में 13-14 जनवरी को होने वाले अधिवेशन को लेकर हुई बैठक



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन का दो दिवसीय ग्यारहवा प्रांतीय अधिवेशन मंथन आगामी 13-14 जनवरी 2024 (शनिवार व रविवार) को तुलसी भवन बिष्टुपुर में होगा। इसमें रांची से संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल और राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल भी शामिल रहेगी। इसको लेकर मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा अध्यक्ष बीना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को बिष्टुपुर तुलसी भवन में एक बैठक संपन्न हुई। प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल ने बताया कि अब तक इस अधिवेशन में झारखंड के सभी जिलों से 250 महिलाओं के शामिल होने की स्वीकृति मिल गयी हैं। सभी महिलाओं के ठहरने की व्यवस्था तुलसी भवन, राजस्थान भवन एवं सत्यनारायण मंदिर बिष्टुपुर में की गई है। इसी अधिवेशन में हमारी नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सत्र 2024-26 के लिए मंजू बगड़िया (करकेंद, धनबाद) को पदभार दिया जाएगा। साथ ही आगामी सत्र (2026-28) के लिए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। साथ ही अनेक सत्र के दौरान कई विषय पर चर्चा की जाएगी।

## करीम सिटी कॉलेज एनएसएस में विदाई सह अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस द्वारा अपने वरिष्ठ स्वयंसेवकों के लिए विदाई सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाय। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कोल्हान विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ दारा सिंह गुप्ता, कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉक्टर मोहम्मद रियाज,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, वाणिज्य विभाग के प्रमुख डॉ. नज़री एवं एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज़ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करते हुए नृत्य प्रदर्शन फ्लैश मोब प्रस्तुत किया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ दारा सिंह गुप्ता ने सभी स्वयंसेवकों के सराहनीय कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की एवं पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया। अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस को मिला स्वास्थ्य बीमा कंपनी का लाइसेंस

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नारायणा हृदयालय लिमिटेड (नारायणा हेल्थ) की सब्सीडरी कंपनी - नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड (नारायणा हेल्थ) को स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के रूप में काम करने का लाइसेंस मिला है। यह लाइसेंस इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (आई.आर.डी.ए.आई) द्वारा प्राप्त हुआ है। इस संबंध में नारायणा हृदयालय के फाउंडर एंड चेयरमैन एवं नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस के चेयरमैन डॉ. देवी शेट्टी ने कहा कि यह हमारी कंपनी के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है और इससे हमें स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए सुलभ बनाने के अपने मिशन को हासिल करने में मदद मिलेगी। हम आई.आर.डी.ए.आई के अध्यक्ष देबाशीष पांडा और पूरी आई.आर.डी.ए.आई टीम के मार्गदर्शन के लिए आभारी हैं। हाल ही के कुछ समय में हेल्थ इंश्योरेंस लाइसेंस के लिए मिलने वाली मंजूरी में यह प्रक्रिया सबसे तेज है और यह दर्शाता है कि रेगुलेटर और सरकार देश भर में बीमा पहुंच बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को लेकर गंभीर हैं। हम 2047 तक सभी के लिए बीमा के दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। और मानते हैं की हमारी कंपनी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस व्यापक नीतियां बनाकर स्वास्थ्य बीमा को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा जो समझने में भी आसान होंगे। नारायणा हृदयालय लिमिटेड के वॉइस चेयरमैन और नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड के डॉयरेक्टर वीरेन शेट्टी ने कहा कि यह एक अस्पताल संचालक से एक एकीकृत देखभाल प्रदाता के रूप में नारायण हेल्थ के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजित अक्षत कलश का हुआ वितरण



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को हेंसल बजरंगबली मंदिर से पूजित अक्षत कलश का वितरण कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। बजरंग बली पूजा कमेटी के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं शोभा हेंसल बाजार होते हुए हेंसल गाँव के सभी मंदिरों में पूजित अक्षत पहुँची। बजरंगबली पूजा कमेटी द्वारा अयोध्या से पहुंचे श्री राम के पूजित अक्षत को राजनगर प्रखंड के विभिन्न 10 पंचायतों में वितरण भी किया गया। बजरंगबली पूजा कमेटी के सचिव मनोज पटनायक,आंनद साहू,विनोद ज्योतिषी,ग्राम प्रधान अशोक गोप,पुजारी किशोर नंद,कुबेर कांत षाड़ंगी, जामिनी महाकुड़,उज्ज्वल मोदक,भोलानाथ गोप,खिरोद महतो,समेत कई रामभक्त उपस्थित थे।

# जमशेदपुर एफसी ने कलिंगा सुपर कप 2024 के लिए टीम का किया ऐलान

**-10 जनवरी को जमशेदपुर एफसी का पहला मुकाबला नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से**
**- सभी मैच जियो सिनेमा पर लाइव-स्ट्रीम होंगे**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आगामी 10 जनवरी से भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित होने वाले कलिंगा सुपर कप 2024 के लिए जमशेदपुर एफसी ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम का नेतृत्व हाल ही में नियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील करेंगे। जमशेदपुर आईएसएल और आई-लीग की 15 अन्य टीमों के साथ प्रतिष्ठित एएफसी कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही है।

**टीम इस प्रकार है;**

गोलकीपर: रक्षित डागर, रेहेनेश टी.पी, विशाल यादव, मोहित सिंह धामी और आयुष जेना।

डिफेंडर्स: प्रतीक चौधरी, मुहम्मद उवैस, पीसी लालदीनपुई, एल्सिन्हो, तेलेम सफाबा, रिकी लल्लवमावमा और वुंगंगयम मुइरंग। मिडफील्डर: एलेन स्टीवनोविक, जेरेमी मंज़ोरो, जर्मनप्रीत सिंह, प्रोवेट लाकड़ा, निखिल बारला, नोंगदंबा नाओरेम, जितेंद्र सिंह, री तचीकावा और इमरान खान। फॉरवर्ड्स: थोंगखोसीम हाओकिप, स्टीव अंबरी, मोहम्मद सनन, सेमिनलेन डोंगेल और डेनियल चीमा।सभी मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले जाएंगे। जमशेदपुर एफसी 10 जनवरी, 2024 को शाम 7:30 बजे नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार है. 15 जनवरी को शाम 7:30 बजे केरला ब्लास्टर्स एफसी और 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ मुकाबला होगा। सभी मैच जियो सिनेमा पर लाइव-स्ट्रीम किए जाएंगे।

## सिखों का पहला एथलेटिक चैंपियनशिप 27-28 जनवरी को टिनप्लेट स्टेडियम में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) की शिक्षा इकाई सिख विजडम कोल्हान में सिखों के लिए एथलेटिक्स चैंपियनशिप महाकुंभ का आयोजन करेगी। दो दिवसीय चैंपियनशिप जनवरी माह के अंतिम सप्ताह 27-28 जनवरी को टिनप्लेट स्टेडियम में होगी। इसके सफल आयोजन के लिए सीजीपीसी ने छः सदस्यीय खेल समिति का गठन भी कर दिया गया है। इसको लेकर सोमवार को सीजीपीसी स्थित सिख विजडम कार्यालय में प्रधान भगवान सिंह के अध्यक्षता में एक बैठक हुई। छः सदस्यीय खेल समिति में मुख्यरूप से दलजीत सिंह, सुखदेव सिंह, गुरमीत सिंह राजी, हरविंदर सिंह गुल्लू, सुखविंदर सिंह राजू और बलजीत संसोआ को शामिल किया गया। मुख्य संयोजक दलजीत सिंह ने बताया कि इसमें सिख, चाहे वह महिला हो या पुरुष, युवक, युवती, बच्चे, बुजुर्ग, जत्थों और गुरुद्वारा कमिटियों के सदस्य भी प्रतिभागी बन सकते हैं। अंडर-14 आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओ में भाग लेने का मौका भी मिल सकता है। इसमें चुनिंदा ट्रैक एंड फील्ड खेल इवेंट के अलावा गुरमत क्विज रेस और कुछ फन गेम्स भी कराये जाने पर विचार चल रहा है।भगवान सिंह के अलावा सिख विजडम के कुलविंदर सिंह पन्नू, परबिंदर सिंह सोहल, अर्जुन सिंह वालिया, सुखविंदर सिंह, दलजीत सिंह, सुखदेव सिंह, गुरमीत सिंह राजी, हरविंदर सिंह गुल्लू जबकि सीजीपीसी की ओर से अमरजीत सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला और अमरीक सिंह ने बैठक में शामिल होकर अपने-अपने विचार रखे।

## बेसरा ब्रदर्स बांदागुटू रूईडी फुटबॉल में सिनी बना विजेता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खूंटपानी प्रखंड अंतर्गत बेसरा ब्रदर्स बाँदागुटू रूईडी के द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मुंडाटांड सिनी व बन्दगुटू रूईडी के बीच खेला गया, जिसमें ट्राई ब्रेकर में मुंडाटांड सिनी विजेता बनी। इसके पूर्व समापन समारोह में मुख्य अतिथि खूंटपानी प्रखंड प्रमुख सह जेबीकेएसएस सदस्य सिद्धार्थ होनहागा, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्या यमुना तियु, मुखिया मालती तियु ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। विजेता टीम सीनी को 10 हजार उपविजेता रहे बांदगुटू रूईडीह के टीम को 8 हजार रुपया नगद पुरस्कार दिया गया। मौके पर उप मुखिया शिला बेसरा,कमेटी के अध्यक्ष अनिल बेसरा, सचिव अजित बेसरा, कोषाध्यक्ष जय राम बेसरा, समाज सेवी रूपेश माहली, राजू माहली सरायकेला प्रखंड महामंत्री, रोशन बेसरा आदि उपस्थित थे।

## आदिवासि टुसू परब 15 को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आदिबासि कुड़मि समाज हुरलुंग गांव महिला संयोजक समिति द्वारा आयोजित एक मासिआ टुसू परब के अंतिम दिन पुश संक्रांति 15 जनवरी दोपहर 12:00 बजे से मनाया जायेगा। इस अवसर पर टुसु थापना सारभार और चौउड़ल के साथ पारंपरिक वेशभूषा, पुरखेनी टुसू गीत और पारंपरिक वाद्य यंत्र, डोल, धमसा, मानदअर, साइना, मेराकस के साथ नाचते गाते टुसु भासान जुलूस में हुरलुंग गांव से नुतूनडीह गांव होते हुए लुपुंगडीह टुसू नदी घाट में टुसू विसर्जन किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम में गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंड के समस्त जनमानस विभिन्न समुदाय के लोग गांव -गांव में मीटिंग के दौरान ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होने पर सहमति प्रदान किए हैं।

## झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने किया गोबरघुसी लैम्पस में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बामनी स्थित गोबरघुसी लैम्पस में सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की अनुपस्थिति में बतौर प्रतिनिधि शामिल झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने फीता काटकर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने कहा कि झारखंड स्टेट फूड एंड सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से धान खरीद की जानी है। इसके लिए किसानों को प्रति क्विंटल धान खरीद के लिए 2183 रुपये और बोनस राशि के रूप में 117 रुपये यानी कुल 2300 रुपये डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में सीधे भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि धान का उचित मूल्य प्राप्ति के लिए किसान बिचौलिया से बचें और लैम्पस स्थित क्रय केंद्र में ही धान बेचें। इस दौरान बीसीईओ संतोष कुमार, ग्राम प्रधान खगेन सिंह, लैम्पस अध्यक्ष मातब्बर सिंह, सचिव अनिल महतो व नीलरतन पाल आदि लोग मौजूद थे।

## एक्सएलआरआइ में मैक्सी फेयर 20-21 जनवरी को प्ले बैक सिंगर शान के सुरों की सजेगी महफिल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में 44 वें मैक्सी फेयर का आयोजन 20-21 जनवरी को होगा जिसमे मुख्य आकर्षण होंगे बॉलीवुड के मशहूर प्ले बैक सिंगर शान और नकाश अजीज. दोनों अपनी सुरों के जादू से शहर के लोगों को मदहोश करेंगे. मैक्सी फेयर में देश की कई कंपनियों के प्रतिनिधि अपनी समस्याओं के साथ शामिल होंगे. जबकि एक्सएलआरआइ के विद्यार्थी शहर के लोगों के दिमाग पर खेल-खेल में रिसर्च करेंगे. इस बार मेले की थीम मार्केटिंग मोहल्ला रखी गयी है. इसी थीम के आधार पर कई प्रतियोगिताओं को भी खास तौर पर डिजाइन किया गया है. आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि इस बार का मेला पूर्व की तुलना में अधिक भव्य करने प्रयास किया गया है.मार्केटिंग एसोसिएशन ऑफ एक्सएलआरआइ (मैक्सी) की ओर से आयोजित इस मेले में शहर के करीब 10,000 लोग शामिल होंगे. इस दौरान शहर के बच्चों की रचनात्मक दक्षता के लिए आर्ट अटैक, शहर की ब्यूटी और ब्रेन की परख करते हुए मिस्टर एंड मिस जमशेदपुर, डांस मेनिया के जरिए नृत्यकला, खाना-पकाना के साथ दिल जीतने के लिए मास्टर शेफ, बच्चों के लिए फैशन और डांस शो के अलावा और भी बहुत कुछ आयोजन होंगे।

## नर्सरी प्रवेश के लिए जुस्को स्कूल साउथ पार्क में हुआ लॉटरी, 20 जनवरी को होगा लिस्ट जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने डीएसई कार्यालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार 8 जनवरी, 2024 को सत्र 2024-25 के लिए नर्सरी में प्रवेश के लिए एक रैंडम ड्रा आयोजित किया था। रैंडम ड्रा सत्र स्कूल प्रबंध समिति के सदस्यों रुचि नरेंद्रन, प्रबंध ट्रस्टी, जेईएम (वर्चुअली), ए.एफ. मैडन, प्रशासक, जेईएम फाउंडेशन, जीजू थॉमस, वरिष्ठ प्रबंधक जेईएम फाउंडेशन, नवीन कुमार सिंह, प्रबंधक जेईएम फाउंडेशन, संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष टीडब्ल्यूयू, झुमझुमी नंदी, प्रिंसिपल, जेएसके, फ्रांसिस जोसेफ, प्रिंसिपल, केएचएस, एस मुरली, डॉ. विवेक शर्मा और संजय तिवारी, अभिभावक प्रतिनिधि, गुरमीत कौर, वाइस प्रिंसिपल और स्टाफ प्रतिनिधि, जेएसएसपी, टैमी सिकदर, सीनियर स्कूल समन्वयक और स्टाफ प्रतिनिधि, जेएसएसपी, स्कूल प्रिंसिपल मिली सिन्हा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रैंडम ड्रा प्रक्रिया को देखने के लिए डीएसई कार्यालय से पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त सुजल केआर भट्टाचार्जी, सीआरपी, यूआरसी, जमशेदपुर उपस्थित थीं। चयनित बच्चों के नाम 20 जनवरी 2024 को स्कूल बोर्ड में प्रदर्शित किए जाएंगे।

## बांगुड़दा प्रीमियर लीग के फाइनल में बीएसएनएल और बीएसए के बीच भिड़ंत आज

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा क्रिकेट मैदान में बीएसएनएल क्रिकेट टीम बांगुड़दा के द्वारा आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला सेमिफाइनल मैच बीएसए क्रिकेट टीम और दिघी क्रिकेट टीम के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसए क्रिकेट टीम ने 12 ओवर में 5 विकेट पर 122 रन बनाएं जिसमे भरत सिंह ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। 123 रन लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिघी क्रिकेट टीम 12 ओवर में 10 विकेट खो कर 100 रन ही बना सकी इस तरह बीएसए क्रिकेट टीम 22 रन से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दिघी क्रिकेट टीम बल्लेबाज प्रदीप ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। भरत सिंह ने 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफानल मैच बीएसएनएल क्रिकेट टीम और बीड़रा क्रिकेट टीम के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाज़ी करते हुए बीएसएनएल क्रिकेट टीम ने 12 ओवर में 8 विकेट 100 रन बनाये जिसमे शिवचरण से सर्वाधिक 41 रन बनाए। 101 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिड़रा क्रिकेट टीम ने 10.3 ओवर में 65 रन बना कर ऑलआउट हो गई इस। बीएसएनएल ने 35 रन से मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई। बीएसएनएल क्रिकेट शिवचरण को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मैच मगलवार को बीएसए क्रिकेट टीम,भुला और बीएसएनएल क्रिकेट,बांगुड़दा के बीच खेला जाएगा। इस बीच बीएसएनएल क्रिकेट टीम के आशीष महतो, कपिल मिश्रा, तारापद सिंह, बिनोद गोराई, श्रीकान्त सिंह, सष्टी कर्मकार, मनोज कर्मकार, विनोद अग्रवाल, दिलीप सिंह, राकेश महतो, सहदेव आचार्य, सुमित महतो आदि उपस्थित थे।

## आज़ाद समाज पार्टी ने शहीद शेख भिखारी की शहादत को किया याद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी, पूर्वी सिंहभूम ने प्रदेश कार्यालय साकची में आज स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी को श्रद्धांजलि दी। मौके पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा ने शेख भिखारी के जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा, उपायुक्त से मांग की है कि शेख भिखारी के देश के प्रति सम्मान देने के लिए उनकी प्रतिमा पारडीह चौक पर लगाई जाए, झारखंड में शहीद शेख भिखारी के नाम पर झारखंड में हर ब्लॉक स्तर पर अत्याधुनिक शेख भिखारी मंडल अस्पताल बनाया जाए। आज के कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष तारिणी सेन मांझी, ज़िला उपाध्यक्ष मंजीत यादव, ज़िला उपाध्यक्ष मुहम्मद शमीम, कोषाध्यक्ष दिलशाद अख्तर, युवा अध्यक्ष मज़हर खान, युवा महासचिव जिब्रान सिद्दीकी, आफताब पठान, मौलाना अलाउद्दीन, मुहम्मद तौसीफ आदि मौजूद थे।

## गुजरात सरकार का फैसला बदलना ही काफी नहीं, पदाधिकारियों पर कार्रवाई जरूरी : पप्पू

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** गुजरात 2002 दंगा पीड़िता बिल्किस बानो के परिवार के हत्यारे एवं दुष्कर्मियों को दोबारा जेल भेजने का फैसला ही काफी नहीं है। शहर के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार सुप्रीम कोर्ट को चाहिए कि वह इस मामले के जिम्मेदार पदाधिकारी के खिलाफ भी उचित कार्रवाई करें।जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने का काम किया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरीय अधिवक्ता के अनुसार उन 11 लोगों को जब गुजरात सरकार ने सजा की अवधि पूर्ण होने से पहले रिहा किया तो कुछ लोगों ने टिप्पणी की थी कि ये संस्कारी लोग है।सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी बी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइया की खंडपीठ ने गुजरात सरकार के फैसले को पलट कर लोकतंत्र एवं संविधान में आस्था रखने वाले के लोगों के भरोसे को कायम रखा है। गुजरात सरकार अच्छी तरह से जानती थी कि यह उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है उसके बावजूद मनमानी की और तानाशाही रवैया अपनाया। गुजरात सरकार और मुख्यमंत्री को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए और बिलकिस बानो की सुरक्षा का व्यापक प्रबंध करना चाहिए। उसे उसी तरह मुआवजा दिया जाना चाहिए, जिस तरह से 1984 सिख नरसंहार के पीड़ित परिवारों को मिला है।

## कुणाल षाडंगी ने बांटे अक्षत निमंत्रण पत्र प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने की अपील की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी व अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा ने संयुक्त रूप से सोमवार को पटमदा प्रखंड अंतर्गत काटिन बाजार की प्रत्येक दुकानों तथा घरों में अयोध्या राम मंदिर के अक्षत निमंत्रण पत्र बांटते हुए 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। कुणाल षाडंगी ने कहा कि हिंदू धर्मावलंबी सभी सनातनी अपने घरों पर 22 जनवरी को द्वीप प्रज्वलित कर भगवा ध्वज का पूजन करते हुए अपने घरों पर लगायें। बिमल बैठा ने कहा कि लंबी लड़ाई के बाद राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है, इसके लिए कई लोगों ने अपनी कुर्बानी भी दी है। कार्यक्रम में भाजपा नेता संदीप मिश्रा, कृपासिंधु महतो, विश्वजीत कुंभकार, किसान चंद्र महतो, मनोज पाल, आतिश कुमार मिश्र, मनिंद्र मिश्र, दीपक षाड़ंगी, प्रशांत मिश्र, ललित कुंभकार, सुमित कुंभकार आदि रामभक्त उपस्थित थे।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में घड़ियाल और मगरमच्छों के लिए बने दो नए बाड़े

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में घड़ियाल और मगरमच्छ के लिए दो नए बाड़े बनाए गए हैं. एक बाड़े में घड़ियाल और दूसरे बाड़े में मगरमच्छ रखे गए हैं. यह घड़ियाल 6 मीटर लंबा और संकीर्ण थूथन वाला सरीसृप नर घड़ियाल है. इसके नाक पर घड़ानुमा उभारधार आकृति होती है. इसका वजन 680 किलो है. सोमवार को घड़ियाल के इन बाड़े का उद्घाटन टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने विधिवत रूप से किया. इसके अलावा उद्घाटन के मौके पर टाटा स्टील के कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे. चाणक्य चौधरी ने बताया कि टाटा जू में ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया गया है. जल्द ही यहां चिड़ियों का भी नया बाड़ा बन कर तैयार हो जाएगा. टाटा जू का जो मास्टर प्लान कुछ साल पहले तैयार हुआ था, उसपर लगातार काम हो रहा है. उसी के तहत यहां विकास का कार्य चल रहा है. देश का यह दूसरा जू है जहां ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है. हमारी कोशिश है कि टाटा जू को अपग्रेड करें. यह भी कोशिश है कि नए-नए चिडियां और जानवर यहां लाये जाए, इसके लिए अलग-अलग सफारी और जू से बात हो रही है।

## प्रधानमंत्री के लक्षद्वीप दौरे के बाद टूरिज्म को लगा नया पंख

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद केंद्र शासित राज्य लक्षद्वीप में पर्यटन को नए पंख लग गए। ऑल इंडिया टूर एंड ट्रेवल ऑपरेटर एसोसिएशन के मुताबिक बीते कुछ दिनों में उनके पास लक्षद्वीप को लेकर जितनी बुकिंग को लेकर कॉल आई हैं उतनी आज तक कभी नहीं पहुंची। अनुमान के मुताबिक अगले तीन महीने के भीतर बीते चार दिनों में ही बहुत से लोग लक्षद्वीप जाने की बुकिंग करा चुके हैं। लक्षद्वीप का पर्यटन और स्पोर्ट्स विभाग भी अपने राज्य में आने वाले पर्यटकों के लिहाज से तैयारियों में जुट गया है। हालांकि लक्षद्वीप अभी भी हवाई मार्ग से सिर्फ केरल से ही जुड़ा है। इसलिए यहां पर पर्यटकों की उपस्थिति उतनी ज्यादा नहीं हो पा रही है। एआईटीटीओए ने मांग भी की है कि प्रधानमंत्री की विजिट के बाद अब देश के प्रमुख राज्यों से लक्षद्वीप सीधे तौर पर जुड़ेगा और वहां का पर्यटन बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप विजिट के बाद सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा खोजे जाने वाले शब्दों में लक्षद्वीप प्रमुख स्थान पर रहा है। ऑल इंडिया टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर एसोसिएशन के सचिव अजय भल्ला कहते हैं कि मोदी की विजिट के बाद से उनके पास लक्षद्वीप को लेकर सबसे ज्यादा फोन आ रहे हैं। भल्ला कहते हैं कि देश के अलग-अलग हिस्सों में उनके संगठन से जुड़े टूर ऑपरेटर्स के पास भी रोजाना लगातार सैकड़ो की संख्या में लक्षद्वीप के बारे में जानकारियां ली जा रही है। ऑल इंडिया टूर एंड ट्रेवल ऑपरेटर एसोसिएशन के मुताबिक जितनी कॉल्स उन लोगों के पास आई है आज तक लक्षद्वीप से संबंधित कभी भी इतनी कॉल नहीं पहुंची। वह कहते हैं कि उनके संगठन से जुड़े टूर ऑपरेटर के पास पूरे देश से तकरीबन 7000 से ज्यादा बुकिंग सिर्फ लक्षद्वीप के लिए हुई है। इंडिया टूर एंड ट्रेवल ऑपरेटर एसोसिएशन के मुताबिक अक्टूबर से लेकर मार्च तक का महीना ही लक्षद्वीप जाने के लिए सबसे मुफीद माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजिट भी इसी समय हुई है। इसलिए अब लक्षद्वीप में टूरिज्म पीक पर पहुंच सकता है। लेकिन उनका कहना है कि लक्षद्वीप में अन्य पर्यटन स्थलों की तरह अभी भी वह सुविधाए वहां पर नहीं है। लेकिन वह उम्मीद जताते हैं कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप और यहां के पर्यटन को लेकर अपील की है उससे निश्चित तौर पर इस राज्य में सुविधा भी बढ़ेगी और पर्यटन तो हर हाल में बढ़ेगा। इंडिया ट्रैवल मार्ट के जतिन साहनी कहते हैं कि अभी लक्षद्वीप जाने के लिए सिर्फ केरल के कोच्चि से ही सीधी फ्लाइट मिलती है। उनका कहना है अगर लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देना है तो देश के अलग-अलग राज्यों खास तौर से देश की राजधानी या अन्य प्रमुख शहरों से सीधी फ्लाइट जरूर होनी चाहिए। ताकि लोग वहां पर अपनी सुविधा अनुसार सीधे पहुंच सके।दरसल अभी लक्षद्वीप में जाने के लिए केरल के कोच्चि से फ्लाइट लेनी होती है। यहां के पोर्ट से एक फेरी (पानी वाले जहाज से) लेकर भी लक्षद्वीप पहुचा जाता है। इंडिया ट्रैवल मार्ट के जतिन कहते हैं कि बीते कुछ समय में लक्षद्वीप जाने वालों की संख्या तो बड़ी है लेकिन सीधे कनेक्टिविटी ना होने के चलते लोग लक्ष्यद्वीप की बजाय अंडमान निकोबार की ओर जाना पसंद करते हैं। वह बताते हैं कि अभी भी कुछ प्राइवेट क्रूज मुंबई से चलकर लक्षद्वीप आते हैं उसमें पर्यटक पहुंच रहे हैं। जतिन के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप में पर्यटन बढ़ाने की अपील कारगर होती है तो देश का यह अनोखा आइलैंड अमेरिका के हवाई और मालदीव के खूबसूरत बीच को पीछे छोड़ देगा। आंकड़ों के मुताबिक अभी भी लक्षद्वीप में टूरिस्ट देश के अन्य किसी पर्यटन स्थल की तुलना में सबसे कम पहुंचते हैं। लक्षद्वीप के पर्यटन एवं स्पोर्ट्स विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल लक्षद्वीप में तकरीबन 25000 पर्यटक पहुंचे थे। दरअसल लक्षद्वीप में सब लोगों का प्रवेश बगैर परमिट के प्रतिबंधित है। ऑल इंडिया टूर एंड ट्रेवल ऑपरेटर एसोसिएशन के मुताबिक यहां जाने के लिए विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। क्योंकि परमिट पाने की प्रक्रिया में पुलिस वेरिफिकेशन से लेकर क्लीयरेंस सर्टिफिकेट लेने में कई तरह के प्रोसेस करने होते हैं। यही वजह है कि सामान्य पर्यटक लक्षद्वीप जाने से कतराते भी हैं। लेकिन टूर एंड ट्रेवल ऑपरेटर एसोसिएशन के मुताबिक जिस तरह से उनके पास मांग बढ़ रही है। उससे यह प्रक्रिया ग्रुप के लिहाज से आसान भी हो जाएगी। संगठन के अजय भल्ला कहते हैं कि अब सरकार की ओर से भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां पर कई व्यवस्थाएं की जानी चाहिए। जिसमें अच्छे होटल से लेकर कनेक्टिविटी की सुविधा बढ़ाया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है।

### चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी चिन्ताओं का गहन बना रहना हमारी विकास यात्रा पर एक सवालिया निशान है

## नये साल से उम्मीदें तो बहुत हैं मगर कई चुनौतियां भी सामने खड़ी हैं

ललित गर्ग

नये की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कह देने की सामान्य सोच रही है। यह समझ देखी गयी है कि नयेपन के जादुई आकर्षण के जागते ही हम पुरानेपन को उतार फेंकना चाहते हैं। हमने बीते वर्ष में श्रेष्ठताओं की उपलब्धि पर सात्विक गर्व करने की अनेक स्थितियों को रचा है लेकिन हम सबके लिए और देश के लिए भी आने वाले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण करणीय कार्य है। निश्चित ही नया साल हमेशा की तरह कुछ सवाल भी लेकर आया है। ऐसे सवाल जिनका हल निकाले बिना शायद हम संतुष्ट न हो पाएं और नये भारत-सशक्त भारत का सपना आधा-अधूरा ही कहा जायेगा। ऐसे नए-पुराने सवाल हर नए साल में सामने आते रहे हैं।

नया साल प्रारंभ हो गया है तो हर बार की तरह इस बार भी नई उम्मीदें, नया विश्वास एवं नया धरातल लाया है। बीत गया एक और साल। नये की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कह देने की सामान्य सोच रही है। यह समझ देखी गयी है कि नयेपन के जादुई आकर्षण के जागते ही हम पुरानेपन को उतार फेंकना चाहते हैं। हमने बीते वर्ष में श्रेष्ठताओं की उपलब्धि पर सात्विक गर्व करने की अनेक स्थितियों को रचा है लेकिन हम सबके लिए और देश के लिए भी आने वाले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण करणीय कार्य है। निश्चित ही नया साल हमेशा की तरह कुछ सवाल भी लेकर आया है। ऐसे सवाल जिनका हल निकाले बिना शायद हम संतुष्ट न हो पाएं और नये भारत-सशक्त भारत का सपना आधा-अधूरा ही कहा जायेगा। ऐसे नए-पुराने सवाल हर नए साल में सामने आते रहे हैं। कुछ सवालों को हल करने में हम सफल रहे, लेकिन कुछ सवाल हमेशा की तरह अनुत्तरित ही रह गए। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरुआत ही नया वर्ष है। यह पुरुषार्थ का सन्देश है, अधूरे रहे कामों एवं संकल्पों को पूरा करने का। इन क्षण जड़ताओं को तोड़कर मुक्त होती है हमारे विकास की उजली संभावनाएं। यह अच्छाइयों एवं अधूरे रहे कार्यों को पूरा करने की ओर मुड़ने की प्रेरणा है। अर्धशून्य ढर्रे की जीवनशैली एवं विकास योजनाओं को बदलने का बुजुर्गी सुझाव है। समस्या जब बहुत चिन्तनीय बन जाती है तो उसे बड़ी गंभीरता से नया मोड़ एवं रफ्तार देने की जरूरत है। शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं से जुड़े ऐसे ही अफसोस के अहसास हमारे लिये गंभीर होने चाहिए। आजादी के अमृत काल में भी शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी चिन्ताओं का गहन बना रहना हमारी विकास यात्रा पर एक सवालिया निशान है। शिक्षा जगत से जुड़ी एक खबर सामने आई है, वह यह कि बढ़ती महंगाई और बदलते नियमों से विदेशों में पढ़ाई मुश्किल हुई है। सब जानते हैं कि शिक्षा हर परिवार के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। हर मां-बाप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहते हैं। कई बार अच्छी शिक्षा के लिए बच्चों को विदेश भी भेजना पड़ता है। सवाल यह है कि आबादी के हिसाब से दुनिया का पहले नंबर वाला देश क्या अपने यहां ही बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया नहीं करा सकता? यह सवाल करोड़ों बच्चों की जिंदगी से जुड़ा हुआ है। सरकार के अनूठे एवं व्यापक प्रयत्नों के बावजूद शिक्षा और चिकित्सा के लगातार महंगे होने की चिन्ता से हर कोई परेशान है। शिक्षा और चिकित्सा को व्यवसाय बना देने एवं निजी हाथों में सौंप देने से ही दोनों महंगी हुई है, आम आदमी तक उसकी पहुंच जटिल होती गयी है। इस बात पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने चिन्ता जताते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही हर व्यक्ति की मूलभूत जरूरत है



पर दोनों ही महंगी और दुर्लभ हो रही हैं। इसकी वजह जनसंख्या के मुताबिक उपलब्धता की कमी और व्यावसायिकता है।' नये भारत के निर्माण के साथ समय की इस दस्तक को सुनें। निश्चित ही यह भारत की समृद्धि एवं विश्व प्रतिष्ठा की दृष्टि से एक अनूठा उपक्रम हो सकता हैं, लेकिन प्रश्न भारतीय छात्रों का है, उनकी शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का है। महंगी होती शिक्षा आम जनजीवन से दूर होती जा रही है, ऐसे में भारतीय छात्रों की सूध कौन लेगा? शिक्षा पर लंबे-लंबे भाषण देने वाले राजनेता, शिक्षाविद, अधिकारी और मंत्री भी देश की इन स्थितियों से परिचित हैं। बसों में मूंगफली बेचते हुए, स्टेशनों पर भीख मांगते हुए, चौराहों पर भुट्टा भूजते हुए, फैक्ट्रियों में बिसलरी की बोतलों में पानी भरते हुए, सड़क के किनारे टाट पर सब्जी बेचते या चाट का ठेला लगाते हुए इन बच्चों को कौन नहीं देखता है। ऐसा इन्हें क्यों करना पड़ता है? यह जानने की कोशिश कितने लोग करते हैं? रिक्शा, ऑटोरिक्शा, बस चलाने वाले ड्राइवरों के पीछे की भी कहानी ऐसी ही होती है। नीति-नियंता लोग अपने निजी ड्राइवर, नौकर या कामवाली बाई की पारिवारिक स्थिति के बारे भी विचार कर लेते तो भी इस तरह की स्थितियों के बारे में बहुत कुछ आसानी से समझ लेते। कहीं-कहीं ये भी देखने को मिलता है कि जिन बच्चों की खिलौनों से खेलने की उम्र होती है वही बच्चे मेला, हाट-बाजार में खिलौना बेचते हुए मिलते हैं। किताबों से तो उनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं होता। फिर विकास के सुनहरे सपने उन्हें कैसे दिखाई दे सकता है? इन स्थितियों में कैसे नया भारत-सशक्त भारत आकार ले सकेगा? आइआइटी, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालयों में भले ही फीस कुछ कम है, लेकिन यहां तक पहुंचने की प्रक्रिया बहुत जटिल एवं प्रतिस्पर्धापूर्ण है। बच्चे संघर्ष करके वहाँ तक पहुँच जाते हैं और पढ़ाई आसानी से कर लेते हैं। किंतु अब वहां की भी फीस बढ़ाने की कवायद तेजी से होने लगी है। तमाम सरकारी प्रयासों एवं योजनाओं के शिक्षा महंगी होती जा रही है, तो देश का निम्न एवं मजदूर वर्ग यह सोचने को मजबूर है कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था कैसे करे। निजी कॉलेजों में तो इतना अधिक पैसा लगता है कि मध्य वर्ग के भी कान खड़े हो जाते हैं, तो फिर निम्न वर्ग की बात ही क्या? यहां बात सिर्फ शिक्षा तक ही सीमित नहीं रह जाती। शिक्षा के साथ एक और विषय है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। वह है, चिकित्सा। जिस तरह गुणवत्ता के मामले में भारत के विश्वविद्यालय पिछड़े हुए हैं, उसी तरह की छवि भारत के अस्पतालों की है। मतलब साफ है कि अच्छी पढ़ाई हो या बेहतर इलाज, जेब में पैसा हो तो पकड़ो विदेश की राह। गंभीर सवाल यह है कि जिसकी जेब में पैसा नहीं है, वह क्या करे? क्या उसे अच्छी पढ़ाई या बेहतर इलाज कराने का हक नहीं है? नए साल में हमें, हमारी सरकारों और इन क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों को इन्हीं सवालों के जवाब ढूंढ़ने चाहिए। हमने जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं तो फिर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र भला अछूते क्यों रहें? जब हम देश के लोगों को ही समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं तो विदेशों के लिये दरवाजें खोलना एवं उन पर सरकार की बड़ी शक्ति का खर्च होना कैसे औचित्यपूर्ण हो सकता है? एक ऐसे देश में जहां वंचित समूह पहले से ही अपनी भावी पीढ़ी को शिक्षित बनाने के लिए कठिन परीक्षाओं के दौर से गुजर रहा हो, निजी स्कूलों व अस्पतालों की संवेदनहीनता एवं अर्थ लोलुपता से सामाजिक असंतोष एवं विद्रोह के स्वर उभरते रहे हैं। शिक्षा एवं चिकित्सा की भांति पर्यावरण के प्रति उपेक्षा भी अनेक समस्याओं का कारण है। भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। हिमाचल प्रदेश में बाढ़ हो या सिलक्यारा में सुरंग हादसा- भारत में पर्यावरण समस्या को नजरअंदाज करने के परिणाम है। भारत में जलवायु परिवर्तन पर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एनवायरमेंट एंड डवलपमेंट की जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़-सूखे के चलते फसलों की तबाही और चक्रवातों के कारण मछली पालन में गिरावट आ रही है। देश के भीतर भू-स्खलन से अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भू-स्खलन उत्तराखंड एवं हिमाचल जैसे दो राज्यों तक सीमित नहीं बल्कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में भी भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की जानें गई हैं, इन प्राकृतिक आपदाओं के शिकार गरीब ही अधिक होते हैं, गरीब लोग प्राथमिक विपदाओं का दंश नहीं झेल रहे और अपनी जमीनों से उखड़ रहे हैं। महानगर और घनी आबादी वाले शहर गंभीर प्रदूषण के शिकार हैं, जहां जीवन जटिल से जटिलतर होता जा रहा है।

दृष्टि कोण

## विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं प्रवासी भारतीय

इन दिनों पूरी दुनिया में प्रवासी भारतीयों से संबंधित दो खास बातें रेखांकित हो रही हैं। पहला, जहां प्रवासी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल दे रहे हैं, वहीं भारत भी अपने प्रवासियों के हितों की रक्षा का प्रभावी हिमायती बना हुआ है। दूसरा, 28 दिसंबर को भारत ने कतर में जिन आठ नौसेना के पूर्व भारतीय अधिकारियों की फांसी की सजा को घटवाने में कूटनीतिक भूमिका निभाई है, उनमें एक पूर्णेंदु तिवारी भी हैं, जिन्हें 2019 में प्रवासी भारतीय सम्मान से नवाजा गया था। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक द्वारा जारी 'माइग्रेशन ऐंड डेवलपमेंट ब्रीफ' रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, बीते वर्ष प्रवासी भारतीयों ने करीब 125 अरब डॉलर की धनराशि (रेमिटेंस) स्वदेश भेजी। रेमिटेंस प्राप्त करने में भारत ने मेक्सिको, चीन और फिलिपींस को बहुत पीछे छोड़ दिया है। शीर्ष पांच रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देशों में भारत के अलावा मेक्सिको (67 अरब डॉलर) चीन (50 अरब डॉलर) फिलीपींस (40 अरब डॉलर) और मिस्र (24 अरब डॉलर) शामिल हैं। रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई है कि पहले जहां भारत से



अकुशल श्रमिक कम आय वाले देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में उच्च कौशल वाले लोगों की संख्या ज्यादा है, जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं, जहां से वे अधिक धन भेज रहे हैं। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में प्रवासी भारतीयों ने 100 अरब डॉलर की धनराशि स्वदेश भेजी, वहीं 2021 में 87 अरब डॉलर की राशि भेजी थी। जब वर्ष 2020 में कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी, तब भी आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों द्वारा भेजी गई 83 अरब डॉलर की धनराशि से यहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। यह छोटी बात नहीं है कि प्रवासियों से धन प्राप्त करने वाले दुनिया के विभिन्न देशों की सूची में भारत वर्ष 2008 से अब तक पहले स्थान पर बना हुआ है। अतीत में जब भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट आई, प्रवासियों ने मुक्त हस्त से विदेशी मुद्रा कोष को बढ़ाने में सहयोग दिया है। बीते वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में भी प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका रही है। विभिन्न देशों में संकटों के बीच फंसे भारतीय प्रवासियों को बचाने और भारत वापसी के लिए महत्वपूर्ण अभियान चलाए हैं। सरकार के मुताबिक, विदेशों में फंसे भारतीयों की मदद के लिए सरकार की ओर से 2014 से दिसंबर, 2023 तक 626 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिससे 3.42 लाख भारतीयों की मदद की गई। वर्ष 2023 में इस्राइल और हमास के बीच जारी खूनी संघर्ष में इस्राइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। जब वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था, तब 'ऑपरेशन गंगा' के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया था। लेकिन अभी भारत द्वारा अपने प्रवासियों के दुख-दर्द कम करने में और अधिक सहयोग किए जाने की आवश्यकता है। खाड़ी देशों में भारतीय कामगार बड़ी संख्या में हैं, पर ऐसे भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो गलत लोगों या संस्थाओं के हाथ लगकर दुर्दशा के शिकार हो गए हैं। हाल ही में केंद्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 33 हजार से अधिक भारतीय कामगार खाड़ी के देशों में गुलामों की तरह रहने को मजबूर हैं। विदेश मंत्रालय को मार्च, 2021 से वर्ष 2023 के बीच अरब देशों से छह शिकायतें मिली हैं। यद्यपि भारत सरकार ने इन शिकायतों पर संबंधित देशों की सरकारों से दखल देने को कहा है, पर इस दिशा में केंद्र की और अधिक सक्रियता जरूरी है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के द्वारा किया गया पिकनिक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के द्वारा सोमवार को वार्षिक सभा एवं पिकनिक का आयोजन तालाटांड कब्रिस्तान पतरातु रामगढ़ में किया गया। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय सचिव शमीम अख्तर व अध्यक्षता महिला केंद्रीय अध्यक्ष बेबी नाज के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद शकील अहमद ने अपनी वक्तव्य में कहा कि संगठन लगातार स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगार पर कार्य कर रही है साथ ही मानव सेवा पर लगातार सेवा प्रदान करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी।समाज में जिस तरह दहेज प्रथा युवा नशा खोरी की तरफ आदी हो चुकी समाज को मुख्य धारा से लोगों को युवाओं को जोड़ने का प्रयास संगठन लगातार कर रही है और इस पर सभी को मिल जुल कर प्रयास करने की जरूरत है दहेज मुक्त समाज एवं नशा



मुक्ति समाज का निर्माण करना सभी का दायित्व बनता है और लोगों को अपने अपने घरों से शुरुआत करनी होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग से शमशेर अंसारी केंद्रीय महासचिव मंजर हुसैन केंद्रीय सचिव तारीख अनवर यूथ जिला अध्यक्ष हजारीबाग धनबाद से इम्तियाज अहमद अंसारी नूरुद्दीन अंसारी केंद्रीय सह संगठन मंत्री बोकारो से शमीम अख्तर केंद्रीय सचिव अफजल अंसारी चतरा से हबीब खान यूथ केंद्रीय सचिव हुसैन आलम नौशाद आलम सदस्य गढ़वा से सदस्य अख्तर अंसारी आलम अंसारी रांची से महिला केंद्रीय अध्यक्ष बेबी नाज केंद्रीय महिला सचिव यासमीन परवीन केंद्रीय महिला सा संगठन मंत्री निखत परवीन अलकमा परवीन महिला जिला उपाध्यक्ष रांची सोफिया परवीन बेबी परवीन रूही परवीन रुखसाना खातून आलम अंसारी सरफुद्दीन खान रामगढ़ से महिला केंद्रीय उपाध्यक्ष निखत परवीन रेशमा परवीन महिला केंद्रीय सा संगठन मंत्री केंद्रीय सा संगठन मंत्री जाकिर हुसैन यूथ केंद्रीय उपाध्यक्ष तारीख अनवर यूथ संगठन मंत्री अख्तर जावेद जिला अध्यक्ष रामगढ़ मतीनूर रहमान जिला महासचिव गुलाम साबिर प्रखंड अध्यक्ष गोला अनवर हुसैन यूथ प्रखंड अध्यक्ष पतरातु असादुल्लाह खान और कई पदाधिकारी एवं सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## आजसू अनुसूचित जाति महासभा की प्रखंड कमिटी गठित, सचिव बने राजकुमार, कार्यकारी अध्यक्ष बने नीरज नायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** आजसू कार्यलय नटकीगाड़ा मे आजसू अनुसूचित जाति महासभा की प्रखंड कमिटी किया गया जिसका संचालन अध्यक्षता आजसू अनुसूचित जाति महासभा प्रखंड अध्यक्ष विशु रजवार के किया एवं सचांलन दिनेश रजवार ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी के पुत्र समाजसेवी पीयूष चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष राजमोहन महतो मौजूद थे वहीं पीयूष चौधरी ने कहा सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं एवं आशा करते हैं संगठन को और भी मजबूती मिलेगी जिसमें प्रखंड सचिव राजकुमार रविदास कार्यकारी अध्यक्ष नीरज नायक कोषाध्यक्ष संजय नायक उप कोषाध्यक्ष प्रशांत रविदास उपाध्यक्ष शिवा नायक पवन रजवार मंटू तुरी राजेश कांलिदी सक्रिय सदस्य लखीत रविदास को बनया गया मौकै पर प्रखंड उपाध्यक्ष हलदर चन्द्र कपरदार ओबीसी मोर्च उपाध्यक्ष उमेश सोनी प्रकाश दांगी विजय नायक नितिश कुमार युगेश रविदास चंदन रविदास मनोज तुरी आदि मौजूद थे ।

## महाकाल का हुआ भव्य श्रृंगार रूद्राभिषेक में उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** गैर राजनीतिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (RBSS) की ओर से सोमवार को स्थानीय सुभाष चौक स्थित मां विघ्नहर्णेश्वरी मंदिर प्रांगण में बाबा भोले नाथ महाकाल का आकर्षक दरबार सजाकर भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही रुद्राभिषेक, महाआरती एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया। पूजन के दौरान जिला में सुख समृद्धि एवं शांति के लिए प्रार्थना की गई। इससे पूर्व बतौर यजमान धनंजय कुमार पुटूस को पुजारी आचार्य संजय गुरु ने विधि-विधान के साथ पूजन कराया। साथ ही मंत्रोच्चार के बीच रूद्राभिषेक कराया। पूजन के दौरान स्थानीय युवकों द्वारा बम, बम भोले, जय महाकाल का नारा लगाया जाता रहा। इससे पूरा शहर गुंजायमान होता रहा। पूजन के बाद महाआरती हुई। इसमें हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अनुष्ठान में बतौर मुख्य अतिथि देवों के देव महादेव का सभी नागरिकों ने भव्य आराधना की। मौके पर जिले में सुख, समृद्धि त शांति की कामना के साथ संपन्न हुई महाकाल की पूजा, दूर-दूर से दर्शन के लिए जुटे श्रद्धालु जुटे।पूजा के माध्यम से भोले महाकाल के चरणों मे नमन करते हुए रामगढ़ एवं यहां के नागरिकों के सुख, समृद्धि व शांति की कामना की गई, ताकि प्रभु की कृपा सदा जिलावासियों पर बनी रहे।

## हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत हुआ संकल्प यात्रा का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत 08 जनवरी को रामगढ़ प्रखंड के बारलोंग पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, इसमें उपस्थित ग्रामीणों से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई मौके पर उपस्थित कुंटु बाबू ने कहा कि केंद्र सरकार पूरे देश में कहीं कल्याणकारी योजनाएं चल रही है इसका लाभ लोग उठा रहे हैं जो लोग वंचित है वह इस योजना का लाभ उठाएं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है।रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आयुष्मान योजना के लाभुक से बात की के साथ साथ सभी से साफ सफाई पर भी ध्यान रखने पर जोर दिया। खास कर बाथरूम टायलेट की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया।को वही भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश प्रसाद ने कहा पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी । मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की बड़ी लकीरें खींच रहा है आज विश्व में भारत का मान बढ़ा है। जिला मंत्री बसुध तिवारी ने कहा कि यह संकल्प यात्रा से आमजनों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना और उन्हें लाभान्वित करवाना है। कार्यक्रम में बारलोंग मुखिया रेखा देवी,कृषि प्रखंड पदाधिकारी विनिता सिंह ,डाक्टर जितेन्द्र कुमार, डाक्टर युनुस समन्वयक उर्मिला देवी,मडल अध्यक्ष संजु बाबा , महामंत्री ललन सिंह सहित कई भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में 750 ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य जांच, केकेसी और आयुष्मान कार्ड तथा आयुष विभाग द्वारा लगाए गए जांच शिविर का लाभ उठाया।

## गोला चित्रांश महापरिवार की हुई मासिक बैठक, महापरिवार के दिवंगत सदस्य को दी गई श्रद्धांजलि

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चित्रांश महापरिवार गोला की मासिक बैठक बक्शी टोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता महापरिवार के वरीय सदस्य लाला चन्द्रमोहन ने की। बैठक का शुभारंभ महापरिवार के दिवंगत सदस्य शैलेश चन्द्र लाला को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। स्व. शैलेश चन्द्र लाला का देहावसान 17 दिसम्बर को हृदय गति रुकने के कारण हुई। सभी चित्रांश बन्धुओं ने दिवंगत शैलेश चन्द्र लाला की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। तत्पश्चात चित्रांश महापरिवार के सदस्यों ने बारी बारी अपनी बातों को रखा एवं महत्वपूर्ण प्रस्ताव को पारित किया। मौके पर महापरिवार के सचिव रविंद्र कुमार सिन्हा, सहसचिव रजनीश आनंद, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, संजय कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार बक्शी, सुचीत कुमार सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, सुजीत सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, महेन्द्र बक्शी, रविंद्र कुमार बक्शी, संदीप कुमार बक्शी, जितेन्द्र प्रसाद बक्शी, जीवन बक्शी, संजीव कुमार सिन्हा सहित चित्रांश महापरिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।



## झारखंड पेंशनर कल्याण समाज ने किया शोक सभा

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गोला प्रखंड की बैठक एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रखंड अध्यक्ष दुख हरण पोद्दार ने की। बैठक में पेंशनरों से अपने-अपने खाते का सारांश निकालने के लिए कहा गया, जिससे यह निश्चित होगा कि आपके खाते में पेंशन आ रहा है कि नहीं। समाज के प्रतिनिधियों ने समाज की सदस्यता बढ़ाने के लिए संपर्क चलने को कहा। बैठक के अंत में पेंशनर समाज के सदस्य स्वर्गीय महावीर महतो एवं स्वर्गीय सिदाम महतो के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान रामस्वरूप लाल खन्ना, नरेश चंद्र पोद्दार, गोपी प्रसाद, भगतू नाया, चंद्र मोहन बेदिया, बाल गोविंद करमाली, गिरधारी प्रजापति, घनश्याम प्रजापति, श्रीकांत महतो, पारस नाथ बेदिया मौजूद थे।

# डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना एवं अन्य विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, रूर्बन मिशन योजना इत्यादि की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संर्वधन योजना समेत अन्य विकास योजनाओं कि प्रखण्डवार समीक्षा की गई। उन्होने कहा राज्य सरकार, केन्द्र सरकार व जिला प्रशासन के प्राथमिकता वाले योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप शत




प्रतिशत पूर्ण करें। वहीं विकास योजनाओं को लेकर कहा वैसी योजनाएं जो वन विभाग या भूमि के कारण लंबित है वैसी योजनाओं में संबंधित के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण कराएं और संबंधित को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें। आगे उन्होने कहा जिले भर में सभी पात्र लाभूकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें काफी संख्या में आवास विहीन जिनको आवास की आवश्यकता है उनके द्वारा शिविर में आवेदन किया गया है। इन सभी लाभूकों का नियम संगत भौतिक सत्यापन एवं पात्रता का जांच करते हुए अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिन लाभूकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि आवास बनाने के लिए दे दी गई है उन लाभूकों का आवास पूर्ण कराएं। वैसे लाभूक जिन्हे किश्त की राशि अभी तक नहीं दी गई है उसकी किस्त की राशि जल्द से जल्द देना सुनिश्चित करें। 15 वें वित्त अंतर्गत जिला परिषद, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत एवं अन्य में प्राप्त आंवटन के विरूद्ध खर्च किए गए राशि की क्रमवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में उन्होने कहा जिन पंचायत सचिवालय में पेयजल की समस्या है और वहां तक पहुंच पथ नहीं है उसका भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होने कहा वर्तमान में 152 पंचायतों में प्रज्ञा केन्द्र का संचालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी कार्यालय प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा यह सुनिश्चित करें कि सभी पदाधिकारी, कर्मी शत प्रतिशत बायोमेट्रिक उपस्थित दर्ज करेंगे। चतरा जिला अंतर्गत योजनावार पेंशनधारियों का मासिक भुगतान से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होने कहा प्रत्येक माह सभी पेंशनधारियों का भुगतान हो और कहा वैसे पेंशनधारियों का भौतिक सत्यापन कराने को कहा गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कल्याण विभाग द्वारा जिन बच्चों का साइकिल की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा चुकी है उन बच्चों का साइकिल खरीदवाना सुनिश्चित करें। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के निर्माण हेतु कहा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संबंधित अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करें और बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के लक्ष्य को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।

**22 जनवरी को उत्सव के रूप में मनाने को लेकर बैठक का आयोजन**

## 22 जनवरी को यादगार व अद्भुत दीपावली मनेगी, दूधिया रौशनी से जगमग होगा महादेव मठ : आजाद शत्रु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** सोमवार को महावीर मंदिर परिसर में 22 जनवरी की तैयारी को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अजित मिश्रा व संचालन अनुज कुमार साहू ने की।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप लोहरदगा से आजात शत्रु, धर्म जागरण मंच के शुभम कुमार एवं रिंकू सिंह मौजूद थे।बतादें की रामजन्मभूमि अयोध्या में रामलला का मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। इस बीच मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर है।मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी 2024 की तारीख सुनिश्चित की गई है। इसे लेकर देश मे काफी हर्ष का माहौल है। इसी के उपलक्ष्य में वही 22 जनवरी को कुन्दा में भी मठ मंदिरों को सजाया जाएगा। वही ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ को भी आकर्षक रूप से सजाया जाएगा एवं भव्य आरती के साथ



प्रोजेक्टर पर लाईव प्रसारण दिखाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह भी मौजूद रहेंगे। वही आजात शत्रु ने सभी ग्रामवासियों से रामलला का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को उत्सव के रूप में मनाने की अपील की है। उन्होंने यह भी बताया की बड़ी सौभाग्य की बात है की 500 वर्षो बाद 22 जनवरी को यह देखने को मिलेगा कि रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस पावन मौके पर दूधिया रौशनी से कुन्दा जगमग होगा। मौके पर एकल अभियान से रूपेश कुमार यादव, मनोज कुमार यादव मदारपुर, मनोज कुमार, अजय यादव, विनोद कुमार, आशीष, बिसुजित, छोटू, उमेश, रूपेश समेत कई लोग मौजूद थे।

## दहेज प्रथा व डायन प्रतिषेध को लेकर पुराने मामले का अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना कांड संख्या 14/23 में धारा 323, 379, 452, 498 ए भादवी एवं 3/4 के 1 जुलाई में दर्ज दहेज प्रताड़ना एवं डायन प्रतिषोध को लेकर मामला दर्ज किया गया था। जिसे लेकर गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने 8 जनवरी को अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसका नाम मो शहाबुद्दीन उर्फ शहाबुद्दीन अंसारी पिता मो शाहबान ग्राम सिंदवारी खुर्द थाना गिद्धौर जिला चतरा का नाम शामिल है। छापामारी टीम में थाना प्रभारी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा एवं गिद्धौर के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सहीया दीदीयों की हुई मासिक बैठक एवं दिया गया प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया दीदी का मासिक क्लस्टर बैठक सोमवार को किया गया। एवं इन लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दे रहे बिटीटी संतोष प्रसाद सहिया साथी रंगीना देवी ने बताए की सईया एप के माध्यम से गांव में पारिवारिक सर्वे करना है। जिसमें योग दंपति परिवार नियोजनालय व अन्य स्वास्थ्य से संबंधित सईया एप में डाउनलोड करना है। प्रशिक्षण ले रहे कस्तूरबा देवी चंचला देवी सुप्रिया सिंह मंजू देवी किरण देवी मालती देवी उषा देवी व दर्जनों सहिया उपस्थित थी।

## सीसीएल के विस्थापित प्रभावित बेरोजगार युवकों के लिए सुनहरा मौका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल के आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के द्वारा परियोजना से प्रभावित एवं विस्थापित बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र खोला जा रहा है। इसके अंतर्गत सीसीएल एवं स्किल काउंसिल फॉर माइनिंग सेक्टर के बिच 94.73 लाख रूपए का एक एमओयू किया गया है, जिसके तहत परियोजना से विस्थापित और प्रभावित युवाओं को लोडर ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मुर्वे स्टेडियम, सिमरिया रोड मे दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास तथा हल्के वाहन का लाईसेंस होना अनिवार्य है। यह एक आवासीय प्रशिक्षण है जो कि 110 दिनों का होगा। इस अवधि में रहने खाने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत रोजगार से जोड़ने का प्रावधान है। इस संबंध में महाप्रबंधक श्री सिंह ने सभी युवाओं से इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने का आग्रह किया है। प्रशिक्षण के लिए कुल अभ्यर्थियों का 60 सीट आवंटित किया गया है। इस प्रशिक्षण का निशुल्क फार्म प्राप्त करने तथा अधिक जानकारी के लिए सामुदायिक विकास विभाग आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय होन्हे से सम्पर्क कर सकते है।

# लातेहार की खबरें

# चार फरवरी की एकता महारैली में होगी केवल आदिवासी मुद्दों की बात : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बंधु तिर्की ने रांची के मोराबादी मैदान में 4 फरवरी को होने वाली एकता महारैली की तैयारी को लेकर सोमवार को लातेहार सर्किट हाउस में बैठक की। इस दौरान श्री तिर्की ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 24 दिसंबर 2023 को रांची के मोरहाबादी मैदान में धर्म बदलने वाले आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति का लाभ लेने से रोकने की मांग के साथ डिलिस्टिंग रैली जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले की गई थी। लोकसभा में डिप्टी स्पीकर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा के संरक्षण में यह महारैली हुई थी। राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री और कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष




बंधु तिर्की ने डिलिस्टिंग महारैली को आरएसएस-भाजपा की चाल बताते हुए इसके जवाब में आदिवासी एकता महारैली करने की घोषणा की। आयोजित डिलिस्टिंग रैली केवल चुनाव के मद्देनजर आदिवासियों के ध्रुवीकरण का प्रयास, आदिवासियों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए 4 फरवरी को रांची में आदिवासी एकता महारैली का आयोजन हो रहा है। श्री तिर्की ने बताया कि इसकी तैयारियों को लेकर हमलोग राज्य के सभी जिलों में बैठक कर रहे हैं।इसके साथ ही पिछले दिनों रांची में हुई डिलिस्टिंग महारैली को असंवैधानिक बताया। आगे उन्होंने कहा कि बनहरदी कोलमांइस, तुबेद कोलमांइस, जैसे बड़े बड़े कंपनियों ने सिर्फ जमीन लुटने कि काम कर रही है, लेकिन इस मुद्दे पर कोई राजनेता नहीं बोल रहा है। सभी चुप्पी साधे हुए। रैयतों को जमीन का मुआवजा मिल रहा है उसमें भी 10 प्रतिसत लुटा जा रहा है। इस दौरान मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव समेत तुलेश्वर उरांव, बुद्ध उरांव, सुरेश उरांव, रामलाल उरांव, नरेश उरांव, आरसेन तिर्की, जीतू उरांव, दीपू कश्यप राजेश उरांव संतोष उरांव लालदेव उरांव मनोज उरांव नरेश उरांव शैलेश उरांव आदि लोग मौजूद थे।

## साल्वे पंचायत में हाथियों का आतंक जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बिते रात साल्वे पंचायत अंतर्गत साल्वे ग्राम के टोला गजुआ निवासी मजदूर किसान राजेन्द्र गंझू पिता भुनेश्वर गंझु के दो कठा जमीन पर लगे आलु के फसल को पुरी तरह बर्बाद कर दिये, वही मजदूर किसान दिनेश गंझु पिता छठु गंझु के चने के फसल को रौंद दिया.मो समिम पिता मो.सलीम के चार एकड़ भूमि पर लगे सरसों के फसल को भी रौदकर छतिग्स्त किया। महबुब मिया के केला और गन्ना के फसल को बर्बाद किया दुसरी तरफ जठा टांड निवासी दिलीप गंझु पिता कैइल गंझु के चार मवेशी बन्धा हुआ था जो जंगली हाथियों के भय से दो मवेशी रस्सी तोड़कर भाग गये। वही बंधा एक बरछिया को हाथियों ने दांत से जख्मी कर दिया अब तक कई किसानो का भारी मात्रा में फसल को नुकसान पहुँचाया है। ग्रामीण फौजदार गंझु, संजय गंझु, सुरेश गंझु, मो आरिफ अंसारी, मो मोजिल ने इस संबन्ध मे जानकारी देते हुए बताया कि जंगली हाथियों का झुंड लगभग दस बजे हमारे क्षेत्र मे उनके चित्कर से सारे तरफ भय का महोल था। हम सब फोन पर सभी को सुचना दे दिए, उन्होंने यह भी बताया कि रेंची ग्राम निवासी भुनेश्वर यादव इलाज करा कर घर वापस जारहे थे इसी क्रम मे हाथी उनके पास आ गये, वे अपने सुझ बुझ से अपना एवं अपने परिवार का जान बचाये, बताते चलें कि इस क्षेत्र मे बिते कई दिनों से हाथियों का आतंक जारी है, शाम होते ही ग्रामीणों में हांथी आने की भय सताने लगता है. ग्रामीणों ने क्षेत्र से हाथी को अविलम्ब हटाने की मांग की है साथ ही मुआबजा दिलाने की गुहार लगाई है।

## एसएसएन के बच्चों ने रांची में लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** के टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेल गांव में झारखंड स्टेट यूनियन ऑफ गोजो रियो कराटे चैंपियनशिप 2024 टूर्नामेंट में सदर प्रखंड के धनकारा पंचायत स्थित एस एस एन मेमोरियल अकेडमी, पतरिया चोटाग लातेहार के पांच छात्रों ने भाग लिया जिसमें नैंसी कुमारी प्रथम, दीपशिखा उरांव दूसरा, बिशुप्रकाश, अशोक उरांव और निलम कुमारी तीनों को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कमला उरांव ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के लिए बड़े ही गर्व कि बात है कि हमारे एकेडेमी के पांच छात्रों ने कराटे चैंपियनशिप में भाग लिया और जीत हासिल कर अपने क्षेत्र के साथ-साथ अपने स्कूल का भी नाम रोशन करने का काम किया यह बहुत खुशी की बात है। वहीं राजीव उरांव ने छात्रों को खेल के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के निर्देशक राजीव उरांव, झारखंड गोजो रियो स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सह कोच लालबिहारी सिंह, एवम विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## पानी टंकी से मोटर समेत कई समानों की हुई चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित पानी टंकी से रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने पानी टंकी में लगा दो मोटर, एक टंकी, सीढ़ी, हथौड़ी समेत कई सामानों की चोरी कर लिया। पानी टंकी के ऑपरेटर ने इस संबंध में बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि एक सप्ताह पूर्व भी अज्ञात चोरों द्वारा पानी टंकी से कई सामानों की चोरी कर ली गई थी। जिसका कुछ पता नहीं चल पाया है। वही रविवार की देर रात लाखों रुपए के सामान भी चोरी हो गया। वहीं बालूमाथ पुलिस दिए गए आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है ।बता दे कि इन दिनों बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में कई स्थानों पर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है जिसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

## नगर पंचायत के द्वारा चलाया गया अतिक्रमण अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नगर पंचायत लातेहार द्वारा सोमवार को जुबली चौक, बस स्टेंड, समाहरणालय के आसपास में अतिक्रमण अभियान चलाया गया आपको बता दें कि नगर पंचायत के द्वारा 3जनवरी को लातेहार के शहर क्षेत्र में लगे ठेला, गुमटी,झोपड़ी, टेंपो को हटाने का आदेश दिया गया था लेकिन नहीं हटाए जाने पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया अतिक्रमण अभियान में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा संजीव कुमार, संदीप बेदीया, रणधीर कपूर राजू प्रसाद गुप्ता एएसआई द्व संजय कुमार रजक थाना लातेहार, एवं महिला पुलिस एवं जवान, उपस्थित थे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वाधान में की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड स्थित बचरा मोड़ में प्रखंड स्तरीय झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक संजय दास की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि लातेहार जिला प्रभारी पपु यादव प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप भोगता ने उपस्थित कार्यकर्त्ताओं के साथ प्रखंड कमिटी मजबूत करने को लेकर चर्चा किया साथ ही डोर टू डोर जेबीकेएसएस के सिद्धांत व नीति के बारे में जन जन तक पहुँचाने का सहमति बनाया गया। मौके पर सकिंन्द्र राम, मुनेश गंझु, बैजनाथ राम, मुकेश गंझु, परमजीत भोगता, मनदीप राम, रमेश भोगता, अजित भोगता, प्रकश भोगता, मधेश राम, रिकेश राम, रामजी प्रजापति, मुनेशर भोगता, दिलीप भोगता, संतोष सहित अन्य कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीडीएस डीलरो के अनिश्चितकालीन हड़ताल से गरीब परेशान

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ प्रखंड के 134 राशन डीलरों ने एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।जनवितरण प्रणाली दुकानदारों ने अपनी दुकानों को बंद करके दुकान के बाहर हड़ताल का पोस्टर लगा दिया है।जिससे लाभुकों को हड़ताल की सूचना मिल सके।हड़ताल सात सूत्री मांग पर आधारित है,जिसमें जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की मृत्यु पर पूर्व की भांति अनुकंपा का लाभ और साठ वर्ष की बाध्यता समाप्त करने, दुकानदारों को नवंबर 2021 से दिसंबर 2022 तक का बकाया कमीशन का भुगतान करने, ग्रीन कार्ड का जनवरी से अप्रैल 2023 तक का बकाया कमीशन देने, दुकानदारों को एक रुपये की जगह तीन रुपये प्रति किलो कमीशन देने, सभी दुकानदारों को प्रतिमाह तीस हजार रुपये मानदेय देने,ई पॉस मशीन टू जी से फाइव जी करने की मांगें आदि शामिल है। हड़ताल में जाने से राशन वितरण के साथ-साथ राज्य सरकार की दाल वितरण योजना भी पड़ी है ठप्प, एक रुपये में एक किलो दाल देने की योजना एक जनवरी से शुरू होनी थी वह भी ठप्प पड़ गया है। इसके अलावा दस- दस रुपये में धोती,साड़ी या लुंगी का वितरण भी प्रभावित हो गया है।

### नीतीश के जोहार यात्रा की जोरदार तैयारी में जुटा जदयू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की रामगढ़ में प्रस्तावित जोहार यात्रा को सफल बनाने के लिए जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने विभिन्न पार्टी पदाधिकारियों का मनोनयन कर उन्हे कई जिम्मेदारियां दी है।जिसमे तैयारी समिति के संयोजक के साथ-साथ जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, अविरल बिहारी लाल और भीम मेहता को जिला सहसंयोजक, जिला महासचिव सुरेश वर्मा और बसंत मेहता को जिला सहसंयोजक जिला सचिव संजय राम, मनिरूदिन अंसारी भुनेश्वर ठाकुर, नजरुल्लाह अंसारी को सहसंयोजक बनाया गया है ।सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष को जिला सह संयोजक बनाया गया है।सभी प्रखण्ड अध्यक्ष हजारीबाग नगर अध्यक्ष को अपने अपने प्रखण्ड का कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है।जिले के पदाधिकारियों को विधानसभा के अनुरूप कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है।आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ के सिध्धू, कान्हू मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के प्रचार प्रसार एवं सभा को सफल बनाने में जदयू के नेता और कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।जिला अध्यक्ष लगातार प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो एवं प्रदेश संयोजक मधुकर सिंह से समन्वय बनाकर कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने संबंधी निर्देश प्राप्त कर रहे हैं। जिला प्रभारी के हजारीबाग आगमन पर प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी,जिला उपाध्यक्ष भीम मेहता,जिला महासचिव अविरल बिहारी लाल के साथ कई अन्य ने उनका स्वागत किया।

### आवेदन पर पुलिस प्रशासन ने किया कार्यवाही गिरफ्तार कर अभियुक्त को भेजा जेल

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के टाटीझरिया गांव निवासी मृतिका नेहा देवी उम्र लगभग 23 वर्ष के फांसी में लटकती हुई शव को देख मृतिका के पिता ने टाटीझरिया पुलिस प्रशासन को 4 नवंबर 2023 को लिखित आवेदन देकर सास कुलेश्वरी देवी पति खिरोधर साव उम्र लगभग 55 वर्ष ,ससुर खिरोधर साव, और मृतिका के पति द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आवेदन में लिखा था कि मृतिका नेहा ने यह कदम मजबूरन उठाकर फांसी के फंदे में झूल गई। यह आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाया था। जिसमे पुलिस ने आवेदन को संज्ञान में लेकर थाना कांड संख्या 44/23 भा.द.वि धारा 304 (बी)/34 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को 8जनवरी 2024 सोमवार को न्यायिक हिरासत के लिए हजारीबाग जेल भेज दिया।

### ओपन एम्फी थियेटर का उद्घाटन कार्यक्रम, युवा कलाकारों ने बांधा समां

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर का उद्घाटन संपन्न हुआ। उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आप में यह ओपन एम्फी थियेटर अनेकों कलाकृतियों को समेटे हुए है। झील के किनारे स्थित होने के कारण यहां का नजारा बहुत ही मनोरम है। इस मंच की परिकल्पना को जमीं पर उतारना एक ड्रीम प्रोजेक्ट जैसा था जो कि सफल हुआ है। युवा वर्ग को एक ऐसा सार्वजनिक मंच प्रदान करना प्रशासन की सोच थी जो साकार हुई है। उन्होंने कहा मेरी अपील है कि जिलेवासी इस धरोहर को बचा कर सुरक्षित रखें। इस अवसर पर डीडीसी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के निर्माण के पीछे युवा पीढ़ी को एक मंच प्रदान करना है जिसके माध्यम से कलाकार अपने कला को खुले वातावरण में प्रदर्शित कर सकें। गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट का जिक्र करते हुए कहा कि हजारीबाग की प्रसिद्ध झील के किनारे निर्मित ओपन एम्फी थियेटर से बिलकुल वैसा ही नजारा देखने का एहसास होता है। उन्होंने सभी कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए इसके बेहतर देखभाल की अपील की।

## मुखिया ने बिरसा किसान रथ को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** झारखंड सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आत्मा की ओर से कटकमदाग प्रखंड के सलगावां पंचायत से ÷बिरसा किसान रथ÷ का परिचालन शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया मधु रानी, उप मुखिया अवधेश प्रसाद, किसान मित्र इंद्रनारायण कुशवाहा, बालेश्वर प्रसाद ने हरि झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। रथ को रवाना करने के पूर्व कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आत्मा के बीटीएम विजय कुमार ने झारखंड सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर किसानों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सरकार की संचालित योजनाओं प्रचार-प्रसार चर दिखाया गया। साथ ही मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, टपक सिंचाई, किसान क्रेडिट कार्ड, जल प्रबंधन, पशुओं का टीकाकरण, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण व बीज उपचार की विस्तार से जानकारी दी गई।

## राजनीति विज्ञान विभाग में प्रथम समसत्र में नामांकित विद्यार्थियों का इंडक्शन मीट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में प्रथम समसत्र में नामांकित विद्यार्थियों का ÷इंडक्शन मीट÷ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए विभागअध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने विश्वविद्यालय एवं विभाग के परंपराओं एवं परिपाटियों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि विद्यार्थी वर्ग में अपनी उपस्थिति को नियमित रखें। विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला, संगोष्ठी एवं व्याख्यान आदि कार्यक्रमों में बढ़-कर कर भाग ले। पठन-पाठन, पुस्तकालय, कला-संस्कृति, खेलकूद आदि विषयों की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुविधा होने से वह सीधे विभाग के अध्यक्ष या शिक्षक से संपर्क करें। इस अवसर पर प्राध्यापक प्रो. बीपी सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अजय बहादुर सिंह एवं डॉ. रोशन कुमार भी अपने विचार रखें।

## एससी, एसटी सरकारी शिक्षक संघ की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** अनुसूचित जाति, जन जाति शिक्षक एवं सरकारी कर्मी संघ की बैठक रविवार को हिंदू प्लस टू विद्यालय हजारीबाग में कार्यकारी महासचिव रामविलास पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ के बायोलॉज तैयार करने हेतु पांच सदस्य कमेटी बनाई जाए। कानूनी सलाहकार सदस्यों के साथ मिलकर संघ की रजिस्ट्रेशन कराई जाएगी। संघ का अंतिम रूप फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च में की जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष राजेश्वर कुमार, धीरज कुमार, महेंद्र राम, राजेंद्र कुमार दास, मनोज कुमार दास, कालीचरण राम, बसंत कुमार दास, संजय चंद्रा, राजाराम रवि, दीपक कुमार मुंडा, किशोर कुमार, प्रदीप कुमार, बालेश्वर रविदास, विजय रविदास, राजकुमार दास सहित शिक्षक व कर्मी उपस्थित थे।

## माण्डू विधायक ने मोदी के विकसित भारत संकल्प की लोगो को दिलाई शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा का वाहन विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत पहुंचा।विष्णुगढ़ में कार्यक्रम का शुभारंभ माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने दीपप्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम में केंद्र सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को डिजिटल एलईडी के माध्यम से उपस्थित लोगों के बीच प्रदर्शित कर प्रधानमंत्री के योजनाओं से जनता के समक्ष रखा गया। सोमवार को जोबर में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री,मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मोदी सरकार द्वारा भारतवासियों को दी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि महिला आत्मसम्मान के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय का निर्माण,कोरोना के समय मे जहाँ दुनियाँ इस महामारी से त्रस्त थी,वहीं इनके नेतृत्व में इस आपदा से 140 करोड़ भारत के निवासियों को वैक्सीन लगाकर सुरक्षित करना,आयुष्मान कार्ड से करोड़ो भारतीयों को असमय काल के गाल में समाने से बचाना, किसान सम्माननिधि से किसानों को मदद पहुँचाना,उज्जवला योजना से माताओ एवं बहनों को धुँए से मुक्ति दिलाना,आर्थिक क्षेत्र में प्रगति कर भारत को दुनियाँ की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बनाना, रूस-यूक्रेन युद्ध मे फँसे भारतीयों को युद्ध रुकवाकर सुरक्षित वापस भारत लाना,पाकिस्तान को उसकी जमीन में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करना,धारा 370 हटाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव रखना,कौशल विकास के माध्यम से करोड़ो युवा-युवतियों की गुणवत्तापूर्ण स्किल डेवलपमेंट कराना,जनाओषिधि केंद्र के माध्यम से सस्ती दवा उपलब्ध कराना,कोरोना काल से अबतक करोड़ो लोगो को अन्न सुरक्षा प्रदान कराना,हर-घर नल जल योजना से पानी पहुंचाना,और सबसे अहम 500 वर्षो के लंबे अरसे के बाद आज दिव्य-भव्य श्री राम मन्दिर का निर्माण करवाना समेत कई जनकल्याणकारी योजनाओं को मोदी सरकार ने सफलीभूत किया है।

## रविदास महासभा ने विष्णुगढ में की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार हजारीबाग जिला के रविदास समाज की बैठक +2 हाई स्कूल के मैदान में किया गया । जिसकी अध्यक्षता गुलाब राम व संचालन महेंद्र राम ने किया।बैठक में विष्णुगढ़ प्रखंड के अलावे टाटीझरिया,गोमियाँ, बगोदर,सहित हजारीबाग के लोग सम्मिलित हुए। बैठक में सभी आगंतुकों ने बारी-बारी से अपने विचार रखे विचारोपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए पंचायत कमेटी गठन हेतु 24 सदस्यीय कोर कमिटि का गठन किया गया,तथा सभी पंचायत से एक-एक नाम सर्व सहमति बनी।बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती से पूर्व अपने पंचायत स्तरीय कमिटि गठन के बाद विष्णुगढ़ प्रखंड कमिटि का भी जल्द गठन कर लिया जाएगा इसकी चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रूप से सहदेव दास,महेंद्र राम,गजेंद्र रवि, सहदेव दास,बाबूचंद राम,बबलू कुमार,प्रमोद कुमार,गंगा रवि,सुरेश राम,द्वारिका राम,भुनेश्वर राम,लक्की कुमार,नागेश्वर राम,सुरेंद्र राम,प्यारी कुमार राम,विजय रविदास,भीम रविदास,बैजनाथ रविदास इसके अलावे सैकड़ों रविदास समाज के सदस्य की मौजूदगी रही।

## हेठली मुरगाँवों में वनविभाग की बड़ी कार्यवाई अवैध सखुआ बोटा लदा पिकअप वैन जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बीती रात 7 जनवरी 2024 को रात लगभग 1¬30 बजे गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर हेठली मुरगाँवों जंगल से सखुवा बोटा से भरा पिकअप वैन को विष्णुगढ़ के प्रभारी वनपाल संजीत दास,वनरक्षी परमेश्वर महतो,सुनील कुमार यादव, बिनोद गंझु,वन अध्यक्ष एवं अन्य ग्रामीणों के सहयोग से छापामारी कर पकड़ा गया।बताया जाता है,कि पिछले कई दिनों से गुप्त सूचना वनपाल संजीत दास को मिल रही थी कि रात को लकड़ी का अवैध परिवहन,विष्णुगढ़ के रास्ते अटका,बगोदर एवं अन्य जगहो पर भेजा जाता है।इसी गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश राम के द्वारा एक टीम गठित की गई और गठित टीम ने साल बोटा से लदा पिकअप वैन को जप्त कर बगोदर वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर सरिया मे सुरक्षित रखा गया एवं अभियुक्तों के विरुद्ध वन अधिनियम के धारा 33(1)(ड्ड), 41,42 एवं 52 के सुसंगत धाराओं के तहत करवाई की गई।प्रभारी वनपाल संजीत दास ने वनापराधियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि आगे भी प्रतिदिन गस्ती किया जायेगा एवं ऐसे वन अपराधियों जो वन सीमा के अंदर लकड़ी एवं कोयला डम्पीग आदि के ऊपर विभाग की कड़ी नजर है,और आगे भी छापेमारी कर अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कानूनी करवाई की जाएगी।

## अयोध्या से आए अक्षत का कराया गया नगर भ्रमण, पूर्व विधायक हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सोमवार को बरही के हरला शिव मंदिर से पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा हरला से निकलकर यादव धर्मशाला होते हुए करसो होते हुए वापस बरही चौक होते हुए हरला शिव मंदिर में समापन हुआ। बरही चौक पर रामभक्तों ने जय श्रीराम का नारा लगाकर सभी सनातनी को एकजुट होने आह्वान किया। इस दौरान पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव अक्षत कलश यात्रा में शामिल हुए और जय श्रीराम के नारे लगाए। भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की धूम समस्त बरहीवासियों में भी देखने को मिल रही है। पिछले कई दिनों से अलग-अलग क्षेत्र में चले आ रहे आयोजनों में श्रीराम भक्त पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा का बढ़-चढ़कर हिस्सा बन रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत निमंत्रण कलश व पत्रक को हर घर तक पहुंचाने का कार्य भी श्रीराम भक्तों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उस दिन मंदिरों और घरों पर बड़ी दिवाली की तरह उत्सव मनाना चाहिए। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहीप जिला सहमंत्री जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, परमेश्वर यादव, अशोक यादव, युगल यादव, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, करसो उपमुखिया बालेश्वर यादव, ब्रह्मदेव यादव, सहदेव यादव, उमेश यादव, घनश्याम यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल यादव ,पंकज वर्णवाल ,शिव नंदन यादव, राजू प्रसाद, कामेश्वर यादव, मनोज यादव, विनोद यादव, सुधीर यादव, सुरेंद्र यादव, जिबलाल यादव, सतीश यादव, नरेश यादव, तारकेश्वर यादव, प्रकाश यादव, रामदेव यादव, दिनेश यादव, राहुल यादव, पिंटू यादव, कामेश्वर यादव, चन्दन यादव, प्रसादी यादव, अरुण यादव, वार्ड सदस्य ज्योतिष यादव, धनेश्वर यादव, राजू यादव, छोटु सिंह, शैलेन्द्र यादव, सुजीत यादव, बबलू यादव, अनिल यादव, तरुण यादव, संजय यादव, बीरेंद्र यादव, नन्द किशोर यादव, सचिन यादव, मनोज राणा सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## फहीमा एकेडमी में भारत का विरासती मार्शल आर्ट्स गतका और लगोरी का होगा प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** फहीमा एकेडमी में भारत का विरासती मार्शल आर्ट्स गतका और लगोरी का प्रशिक्षण विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को दिया गया यह प्रशिक्षण झारखंड राज्य गतका संघ के महासचिव प्रिंस कुमार मिश्रा और खेलो इंडिया यूथ गेम के खिलाड़ी अंशु कुमार और नेशनल गेम्स गोवा के राष्ट्रीय लगोरी खिलाड़ी मिथलेश कुमार ने दिया, महासचिव प्रिंस मिश्रा ने बताया की इसी महीने बरही रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता आयोजित किया गया है जिसमे विद्यालय के छात्र छात्राओं को शामिल किया जाएगा द्य विद्यालय की प्राचार्या फरहा फातमी ने गतका मार्शल आर्ट को बालिकाओं के आत्म सुरक्षा के लिए कारगार हथियार बताते हुए ये भी बताया की गतका खेलो इंडिया यूथ गेम में शामिल खेल है ! इस खेल में छात्र छात्राएं पढ़ाई के साथ साथ अपना भविष्य भी बना सकते हैं वही प्राचार्य ने लगोरी को भी बेहतर खेले बताया इसी बार इंडियन ओलंपिक द्वारा आयोजित 37ह्व्द्ध नेशनल गेम्स गोवा में लगोरी और गतका को शामिल किया गया है ! बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में अव्वल है ! इस खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राएं को स्कूल प्रबंधन यथा संभव मदद करेगी।

## बरही विधायक ने दो कब्रिस्तान का जीर्णोद्धार व घेराबंदी कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने करसो पुल के पास स्थित अल्पसंख्यक कब्रिस्तान का जिर्णोधार, सोलर, बिजली एवं जलापूर्ति निर्माण कार्य व बरही बाईपास के कोनरा में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास किया। दोनों कब्रिस्तानों का निर्माण कार्य करीब 50 लाख की राशि से की जाएगी। मौके पर ग्रामीणों ने बरही विधायक का जोरदार स्वागत माला पहनाकर किया। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन इस समय कई बेहतर कार्य कर रहे हैं। बरही में स्थित अल्पसंख्यक कब्रिस्तान का बाउंड्री काफी जर्जर हो गया था, वही कोनरा में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी सुरक्षा को देखते हुए मैंने अपने प्रयास से दोनों कब्रिस्तानों का जीर्णोधार व घेराबंदी कार्य करवाने का योजना बनाया और मैं सफल रहा। वहीं उन्होंने कहा कि कोनरावासियों के लिए मेने कई काम किए हैं, जब कब्रिस्तान जाने के लिए रियाडा रास्ता नहीं दे रही थी तो हमने आंदोलन कर व रियाड़ा सचिव से बात कर रास्ता दिलवाया।वही कहा कि क्षेत्र में सभी धर्म के लिए कई कार्य किया जा रहे हैं, विकास के नाम पर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। हम विश्वास करते हैं अपने क्षेत्र के विकास पर। वहीं गणेश यादव ने कहा की विधायक के प्रयास से कबिस्तान के बाउंड्री का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। वहीं संवेदक से आग्रह किए की से अच्छे से कार्य करेंगे और ईमानदारी से करेंगे। वही कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने कहा की झारखंड सरकार 24 घंटे चिंतित है विकास के लिए। विधायक के अथक प्रयास से कार्य शुरू किया गया, जो काफी सराहनीय है।

## विष्णुगढ में बरनवाल महिला समिति ने धूमधाम से मनाया महाराजा अहिबरन जयन्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बरनवाल महिला समिति द्वारा 07 जनवरी 2024 को बरनवाल समाज के अग्रज महापुरुष महाराजा अहिबरन जयन्ती का झारखंड मैरेज हॉल विष्णुगढ में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अहिबरन जी वृतचित्र पर माल्यार्पण,दीपप्रज्वलन कर गणेश वंदना कर की गई। मातृशक्ति के द्वारा सामूहिक रूप से आरती वंदन कर नमन किया गया। इस पावन बेला में महिलाओं को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष बबिता देवी ने कहा कि,यह कार्यक्रम तभी सफल होगा जब हम बरनवाल समाज के लोग अहिबरन महाराज के बताएं मार्ग पर चलेंगे और समाज के कल्याण के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।आगे उन्होंने कहा कि,बरनवाल समाज की यह विशेषता रही है,कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपना धैर्य नही खोते।बरनवाल समाज ने अपनी योग्यता तथा ईमानदारी से वर्षो के अथक प्रयास से हम सब ने ये प्रतिष्ठा अर्जित की है। आज हमारे समाज से केवल व्यसाय में नही अपितु प्रशासनिक क्षेत्रों में भी अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है।

मीडिया प्रभारी शालिनी बरनवाल कहा कि बेटियाँ जीवन का अनमोल तोहफा है।

हमे बेटी बचाओ के अभियान को पूरे संकल्प के साथ लेकर आगे बढ़ना है।वहीं हमे आगे आकर आर्थिक रूप से कमजोर युवाओ मदद देकर आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करना बेहद जरूरी है।हमारे समाज के पुरषो का सहयोग पूर्ण समर्पण के साथ मिले तो हम महिलाएं इसमें अहम रोल अदा कर सकती है। इस अवसर पर बरनवाल समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चो एवं महिलाओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक,प्रहसन,नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया।विजेता प्रतिभागियों के बीच पारितोषिक वितरण किया गया। अहिबरन जयन्ती को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रिया बरनवाल,ममता रानी,दीपा बरनवाल,अनिता बरनवाल,सुनीता बरनवाल,सीमा बरनवाल,बीना बरनवाल,उर्मिला बरनवाल,रीना बरनवाल,खुशबू बरनवाल,शशि बाला,चंदा बरनवाल,जयन्ती बरनवाल,लक्ष्मी बरनवाल,संगीता बरनवाल,रेणु बरनवाल,रेखा बरनवाल,प्रीति बरनवाल,प्रतिमा बरनवाल समेत काफी सँख्या में बरनवाल समाज की महिला-पुरुष एवं बच्चे मौजूद थे।

## जेबीकेएसएस ने संगठन का विस्तार करते हुए खरकी पंचायत में कमिटी गठित

**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत में जेबीकेएसएस कमिटी का विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता संतोष महतो और संचालन घनश्याम महतो ने किया। बैठक में सारे युवा काफी उत्साहित दिखे उन्होंने नारे के साथ कहा बाहरी नाय चलतों।बैठक में शामिल लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि खरकी से जेबीकेएसएस के समर्थन मे हमारा पंचायत अग्रणी होगा।संगठन के विस्तार में सर्वसहमति से पंचायत अध्यक्ष घनश्याम महतो,सचिव उमेश कुमार महतो,कोषाध्यक्ष खेमनारायण महतो,उपाध्यक्ष बलदेव सिंह, बासुदेव महतो,लालचंद महतो,संतोष महतो,सह सचिव- रिजवान अंसारी,मीडिया प्रभारी- राजकिशोर पटेल समेत 33 सदस्यीय कार्यकरणी सदस्य रेवतलाल महतो,दामोदर कुमार महतो,योगेंद्र महतो,नरेंद्र कुमार, नारायण कुमार महतो, डॉ धनेश्वर महतो,संदीप कुमार, बालेश्वर महतो,प्रकाश महतो,कामेश्वर महतो, महेंद्र महतो,रिज़वान अंसारी,जयनाथ साव, पोखलाल महतो,लालमणि महतो,तेजलाल महतो,नीलकंठ महतो,कारू महतो,हरिहर सिंह,पिंटू महतो, नागेश्वर महतो, दुलारचंद रविदास, टेकामण महतो, रामेश्वर सिंह, बिनोद महतो,शंकर महतो,डेगलाल महतो,सुखलाल हेम्ब्रोम, बिहारी महतो, किशोरी महतो समेत जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओ संग बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने नया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड स्कीम है। नया फंड भारतीय इक्विटी, इंटरनेशनल इक्विटी, आर्बिट्रेज, गारंटिड इनकम, सोना और चांदी सहित विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश को सक्षम बनाती है। कई स्टडीज ने स्थापित किया है कि




सुरक्षा चयन या बाजार समय के बजाय एसेट आवंटन, रिटर्न विविधता को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक है। यह नया फंड विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश में विविधता लाकर रिवॉर्ड और जोखिम को अनुकूलित करने के लिए एक मल्टी-एसेट एलोकेशन रणनीति अपनाएगा, प्रत्येक विकास, स्थिरता और मुद्रास्फीति संरक्षण के मामले में अद्वितीय लाभ प्रदान करेगा। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) बुधवार, 10 जनवरी 2024 को निवेश के लिए खुलेगा और बुधवार, 24 जनवरी 2024 को बंद हो जाएगा। बंधन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, निवेश सलाहकारों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से या सीधे https://bandhanmutual.com/ nfo/bandhan-multi-asset-allocation-fund/ पर किया जा सकता है।मल्टी-एसेट एलोकेशन दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, विशेष रूप से ऐसे समय में जब इक्विटी बाजारों में चुनिंदा खंडों ने पिछले दिनों बहुत मजबूत रिटर्न प्रदान किया है, जिससे संभावित रूप से कुछ निवेशकों के लिए एकाग्रता जोखिम पैदा हो गया है, बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर का कहना है कि एसेट एलोकेशन निवेशकों को बाजार के समय और परफॉर्मेंस का पीछा करने जैसे व्यवहारिक नुकसान से बचने में मदद करता है, जिसके परिणामस्वरूप छोटी होल्डिंग अवधि, पोर्टफोलियो असंतुलन और सब-ऑप्टिम रिटर्न हो सकता है।

## मांडू चट्टी पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में ग्राम सभा का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में पीएम जन मन योजना अंतर्गत आदिम जनजाति को आवास दिया जाना है इस ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया अनीता देवी ने किया संचालक पंचायत सचिव राज कुमार किया। ग्राम सभा में उपस्थित सोनी देवी राजू विरहोर मंगल विरहोर लीला देवी उर्मिला देवी



सुमित्रा देवी किरण देवी किशोर बिरहार विनोद विरहोर छोटे लाल बिरहोर समाज सेवी छोटेलाल भईया दिनेश प्रजापति सुरेंद्र गुप्ता आदित्य लोग ग्रामीण एवं विरहोर समाज की उपस्थित थे और ग्राम सभा में 30 लाभोक का नाम चयनित किया गया।

## मेरा युवा भारत के तहत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन रामगढ़ कॉलेज में किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेहरू युवा केंद्र, रामगढ़ में मेरा युवा भारत के तहत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन रामगढ़ कॉलेज के हिंदी डिपार्टमेंट में किया गया।कार्यक्रम में विषय विकसित भारत @2047 पर भाषण में भाग लिए हुए प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रकट किए। बतौर निर्णायक भूमिका में रामगढ़ कॉलेज की हिंदी विभाग की प्रमुख प्रोफेसर डॉ अनामिका, रितेश कुमार पाञ्चजन्य के पत्रकार और व्याख्याता जितेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया।सभी प्रतिभागियों ने विकसित भारत पर अपने उच्चतम विचारों को प्रकट किया। कार्यक्रम में अशोक कुमार, सोनम कुमारी,शंकर कुमार,श्रीणु गुप्ता,उर्मिला कुमारी,माधवी कुमारी,रवि कुमार,दुर्गा कुमारी, तान्या मिर्धा आदि कई प्रतिभागी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक अमित कुमार वा शिवम सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

## किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने जायरीनों को किया अजमेर रवाना

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय संयोजक पंकज महतो के द्वारा मगनपुर,सोसो, जांगी,कुसुमडीह, चाडी,भुचुंगडीह आदि दर्जनों गांव से जियारत के लिए अजमेर शरीफ रवाना होने से पूर्व जायरीनों को माला पहनकर अजमेर शरीफ के लिए रवाना किये । मौके पर मुख्य रूप से मुस्लिम अंसारी वाहजुदिन अंसारी ,शमशेर अंसारी ,शरीफ



अंसारी ,एहसान उल हक ,नसीमा खातून, मजीबुल खातून, शबाना परवीन ,रेहाना परवीन ,जुलेखा परवीन, सानिया आफरीन,दिलीप अंसारी, जियारत के लिए रवाना हुए मौके पर जिलानी खान कालेश्वर कुशवाहा ,शंभू बेदिया ,बबलू अंसारी मौजूद थे।

## भाकपा माले अरगड्डा मोड़ पर 16 को कामरेड महेंद्र सिंह की मनाएंगे शहादत, देगा श्रद्धांजलि

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को अरगड्डा मोड़ माले कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 16 जनवरी को कामरेड महेन्द्र सिंह की शहादत दिवस भाजपा हटाओ-देश बचाओ अभियान के तहत सभा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनसमस्याओं को लेकर व्यापक आमजन आवेदन देकर सरकार से मांग की गई है। जिसमें बड़े पैमाने पर राशन किरासन, बृद्धा-विधवा पेंशन, वास-आवास,वन पट्टा,गैरमजरुआ जमीनों का बंदोबस्ती, मनरेगा में रोजगार और मजदूरी भुगतान,रसीद आनलाईन में भ्रष्टाचार आदि को लेकर आवेदन दिए गए हैं। उस पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।बैठक का संचालन जयनंदन गोप ने किया। बैठक में जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,लालु बेदिया, लालचंद बेदिया, छोटेलाल दास,बबलू राम,लालकुमार बेदिया, शैलेन्द्र बेदिया,अजीत बेदिया,रामबृक्ष बेदिया, जयवीर हंसदा, मानकी टुडू, चन्द्रिका राम, युनूस खान, जगदीश बेदिया,अख्तर अंसारी, बालेश्वर घटवार,चिंतामन महतो आदि उपस्थित थे।

## इनमौसा ने पोखरिया वनभोज सम्मेलन में मुख्य अतिथि जीएम को किया सम्मानित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा पोखरिया के समीप इनमौसा शाखा सिरका का वनभोज सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरगड्डा महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे, पीओ श्रीकांत शर्मा उपस्थित हुए। अवसर पर इनमौसा के सदस्यों ने जीएम अरगड्डा सुधांशु कुमार पांडे को मेरा जीएम मेरा अभिमान नामक मेमोंटों, पुष्प हार, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर प्रशांत बेलथरिया, संतोष सिंह, शिव शंकर, रामजी सिंह आदि उपस्थित थे।

## अरगड्डा झोपड़ी श्रीराम के जयकारें से गुंज उठा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को अरगडा झोपड़ी मोहल्ला में अयोध्या से आए पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्रिका का लोगों के बीच वितरण किया गया। इस दौरान कलश को भी भ्रमण कराया गया। सब से पहले झोपडी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर पवित्र अक्षत और निमंत्रण पत्रिका अर्पित की गई । इस अवसर पर दर्जनो पुरुष बच्चे हाथों में भगवा झंडा



लेकर पवित्र अक्षत और निमंत्रण पत्रिका देकर अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया । इस दौरान झोपड़ी जय श्रीराम और जय सीताराम के गगनभेदी नारों से गुंज उठा । मौके पर मौजूद ग्रामीणों को बताया गया की अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर प्रतिष्ठा के दिन सभी लोग अपने अपने घरों मे कम से कम पाँच दीपक जरूर जलाएं। वितरण कार्यक्रम में रंजन कुमार , रतनलाल , दिनेश नायक , रोहित , सुभाष राम , लक्की ,सक्षम , रोशन , देव , रामनाथ , शिवा नायक , सागर आदि उपस्थित थे।

# बिरसा परियोजना को तीन करोड़ की लागत का डंफर मिला, उत्पादन में आएगी तेजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना को कोयले की ढुलाई में तेजी लाने के लिए सीसीएल रांची हेडक्वार्टर ने तीन करोड़ रुपए लागत की कामतसू कंपनी का डंफर दिया गया। इसी आलोक में सोमवार को बिरसा वर्कशॉप में नये डंफर का विधिवत पूजा अर्चना कर परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, मैनेजर रामेश्वर मुंडा ने फिता काट कर उद्घाटन किया। बता दें कि बिरसा परियोजना को इस बार छह लाख टन कोयला का उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया है जिसमें अभी तक 4.82 लाख कोयला का उत्पादन कर चुकी है वही ओबी निकालने के लिए 15 लाख टन करने का लक्ष्य दिया गया है जिसमें बिरसा परियोजना ने 12 लाख टन ओबी निकाल चुकी है। शेष बाकी बचे उत्पादन को जल्द पूरा किया जाएगा इस मौके पर बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास ने कहा कि बिरसा परियोजना में कोयला व ओबी के उत्पादन में तेजी लाने हेतु डंफर की मांग सीसीएल हेडक्वार्टर से की गई थी। जिसपर हेडक्वार्टर ने बिते दिनों दो डंफर एवं आज एक डंफर दिया है। नये डंफर



के मिलने से उत्पादन लक्ष्य के करीब परियोजना पहुंच चुकी है। उक्त डंफर वाताकुलिन एसी दिया गया है। वहीं इस डंफर में चार सेलडर दिया गया है। उद्घाटन के मौके पर बिरसा परियोजना कुमार राम भवन, भक्तराम सरदार, सिकन्दर कुमार, द्वारकानाथ सिंह, एम डी अशलम, मग्लेश, अभिजित चटर्जी, सहनवाज अहमद, देवव्रत दास, विकास रंजन, विस्थापित नेता महादेव बेसरा, शंकर,रघुवर ओझा, दिनेश मुंडा, सुनील प्रसाद, आशीश कुमार, विजय साव आदि लोग मौजूद थे।

# सरकार पुरानी पेंशन को लेकर बिल्कुल गंभीर नहीं : ओमप्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के द्वारा सोमवार को पूरानी पेंशन योंजना बहाली संयुक्त मन्च के आह्वान पर एकदिवसीय भूख हड़ताल पतरातू स्टेशन परिसर में की गई। जो सफलतापूर्वक संपन्न रहीं। अध्यक्षता एसके सांगा ने किया। यह आंदोलन विशेष रूप से एनपीएस के वहिष्कार के लिए था। पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के लिए कितना महत्वपूर्ण है। यह जानकारी वक्ताओ द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारियों को दी गई। यूनियन के सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने वक्तव्य से सरकार के रूखे रवैया को साझा करने का काम किए। मौके पर ईसीआरकेयू हाजीपुर के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरकार पुरानी पेंशन को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। उसकी नीतियां दिन प्रतिदिन कर्मचारियों के लिए उदासीन होते जा रही है। अब कर्मचारियों को अपने हित के लिए एकजुट होकर आने वाले समय में ऐसे अनेक आंदोलन को संचालित करना होगा। पुरानी पेंशन हमारा स्वाभिमान, हमारा हक है। उन्होंने कहा कर्मचारी सतर्क




रहें, सावधान रहें और यूनियन के किसी भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। वहीं शाखा सचिव आरएन चौधरी ने एनपीएस को कर्मचारियों के लिये नासूर बताया। साथ ही उन्होंने कर्मचारीयों को एकजुट होकर यूनियन को मजबूत करने की बात कही। इस भूख हड़ताल में ईसीआरकेयू पतरातु के पदाधिकारीगण एवं अन्य सदस्य के अलावे सुरेन्द प्रसाद, मुकेश कुमार, लाल बाबू, कुश कुमार, आकाश कुमार, प्रेम, मनीष, रमेश, पंकज, गौतम, गौरी शंकर, एस सी श्रीवास्तव, सनोज कुमार और विकाश कुमार आदि शामिल थे।

## भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष के नेतृत्व में रामगढ़ कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार से रामगढ़ नगर परिषद कार्यालय में जाकर मुलाकात की मुलाकात के दौरान दिग्वार नदी के किनारे विद्युत श्मशान घाट का निर्माण रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक जगह पर ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करवाने प्रधानमंत्री आवास योजना आवास योजना जो पूर्ण हो चुका है उन लाभुक शीघ्र भुगतान करने की मांग बचे हुए सार्वजनिक जगह पर लाइट लगवाने की मांग गरीब के बीच कंबल वितरण करने दिग्वार फोर लाइन से लेकर परमेश्वरी महतो के होटल तक पीएससी पर निर्माण दिग्वार काली मंदिर से लेकर कर मां जाने वाली कालीकरण रोड तक पीसी सी पथ निर्माण एवं गढ़वाल का निर्माण क्षेत्र में साफ सफाई चौक चौराहे पर सार्वजनिक स्थलों पर करने की मांग पोचरा काली मंदिर से लेकर सेवता रौता तक पीसीसी एवं नाली का निर्माण जल मीनार का निर्माण बोंगावर मंडाटांड़ के पास जल निर्माण की मांग की है मिलने वालों में रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय शाह मंत्री विजय गिरी भाजपा नेता देवेंद्र गिरी दुलाल पडा उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार पूरी तरह विफल : पंकज महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक के नेतृत्व में सोमवार को गोला प्रखंड कार्यालय में दर्जनों ग्रामीण अबुआ आवास ,वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि मे घोर भ्रष्टाचार व अनमित्तता को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलने के लिए गए व विरोध जताया जिसमे कुदुस मियां ,सोमार मिर्घा, गोखुल डोम,पलानी देवी, अमरलाल बेदिया ,सोनिया देवी,शिवती देवी, सुनीता देवी काजल देवी, तेबुन निशा ,मंजू देवी, सनोक देवी ,शांति देवी ,गीत देवी, फुनिया देवी, मुन्नी देवी ,मीना देवी आदि दर्जनों लोगो ने विरोध किया झारखंड बने 23 वर्ष हो गए पर खनिज संपदा से भरपूर अमीर राज्य होते हुए भी यहां की अधिकांश जनता गरीब है जो अपनी मूलभूत समस्याओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं पानी, सड़क, शिक्षा ,वृद्धा पेंशन , विधवा पेंशन,राशन कार्ड बनवाने प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे सिर्फ झूठा आश्वासन दिया जाता है सरकार द्वारा लगाए गए शिविरों में में आवेदन फॉर्म लेकर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं और आवेदनों को फेंक दिया जाता है।मोके जिलानी खान ,शंभू बेदिया,तेजपाल महतो, कौलेस्वर कुशवाहा,बबलू अंसारी आदि उपस्थित थे।

## अरगड्डा जीएम मजदूर विरोधी, लूट खसोट को मिल रहा बढ़ावा : समसूद खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** लोकल सेल सिरका से जुड़ी बातों को लेकर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार अपराह्न जीएम अरगड्डा से मिला। अवसर पर कांग्रेस सदस्यों ने सिरका लोकल सेल समिति के द्वारा मजदूरों को मजदूरी के नाम पर 160 रुपए देने की बातें बताई। साथ ही इसे लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। अवसर पर कांग्रेस जिला महासचिव समसूद खान ने कहां कि पिछले समय के मजदूरों का लगभग एक करोड रुपए सेल समिति ने हड़प लिया हैं। जबकि अरगड्डा जीएम मजदूर विरोधी बातें कहते हैं, वे कहते हैं कि हमलोग पेलोडर लोडिंग कर रहे हैं, कामगारों को नहीं जानते हैं, मजदूरों का लोकल सेल से कोई सरोकार नहीं हैं, खान ने कहा कि अगर मजदूरों का वहां से कोई सरोकार नहीं होता तो फिर प्रभारी और मुंशी केवल लूट के लिए रखा गया हैं, कहां की जिस प्रकार रेलीगढ़ा के तर्ज में नियमानुसार सेल मजदूरों को पैसा दिया जाता हैं, उसी प्रकार सिरका में भी होना चाहिए, हजारों स्थानीय मजदूर कांग्रेस के साथ अपनी मांगों को लेकर आगामी दिनों में प्रदर्शन करेंगे, प्रबंधन के वरीय अधिकारी व सेल समिति लूट खसोट में लगी हुई हैं, जो बिल्कुल सही नहीं हैं, इससे गलत करने वालों का मनोबल बढ़ा हुआ हैं, जिस पर आगे आंदोलनात्मक रूप अख्तियार किया जाएगा।

# शांति निकेतन विद्यालय उरीमारी में छात्र -छात्राओं के बीच सेमिनार का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के शांति निकेतन विद्यालय में छात्र -छात्राओं के समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में एक सेमिनार का आयोजन सोमवार को किया गया। वहीं इस सेमिनार के मुख्य अतिथि जे.एन.प्रसाद बेस स्कूल आफ स्पोकन इंग्लिश सौंदा बस्ती के संस्थापक मौजूद रहे। वहीं उन्होंने माता-पिता, शिक्षक और समाज के महत्वपूर्ण योगदान की महत्वपूर्णता पर बच्चों के बीच प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने एक घंटे के व्याख्यान में मस्तिष्क की असीम शक्तियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जीवन में सफलता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत को कोई चीज नहीं बदल सकती है। लेकिन एक सुंदर विजन के बिना कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। वहीं इस मौके पर स्कूल के निदेशक नरेश करमाली प्रधानाध्यापक,दिनेश करमाली, रंजीत करमाली, राजेन्द्र राम, पिंटू कुमार, बिनोद मांझी, सुशील कुमार, अंजली




कुमारी, अर्चना कुमारी, सुरज कुमार, पूनम सरोज किण्डो, संगीता कुमारी, सेवामुनी टुडू, सोनी कुमारी, पुनम भारती, सुमन हांसदा, राजू बेसरा, विजय बास्के, विकास करमाली,सचिन मुर्मू, वर्षा कुमारी, नेहा मुर्मू, दिनेश मांझी, महेंद्र प्रजापति, खुश्बू कुमारी, प्रभात बेसरा, शिल्पा सोरेन,अनु कुमारी राणा,श्रवण कुमार, नरगिस कुमारी,आदि सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

## पतरातू विधायक अंबा प्रसाद के जनता दरबार में पहुंचे सैकड़ों फरियादी

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा पतरातू पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित आवास में जनता दरबार का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीण अपनी समस्या बारी बारी से विधायक के समक्ष रखा। इस दौरान जो भी मूलभूत समस्या जनता ने रखी उसे विधायक में सूचीबद्ध कर आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं तत्काल समाधान होने वाले समस्याओं को मौके पर से ही दूरभाष के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल,योगेंद्र सिंह खरवार,अंजन प्रसाद,रमेश बेदिया,देव कुमार बेदिया,हसीब अंसारी,मुख्तार अंसारी,रामकुमार महतो,नरेश महतो,अत्ताउल्लाह अंसारी,दीपक उरांव,सैफुल्लाह अंसारी,नरेश महतो,अशोक साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**Govt. of Jharkhand**
**Directorate of Sports & Youth Affairs**
**(Department of Tourism, Art-Culture, Sports & Youth Affairs)**
**Gate No. - 28, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi Email: kheljharkhand@gmail.com**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**NIT No- 21/2023-24** **Dated:-08.01.2024**

Sealed Tenders is invited from the bonafide reputed firms/suppliers bearing valid GST registration and have requisite experience for having rate contract for supply of various ***"IT equipments (Desktop & Laptop)"*** supplies to the Directorate of Sports & Youth affairs, Jharkhand, Ranchi for the period of one year. Bidder must deposit Demand Draft of ₹10,000/- (ten thousand rupees) as tender fee (Non-Refundable) and ₹1,00,000/- (one lakhs rupees) as security deposit in favour of Director, Art-Culture, Sports & Youth Affairs, Jharkhand, Ranchi payable at Ranchi along with the Technical Bid.

The detailed tender document can be downloaded from the website of this Directorate – http://sports.jharkhand.gov.in from 08.01.2024 to 16.01.2024

Sd/-
Director,
Directorate of Sports & Youth Affairs,
Jharkhand.

PR.NO.315397 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24):D

**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग।**
Email Id- districtsportsofficehzb@gmail.com

पत्रांक– 17 दिनांक– 08.01.2024

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1318 राँची, दिनांक 05.01.2024 के आलोक में राज्य के विभागान्तर्गत संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल स्तर पर प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन किया जाना है। उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित है।

| क्र0 सं0 | प्रमण्डल का नाम | आयोजनकर्त्ता जिला | प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | प्रतिभा चयन ट्रायल की आयोजन तिथि | खेल विधा का नाम, जिसमें वर्ष 2024–25 हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल किया जाना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल | हजारीबाग | कर्जन स्टेडियम, हजारीबाग | 12 एवं 13 जनवरी, 2024 | एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका), हॉकी (बालक एवं बालिका), तीरंदाजी (बालक एवं बालिका), फुटबॉल (बालक एवं बालिका) |

उक्त प्रतियोगिता में चयन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु श्री नीरज कुमार राय, एथलेटिक्स प्रशिक्षक के मोबाईल नं0– 6201838384, सुश्री वीणा केरकेट्टा, फुटबॉल प्रशिक्षिका, के मोबाईल नं0– 7765808624 एवं श्री बी0एस0 राव, तीरंदाजी प्रशिक्षक के मोबाईल नं0– 8340650445 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 315457 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24)D

**कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
**समग्र शिक्षा**

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**आम सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के निदेशानुसार जिले के 16 (CM SOE, ULB, Model School, KGBV, JBAV) विद्यालयों एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में अधिष्ठापित पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय किया जाना है। इस निमित्त दिनांक 10.01.2023 को समाहरणालय परिसर, कोडरमा में आयोजित किये जानेवाले पुस्तक मेला को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। जिसकी सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 315425 Jharkhand Education Project Council (23-24)_D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त लोअर बाजार थाना काण्ड सं0–138/18 दिनांक 21.04.18 धारा 147/148/149/323/307 भा0द0वि0 एवं आर्म्स एक्ट के प्रा0 अभि0 मो0 सलाउदीन उर्फ संजु पे0 स्व0 हाजी असलम सा0 गुदरी चौंक पथलकुदवा रोड थाना लोअर बाजार जिला रॉंची का द0प्र0सं0 की धारा 82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इतेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri Kamlesh Behra**
**J.M-XI, Ranchi**
**Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]**
**PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED** **Lower Bazar-138/2018**
**[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]**
**(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)**

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
**Md Salauddin @ Sanju S/O Late Hazi Aslam R/O- Gudri chowk Pathalkudwa Road P.S.- Lower Bazar, Dist. Ranchi**
2. कियाहै या करने का उस पर शुवहा है। — जोव–मुजिब दफा के सजा के लायक है(2) — मजमूअए तावीरात हिन्द
3. नाम — औरव–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जाजारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3) जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि(3) जब
4. मोकाम।
**U/S-147/148/149/323/307 IPC and 27 of Arms Act** — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5) अ–हजुर(6)
6. इस अदालत व रूबरू मेरे। — ब–तारीख 17.01.2024 माह नालिश–मजकुर 11.00 ए0एम0 को जवाब देही के लिए हाजिर हो आज तारीख 29.11.2023

**Sd/-Kamlesh Behra**
**J.M. Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्रा0 अभि0 **Md Salauddin @ Sanju** कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/ **Court of Sri Kamlesh Behra J.M-XI, Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।
पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी, लोअर बाजार, राँची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 315395 Police(23-24).D

## जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित सोमवार को नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के ज़िला कार्यालय में  जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे भाषण प्रतियोगिता का विषय ÷मेरा भारत - विकसित भारत ञ्च2047÷ था। जिसमें ज़िले के विभिन्न प्रखण्डों से युवाओं ने भाग लिया । इधर नेहरू युवा केन्द्र के लेखापाल नैयर परवेज ने बताया कि जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्वेता कुमारी, द्वितीय स्वेता कुमारी, तृतीय राजेश टुडू ने प्राप्त किया। जिसमें सभी को प्रमाण पत्र देकर समानित किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्रापत करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर भाग लेंगे। वही राज्य स्तर में प्रथम प्राप्त करने पर एक लाख पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मोके पर निर्णयक महेश अमन, राजेश कुमार, जयशंकर अग्रवाल, एमटीएस चंचल कौशिक उपस्थित थे ।

## मैंगा स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**सरिया(गिरिडीह)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को सरिया कॉलेज एवं ए एस आई  झारखंड चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में कॉलेज में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ए एस आई झारखंड चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष डॉ मोहम्मद आजाद, सचिन डॉ राजेश कुमार सिंह, डॉ नसीम अहमद,डॉ रूही तबस्सुम, डॉ चंदन कुमार, प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल, इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनोज पांडेय आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान डॉ राजेश कुमार सिंह ने कहा कि जीवन में खुश रहना महत्वपूर्ण है। सकारात्मक सोच के साथ अपने कार्यो का निर्वहन करें तभी बेहतर स्वास्थ्य व परिणाम प्राप्त होंगे। कॉलेज परिवार की ओर से डॉ राजेश कुमार सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी डॉक्टरों को बुक के देकर सम्मानित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रूही तबस्सुम ने कॉलेज में पढ़ रही छात्राओं को ब्रैस्ट कैंसर के प्रति जागरूक की। इस स्वास्थ्य शिविर में विद्यार्थियों को मुफ्त में इलाज किया गया तथा कुछ आवश्यक दवाइयां निशुल्क वितरित की गई।वहीं छात्र-छात्राओं का निःशुल्क खून जांच किया गया। इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ो विद्यार्थियों ने डॉक्टरों से इलाज किया गया।

## पति-पत्नी के जनाजे में शरीक हुए पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के माखमरगो पंचायत के पूर्व उप मुखिया मोहम्मद मुबारक अंसारी के 90 वर्षीय पिता कादिर अंसारी एवं 85 वर्षीय माता रबुना बीबी का शनिवार की रात एक साथ देहांत हो गया था। जिसके मिट्टी की रस्म सोमवार को पूर्ण की गई। इस बीच गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जय प्रकाश वर्मा शामिल होकर जनाजे को अंतिम विदाई दिया। आपको बता दें कि वृद्ध दंपति का शनिवार एक साथ दोनों का निधन हो गया था। मृतक अपने पीछे 4 पुत्रों एवं 5 पुत्रियों समेत पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी, संतोष कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पपरवाटांड में दो युवक हुआ सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हो गया। सोमवार को दोनों का इलाज सदर अस्पताल में अभी चल रहा था। युवक ने बताया की बस स्टैंड के समीप का निवासी बबलू सिंह और हुट्टी बाजार का भावेश यादव एक ही मोटरसाईकिल से किसी काम से पपरवाटांड गया हुआ था।वापस लौटने के दौरान पपरवाटांड के पास ही किसी अज्ञात वाहन ने इसकी मोटरसाईकिल में धक्का मार दिया।जिससे यह गिरकर घायल हो गया। अनान फानन में दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

## घरेलू विवाद में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार की अहले सुबह गिरिडीह ज़िले के बनियाडीह में पवन कुमार राम नामक केबल ऑपरेटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। घटना से कोहराम मच गया। बताया गया कि यह नशे का आदत था और घर में हुए विवाद के बाद गुस्से में आकर इसने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में आसपास के लोग जुटे। जिसके बाद में मुफ्फसिल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा दर्ज कर शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दी गई।

## टुंडी में अयोध्या से आए पूजित अक्षत व निमंत्रण हेतु किया भ्रमण

**टुंडी/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अयोध्या से पूजित अक्षत आगामी 22 जनवरी को रामलला मंदिर उद्घाटन हेतु पुरनाडीह के मां मनसा देवी मंदिर से शुभारम्भ किया गया जो समस्त गांव के घर-घर अक्षत देकर सबों को आमंत्रित करते हुए पंचायत सचिवालय के पूरब दिशा के मां काली मंदिर में समापन किया गया।  हजारों हजार की संख्या में पीला वस्त्र धारण किए महिलाएं एवं पुरूषों के साथ साथ काफी संख्या में बच्चे भी उपस्थित रहें। जिसमें सबों को कहा गया कि आप अपने घर एवं अपने गांव के मंदिरों को ही अयोध्या बनाने की तैयारी करें। तिथि 22 जनवरी को घर एवं मंदिर में कम-से-कम पांच दीपक अवश्य जलाएं अधिक से अधिक के लिए आपसब स्वतंत्र हैं। कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत प्रमुख नितिन गुप्ता एवं सह प्रमुख फैनीलाल यादव सह प्रमुख जितेन्द्र कुमार मंडल प्रखण्ड सह प्रमुख सह बजरंग दल प्रखण्ड संयोजक रविन्द्र कुमार मंडल, सुरेश राम गुप्ता, सुशील कुमार महतो, नागेश्वर पण्डित, अजित राम गुप्ता एवं भीड़-भाड़ को नियंत्रित एवं दिशा निर्देश संतोष कुमार पण्डित कर रहे थे।

## बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस चलेगी परिवर्तित मार्ग से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनूपपुर जं. पर एनआई कार्य किया जाना है । इस कारण पूर्व मध्य रेल से खुलने वाली गाड़ी सं. 15231/15232 बरौनी-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जायेगा जिसका विवरण निम्नानुसार है -

1.दिनांक 08.01.2024 से 14.01.2024 तक बरौनी से खुलने वाली गाड़ी सं. 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर- नैनपुर-बालाघाट के रास्ते चलायी की जायेगी ।

2. दिनांक 09.01.2024 से 15.01.2024 तक गोंदिया से खुलने वाली गाड़ी सं. 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग बालाघाट-नैनपुर- जबलपुर-कटनी के रास्ते चलायी की जायेगी ।

# गोल्फ ग्राउंड में आयोजित होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

## बच्चों द्वारा निकाली जाएगी प्रभात फेरी, विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जाएगी झांकी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक की गई।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मुख्य समारोह पूर्व की भांति गोल्फ ग्राउंड में आयोजित होगा। जिसमें परेड और भव्य झांकी की व्यवस्था होगी। उन्होंने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा - निर्देश दिए। सभी विभागों को झांकी में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को परदर्शित करने को कहा। परेड की सारी व्यवस्था वरीय पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में किया जाएगा।

**झंडोत्तोलन का कार्यक्रम**

1. गोल्फ ग्राउंड, धनबाद (मुख्य समारोह स्थल)-9:00 पूर्वाहन

2. धनबाद समाहरणालय - 10:30 बजे पूर्वाहन

3. मिश्रित भवन, धनबाद - 10:45 बजे पूर्वाहन

4. अनुमंडल कार्यालय, धनबाद 10:50 बजे पूर्वाहन

5. रेडक्रॉस, सोसाइटी भवन - 11:00 बजे पूर्वाहन

6. पुलिस लाइन, धनबाद - 11:10 बजे पूर्वाहन

7. गांधी सेवा सदन - 11:30 बजे पूर्वाहन

**20 जनवरी से होगा परेड का पूर्वाभ्यास**

परेड का पूर्वाभ्यास 20 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जाएगा। परेड में कोलफील्ड स्कूल की बैंड पार्टी भाग लेंगे। परेड समारोह में डीएपी के 2 प्लाटुन, जैप का एक प्लाटुन, एनसीसी का एक प्लाटुन, आरपीएसएफ का एक प्लाटुन, भारतीय स्काउट एवं गाइड का एक प्लाटुन, सीआईएसफ धनबाद के दो प्लाटुन, सीआरपीएफ का एक प्लाटुन और होमगार्ड का एक प्लाटुन शामिल होंगे।



**इन विभागों द्वारा निकाली जाएंगी झांकियां**

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को केंद्रीत करते हुए झांकियां निकालने की तैयारी का निर्णय लिया गया। जिसमें कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उत्पाद विभाग, टाटा स्टील जामाडोबा, बीसीसीएल, जिला शिक्षा अधीक्षक सर्व शिक्षा अभियान, वन विभाग, अग्निशामक विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, डीआरडीए, आईसीडीएस, जनसंपर्क विभाग, आपूर्ति विभाग, गव्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, धनबाद नगर निगम, जेएसएलपीएस द्वारा झांकी निकाली जाएगी।

**पदाधिकारियों को सौंपी गई अलग अलग जिम्मेवारी :-** बैठक में मुख्य समारोह स्थल गोल्फ ग्राउंड की साफ सफाई, गमला एवं सौंदर्यीकरण, मुख्य समारोह स्थल की घेराबंदी, पंडाल एवं बैठने की व्यवस्था, पब्लिक संबोधन सिस्टम की व्यवस्था, झंडा/झंडोतोलन की तैयारी आदि को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को अलग - अ ल ग जिम्मेवारी दी गई।

**गणतंत्र दिवस की संध्या आयोजित होगी सांस्कृतिक**

**उत्कृष्ट कार्य/प्रदर्शन करने वालों को किया जाएगा सम्मानित :-** बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह स्थल पर परेड पुरस्कार/ मेधावी छात्रों/ खेल/ सांस्कृतिक/कला/अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मेडल/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस बाबत सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी/संबंधित विभाग के पदाधिकारी आदि को सूची तैयार कर कमेटी को समर्पित करने का निर्देश दिया।

**गणतंत्र दिवस की संध्या आयोजित होगी सांस्कृतिक कार्यक्रम :** बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के मौके पर संध्या को जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, प्रदीप कुमार सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आउटसोर्सिंग परियोजना का ओबी डंपिंग कार्य की स्थिति तनावपूर्ण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोरापोखर थाना क्षेत्र के बरारी मुहल्ला के समीप आउटसोर्सिंग परियोजना का ओबी डंपिंग करने की कार्य का विरोध करने को कार्य स्थल पर सोमवार को जमा हुई ग्रामीणों भीड़ से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रबंधन एवं ग्रामीण पक्ष के बीच टकराव होने कि सूचना पर जोरापोखर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर मामले में हस्तक्षेप किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद आउटसोर्सिंग प्रबंधन एवं ग्रामीणों के बीच टकराव टल गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी बिनोद उरांव के निर्देश के बाद आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने ग्रामीणों को शाम को जियलगोरा अतिथि गृह में समझौता वार्ता के लिए बुलाया है। मालूम हो कि प्रबंधन का आज से बरारी शराफतपुर के समीप चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना का ओबी बरारी मुहल्ला के निकट डंपिंग करने कि योजना थी। मामले को लेकर बरारी के ग्रामीण दो गुटों में बंट गयी है। एक गुट के बरारी मस्जिद कमिटी के सदर अलीम अंसारी, इश्तियाक अंसारी, सिबतुल अंसारी सहित अन्य लोग बरारी के सभी मुहल्लें कि सुरक्षा



को लेकर परियोजना विस्तारीकरण में मुहल्लें को छेड़छाड़ नहीं करने तथा बरारी के पांचों मुहल्लें का एक साथ सुविधाओं के साथ एक जगह पर विस्थापन करने कि मांग पर अड़े हैं। जबकि दूसरा गुट कांग्रेसी नेता शमशेर आलम एवं उसके समर्थकों द्वारा ओबी डंपिंग के जद में आनेवाले पांच दर्जन आवासों को पहले विस्थापन करने कि मांग को लेकर आउटसोर्सिंग परियोजना के ओबी डंपिंग का विरोध किया जा रहा है। उक्त मुद्दे को लेकर प्रबंधन एवं ग्रामीणों के बीच टकराव कि स्थिति बन गई है। टकराव को टालने को प्रबंधन ने सोमवार कि शाम को जियलगोरा अतिथि गृह में ग्रामीणों के साथ वार्ता किया। शमशेर आलम गुट ने वार्ता का बहिष्कार किया। वार्ता  में आउटसोर्सिंग के निदेशक कुंभनाथ सिंह एवं एकीकृत जयरामपुर कोलियरी के पीओ ए के पाण्डेय ने कहा कि बरारी के लोगों कि सुरक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान करने पर कंपनी का पुरा फोकस रहेगा। आउटसोर्सिंग परियोजना से मुहल्लें एवं नागरिकों  को प्रभावित नहीं किए जाने तथा मुहल्लें कि सुरक्षा के लिए मुहल्ला के किनारे किनारे ओबी कि ढेर से घेराबंदी कर मुहल्ला को सुरक्षित करने, सड़क पर नियमित जल छिड़काव कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों कि मांग पर सिंह ने आवश्यक्ता के अनुसार बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने का भी आश्वासन दिया गया है। सकारात्मक वार्ता के बाद प्रबंधन एवं ग्रामीणों के बीच व्याप्त गतिरोध समाप्त हो गया है। वार्ता में कुंभनाथ सिंह, मिथलेश सिंह, पीओ ए के पाण्डेय, इश्तियाक अंसारी, सिबतुल अंसारी, बंटी खान, इकबाल अंसारी, राजा अंसारी, शकील अंसारी, बबलू, शाहिद आदि थे।

## सेवा, शर्त, नियमावली व मानदेय बढ़ोतरी को लेकर बीआरपी सीआरपी महासंघ ने दिया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सेवा शर्त नियमावली एवं मानदेय में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर धनबाद जिला बीआरपी-सीआरपी महासंघ ने सोमवार को रणधीर वर्मा चौक पर मौन धरना दिया एवं मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रखंड साधन सेवी व संकुल साधन सेवी वर्ष 2005 से कार्यरत है।

## निकाय चुनाव में ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी का आरक्षण सुनिश्चित करके ही चुनाव कराए : राजकुमार राज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार राज ने प्रेसविज्ञाति जारी कर कहा कर निकाय चुनाव पर अपने विचार रखते हुए कहा है कि झारखंड सरकार को चाहिए कि वह कोर्ट के आदेश का अनुपालन के साथ-साथ निकाय चुनाव में ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी का आरक्षण सुनिश्चित  करके ही चुनाव कराएद्य राज ने कहा की पूर्व से यह मांग आती रही है इसलिए सरकार को एक तरफ जहां कोर्ट के आदेश का अनुपालन करना चाहिए वहीं दूसरी तरफ पिछड़े वर्ग के हितों की रक्षा के



लिए ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी के आरक्षण तय करके ही चुनाव करना चाहिए  राज ने कहा कि इस संदर्भ में शीघ्र ही उनकी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री झारखंड एवं मुख्य सचिव झारखंड से मिलेगा तथा इस संदर्भ में ज्ञापन देगा।

## अवैध अंग्रेजी शराब को पुलिस ने किया जब्त, एक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र सवांददाता

**सरिया :** सरिया के रास्ते बिहार के लिए ले जा रहे अवैध अंग्रेजी शराब के एक बड़े खेप को सरिया पुलिस ने सोमवार के अहले सुबह सरिया के डाक बंगला रोड से जब्त किया है साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार की है। इसको लेकर एसडीपीओ नौशाद आलम ने सरिया थाना परिषर में प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी है, जिसमे इन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक गिरीडीह को आसूचना मिली थी कि सरिया के रास्ते शराब की एक बड़ी खेप बिहार को जा रही है, इसी आलोक में सरिया थाना प्रभारी को निर्देशित किया, जिसके बाद फौरन सरिया के डाक



बंगला रोड में चेकपोस्ट लगाकर गाड़ियों की जांच शुरू की गयी, इसी बीच एक पिकअप वैन को जांच करने के दौरान पानी लदा मिला जब और गम्भीरता से जांच की गई तो पानी के पेटियों के पीछे शराब की बड़ी खेप मिली, जिसे फौरन जब्त कर लिया गया वहीं चालक को हिरासत में ले ली गयी है। बताया कि 218 पेटियों में कुल 2616 बोतल अंग्रेजी शराब व 40 पेटी पानी का बोतल जब्त किया गया है जिसका अनुमानित कीमत लगभग 16 लाख रुपये आंकी जा रही है। फिलहाल मुकदमा  दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है, वहीं कारोबार में शामिल अन्य माफियाओं के खिलाफ भी छानबीन शुरू कर दी गयी है, जल्द ही गिरफ्तार कर उन्हें भी जेल भेजा जाएगा। इस कार्रवाई को अंजाम देने में थाना प्रभारी अनिश पांडेय व एएसआई भरत शिकरेवाल ने अहम भूमिका निभायी है जबकि प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी अनिश पांडेय मौजूद थे।

## चोंगाखार व पडरमनिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत भवन में सोमवार को भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बगोदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, अंचलाधिकारी सारांश जैन, जिप सदस्य सूरज सुमन एवं स्थानीय मुखिया देवकी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस बीच पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने सभा को संबोधित करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा संचालित हो रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाऐं के बारे विस्तार से जानकारी दिया। वहीं जेएसएलपीएस से जुड़ी सरिता वर्मा ने बहुचर्चित उज्जवला योजना के आने से उसके जीवन में हुवे बदलाव को उपस्थित लोगों से साझा किया। तथा लक्ष्मी वर्मा ने एक आम महिला से बैंक सखी तक के मुकाम को हासिल करने के संघर्ष को बयां किया।

## बेको पूर्वी पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास योजना को लेकर हुआ ग्राम सभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर प्रखण्ड के बेकों पूर्वी पंचायत सचिवालय में सोमवार को अबुआ आवास का भारी संख्या मौजुद ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों के उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया। वहीं इस दौरान योग लाभुकों का चयन हेतू पोषक क्षेत्र के वार्ड सदस्यों से बारी बारी से लाभुकों के मौजूदगी में प्रस्ताव लेकर चयन किया गया। वहीं अबुआ आवास के ग्राम सभा पुरुषों के अपेक्षा महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई । इस मौके निर्वतमान मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी पंचायत सचिव अनुराधा सिंह वार्ड सदस्य राजेन्द्र यादव तेज नारायण साव रवि कुमार गायत्री देवी उषा देवी शांति देवी तुलसी मिर्धा आश्री देवी रोजगार सेवक नीलकंठ यादव कालेश्वर यादव  अमर देव महतो अशोक ठाकुर आदित्यनाथ पाण्डे प्रज्ञा केन्द्र संचालक नन्दलाल साहु मिहिर महतो दिनेश सिंह दिनेश महतो।



**ग्राम सभा में लाभुकों की उमड़ी भीड़**

## जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के छात्र-छात्राओं ने की पिकनिक में मस्ती


**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बलियापुर बायपास रोड, मंझीला डीह स्थित धनबाद जेपी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन प्रबंधन के द्वारा विश्व प्रसिद्ध मनोरम पर्यटन,जैन धार्मिक एवं वनभोज स्थल पारसनाथ में पिकनिक एवं वनभोज का रोचक आयोजन किया गया। पारसनाथ पिकनिक यात्रा में शामिल जेपी कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, पारामेडिकल एवं फार्मेसी के प्रशिक्षु छात्र छात्राओं ने पारसनाथ की मनोरम दृश्यों, आपस में मनोरंजन गेम्स एवं लजीज वयंजनों का लुफ्त उठाया। पिकनिक में जेपी कॉलेज छात्र-छात्राओं ने पारसनाथ के सम्मेद शिखरजी, मंदिरों एवं आसपास के पहाड़ी वादियों का भ्रमण कर आनंदित हुए और बहुत सी ऐतिहासिक जानकारियां भी हासिल की। मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल ने बताया पिकनिक का उद्देश्य एक यादगार दिन बनाने,वयस्त पाठ्यक्रम एवं दिनचर्या के बीच छात्र-छात्राओं को रिफ्रेश रिलैक्स करने, छात्रों की आपस में गलतफहमियों को दूर करने, उनकी कॉलेज में पठन-पाठन की प्रतिक्रिया प्राप्त करने, उन्हें उत्साहित, गौरांवित एवं ऊर्जामय बनाने के लिए किया गया है।

### हरिजन टोला में हुए नाबालिक छात्रा की हत्या मामले में पुलिस ने की प्रेस वार्ता

## दूसरे अभियुक्त को पुलिस ने हजारीबाग से किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर थाना क्षेत्र के हरिजन टोला में हुए गोली कांड को लेकर थाने परिसर में बगोदर सरिया डीएसपी नौशाद आलाम ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताये की बीते शनिवार को हरिजन टोला गोली लगने से रुकसार प्रवीण की हत्या हुई है । युवती का प्रेम गैर जाती है  इसे लेकर गिरिडीह जिला अधिक्षक के निर्देश पर एक कमिटी गठित कर आगे की करवाई की गई । जिसमें मृतिका की अभियुक्त मां फरजाना प्रवीण को गिरफ्तार किया गया था तथा घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल फायर गोली का अग्र भाग एवं खुन लगा हुआ कपड़ा जब्त किया गया है । अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आया कि मृतिका की शादी उसके मां बाप द्वारा तय किए गए लड़के से शादी नही करना चाहती थी । जब अभियुक्त फरजाना प्रवीण यह बात अपनी बहन के पति साबिर अंसारी को बताया तो साबिर अंसारी के द्वारा एक देशी पिस्टल साथ में एक गोली अभियुक्ता फरजान प्रवीण को दिया तथा चलाने का तरीका भी बताया और अपनी बेटी को पिस्टल दिखा कर डरा धमका कर किसी तरह से समझाने को बोला गया । और



नही मानने पर दिमाग या दिल मे गोली मारना तभी मरेगी यह बात साबिर अंसारी के द्वारा बताया गया । फरजाना खातुन द्वारा अपनी बहन के पति साबीर अंसारी के बहकावे में आकर उसके द्वारा बताये अनुसार ललाट में गोली मार कर अपनी पुत्री रुखसार प्रवीण की हत्या कर दी । इस संबंध में बगोदर थाना भा द वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया एवं गठित टीम के द्वारा पेलावल थाना जिला हजारीबाग अंतर्गत साबीर अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया । गठित टीम मे अनुमड़ण्ल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलाम थाना प्रभारी नितीश पुअनि संगम पाठक चंदन कु0, नरेश सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम सढ़ाबे के प्रत्येक घरों मे श्री राम जन्म भूमि अयोध्या का पूजित अक्षत व आमंत्रण का हुआ वितरण

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 जनवरी सोमवार को प्रखंड के ग्राम पंचायत सढ़ाबे के गांव सढ़ाबे मे स्थानीय विहिप इकाई के द्वारा श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत का वितरण कर दिया गया प्रत्येक घरों मे आमंत्रण पत्रक। विदित हो कि आगामी 22 जनवरी को देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलो द्वारा प्रभू श्री राम की प्रतिमा का लोकार्पण कार्यक्रम श्री राम जन्मभूमि न्यास बोर्ड के द्वारा आहुत की गई है उसी के निमित विहिप के द्वारा 01 जनवरी से 15 जनवरी तक देश के हर सनातनियो के घर अयोध्या प्रभू श्री राम का पूजित अच्छ्त व आमंत्रण पत्रक का वितरण किया जा रहा है, वही विहिप कार्यकर्ताओं के द्वारा हर घर अच्छ्त आमंत्रण पत्रक वितरण कर सभी से 22 जनवरी को हर घर मे राम ज्योति जलाने का अनुरोध भी किया जा रहा है। मौके पर विहिप के कृष्णा महतो, परमानन्द साहू, आदित साहू, रितेश साहू, मनीष यादव, अजय साहू, सुधा कुमारी,वर्षा कुमारी, विलोचन यादव, संदीप कुमार, नन्कू कुमार इत्यादि अच्छ्त व आमंत्रण वितरण मे रामभक्त उपस्थित थे।

### कोर्ट परिवाद के तहत कैरो थाना मे डायन विसाही का मामला दर्ज, अनुसंधान में जुटी पुलिस



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत माननीय न्यायालय न्यायिक दण्डाधिकारी लोहरदगा कोर्ट परिवद संख्या के आलोक मे कैरो थाना काण्ड संख्या 02/24 भा0द0वि0 307, 323, 452 504, 506, 34 एवं 3/4 डायन-विसाही प्रतिषेध अधिनियम 2001 के तहत कैरो थाना मे मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले पर काण्ड के अनुसंधान कर्ता कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकान्त कुमार ने बताया कि कैरो थाना क्षेत्र के गितिलगढ़ ग्राम निवासी मँगा उराँव पिता स्व0 तेम्बा उराँव ने शतिश उराँव पिता महरा उरांव, मंजू उरांव पति गोधा उराँव, शतीश उराँव पिता रजुवा उराँव,विल्सन उराँव पिता विनोद उराँव ने गाँव मे मीटिंग कर मेरे उपर डायन विसाही का आरोप लगाकर मुझे जान से मारने की धमकी देते हैं। उक्त मामले पर कोर्ट परिवाद संख्या के तहत कैरो थाना मे उपरोक्त काण्ड संख्या धारा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की करवाई मे जुट गई है।

### गांव-गांव मे वितरण हो रहा है अयोध्या से आया पूजित अक्षत चावल व निमंत्रण पत्र



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत चावल और पत्रिका का वितरण करते हुए 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लाला के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मलित होने के लिये आम जनों को निमंत्रण दिया गया। वही पूजित अक्षत चावल और निमंत्रण पत्र वितरण का कार्य जय श्री राम समिति के सदस्यों और पदाधिकारीयों द्वारा श्री राम का जयकारा लगते हुए पूरे ग्राम घूम घूम कर हर्षोल्लाष के साथ पूजित अक्षत चावल व निमंत्रण का वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिये सभी आग्रह किया गया। मौके पर सतीश यादव, अजय साहु, रवि जायसवाल, महावीर साहु, फग्यवा यादव विपिन जसवाल, रोहित यादव, मनोज साहु, दयाननद यादव, प्रकाश साहु, नीरज यादव, सोमरा भगत, नरेन्द्र यादव सहित अन्य सहित सैकड़ों महिला पुरुष एवं पाहन पुजार उपस्थित थे।

### मुखिया इंद्रदेव उरांव ने असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच बाटे कंबल

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड में सोमवार को मुखिया इंद्रदेव उरांव द्वारा असहाय व जरुरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान भंडरा पंचायत मुखिया ने भंडरा पंचायत के कुंबाटोली, नौडीहा,नवाटोली के 40 असहाय व जरूरत मंद वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में इनदिनों ठंड में काफी बढ़ोतरी हुई है। इससे बचाव अत्यंत ही जरुरी है। इमदिनों सुबह के दस बजे तक कोहरा का साया बना रहता है। सड़को में वीरानी छाई रहती है। ऐसे में घर के वृद्धजन धूप निकलने तक घर में ही रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को ठंड से बचाव के लिए पंचायत के जनप्रतिनिधि सदैव तत्पर है। किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की परेशानी होने पर निःसंकोच इसकी जानकारी दें। इस दौरान मुखिया इंद्रदेव उरांव ने वृद्धजनों से वृद्धापेंशन की जानकारी ली। मौके पर भीखू लोहरा, सोमा उरांव, मंगरी उरांव, बिगला उरांव, कयामुद्दीन अंसारी, लेयाकत अंसारी, बसीर अंसारी, सुखनाथ महतो, भूखली उरांव, बरखा उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### केरसई के कोनजोबा में हमारा संकप्ल विकसित भारत कार्यक्रम हुआ आयोजित

**केरसई(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरसई प्रखंड के कोनजोबा पंचायत अंतर्गत कोरकोटजोर में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित हुआ, कार्यक्रम का विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन अंचल अधिकारी बलिराम माझी कार्यक्रम प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता एवं कोनजोबा मुखिया मुंश खेस ने किया साथ ही अंचल अधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए शपथ दिलाया, कार्यक्रम में लोगों ने एलईडी वैन के माध्यम से मोदी जी का वर्चुअल संवाद सुना।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में कृषि, कृषक पाठशाला पशुपालन मत्स्य, उद्यान की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज कृषि, आत्मा, कृषक पाठशाला, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान आदि की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला कृषि पदाधिकारी की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में वितरण किये गये रबी अंतर्गत गेहूं, मक्का, चना, बीज के वितरण, कृषि ऋण माफी में सही किये गये व सत्यापित किये गये आंकड़ों की जानकारी दी गई। केसीसी के आवेदन बैंक स्तर पर लंबित और रिजेक्ट किये गये आवेदनों की जानकारी दी गई। केसीसी कम स्वीकृत करने वाले बैंक प्रबंधक पर आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेश दिये गये। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार में केसीसी के प्राप्त आवेदन व निष्पादित आवेदनों की भी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में लक्ष्य के विरूद्ध लंबित बाकी भूमि पर योजना पूरी कराने का निदेश दिया गया। बैठक में कृषक पाठशाला अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की चर्चा की गई और आवश्यक निदेश जिला कृषि पदाधिकारी को दिये गये। नाबार्ड अंतर्गत जिला में गठन किये गये नये किसान उत्पादक समूहों की जानकारी दी गई। साथ ही, नये प्रस्तावों की भी चर्चा की गई। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, डीडीएम नाबार्ड संजय त्रिवेदी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एलडीएम नवेंदू कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष पाण्डेय समेत अन्य उपस्थित थे।

## ठेठईटांगर क्षेत्र में हांथीयों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत के ढोड़ीबहार गांव में अहले सुबह 5:00 बजे के आसपास एक जंगली हांथी जो की झुंड से बिछड़ हुआ है, निर्मला लुगुन पति एंथोनी लुगुन के घर का एक हिस्सा को तोड़ते हुए घर में रखे हुए धन को खा गया बड़े मुश्किल से ग्रामीणों ने उसे जंगल की ओर खदेड़ा इस घटना में घर में रखे कई सामान मालवा गिरने से दबाकर खराब हो गए एवं एक बोरा धान को लेकर हांथी चलते बना ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग इस झुंड से बिछड़े हुए हाथी को इस क्षेत्र से जल्द से जल्द दूर भगा दे जिससे की जान माल के हानि होने से बचे और गांव टोला सुरक्षित रहे सुबह सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख सह कांग्रेस नेता विपिन पंकज मिंज गांव का दौरा किया एवं हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया साथ ही एक बोरा चावल भी उपलब्ध कराया जिससे कि कुच्छ दिन इनका खाने-पीने में दिक्कत ना हो मौके पर कांग्रेस प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुशील बोदरा, राजेश डुंगडुंग दुमकी आदि मौजूद थे।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा से लोकतंत्र मजबूत होगा : आलोक साहू

## न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल से होते हुए झारखंड में 2 से 5 फरवरी के बीच पहुंचेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के द्वारा 14 फरवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से प्रारंभ हो रहा है। यह यात्रा से लोकतंत्र मजबूत होगा। यह यात्रा पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड में 2 से 5 फरवरी के बीच पहुंचेगी। झारखंड में यह यात्रा 804 किलोमीटर की दूरी 8 दिनों में तय करेगी। यह यात्रा झारखंड में दो चरणों में होगी। झारखंड में न्याय यात्रा आने से कांग्रेस जनों, गठबंधन दलों एवं आम जनता काफी उत्साहित है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी इसकी तैयारी में जुट गई है इसके लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा हक मिलने तक का स्टीकर जारी कर दिया गया है जो विभिन्न जिलों में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से दो पहिया, चार पहिया वाहनों में लगाई जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हो सके। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से सामाजिक,आर्थिक ,राजनीतिक के साथ-साथ सामाजिक न्याय, जनता के मूल सवालों महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों के दयनीय स्थिति जातीय जनगणना जैसे मसलों पर जन जागरण करेंगे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी समाज के विभिन्न वर्गों से, विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से, संगठनों से बात करेंगे उनकी बात समझेंगे और उसका समाधान करने का प्रयास करेंगे।

## एसोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर लुगुन और सचिव बने रूपनरायन महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र स्थित न्यू पुलिस लाइन बक्सीडीपा में झारखण्ड पुलिस मेन्स एसोसिएशन लोहरदगा शाखा का चुनाव केंद्रीय एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में केंद्रीय सदस्य सहित पाँच पदों के लिये चुनाव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिये जेवियर लुगुन, गोपाल गंझू और शिवशंकर मुर्मू कुल तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें 246 वोट पाकर जेवियर लुगुन विजयी हुए, उपाध्यक्ष पद में श्याम रंजन सिंह, दिलीप उराँव और सुशीला देवी कुल तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें श्याम रंजन सिंह 254 वोट प्राप्त कर विजयी हुए। सचिव पद के लिये भरत महतो, दीपक कुमार सिंह, रूपनरायन महतो, पासिंग दिग्गी और बिगनी लकड़ा पाँच उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें रूपनरायन महतो 273 वोट ला कर विजयी हुए। कोषाध्यक्ष के लिये विरेन्द्र कुमार सिंह, सूर्यनन्दन कुमार और अमित मुंडा तीन लोगों ने नामांकन किया था। जिसमें विरेन्द्र कुमार सिंह 351 वोट ला कर जीत हासिल किये। संयुक्त सचिव के लिये संतोष कुमार सिंह, अर्जुन महतो, ललित साहु, सुकुमार महतो तथा परमेन्द्र कुमार ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें संतोष कुमार सिंह 199 वोट प्राप्त कर जीते साथ ही केंद्रीय सदस्य के लिये अशोक, बैजनाथ तिर्की और इकबाल का चुनाव किया गया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के अलावे केंद्रीय एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सह चुनाव पभारी चन्द्रशेखर महतो, सरफराज खान मौजूद थे। वही विजयी प्रत्याशियों को पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर, सेन्हा थाना पभारी अभिनव कुमार सहित अन्य लोगो ने बधाई दिया है।

### विधायक और प्रशासन की आस लगाए हो गए साल, अंत में झारखंड पार्टी बना सहारा

## जनता का समर्थन मिला, विधायक बने तो पूरी सड़क का करायेंगे कालीकरण : संदेश एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी के सहयोग से ग्रामीण श्रमदान से 2 किलोमीटर सड़क की मरम्मत की गई। झापा नेता संदेश एक्का के साथ मिलकर ग्रामीण कोलेबिरा प्रखंड स्थित जोन्हाटोली से बरसलोया तक 2 किलोमीटर सड़क की मरम्मत श्रमदान के माध्यम से कर रहे हैं।सड़क की स्थिति खराब होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का और संदेश एक्का से की थी। मौके पर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या देखने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का और मैंने श्रमदान के माध्यम से सड़क मरम्मत करने का निर्णय लिया और अहले सुबह ही आज हम सब पहुंचे बरसलोया ग्राम।सड़क पर स्थित गढ्ढों पर ट्रैक्टरों से मिट्टी लाकर भरा गया तत्पश्चात मुखिया बरसलोया संदीप सद मुंडा की उपस्थिति में आम ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर सड़क की मरम्मती की गई।सड़क की मरम्मती कर फीता काटकर इसका उद्घाटन भी किया गया। उद्घाटन के क्रम में संदेश जी ने कहा कि आप सबों का जन समर्थन मिला, आप सबों के आशीर्वाद से विधायक बनता हूं तो पूरे सड़क को कालीचरण सड़क बनाया जाएगा। झारखंड पार्टी आम गरीब किसानों की पार्टी है। आपके सुख-दुख हमारे सुख दुख हैं। आप सबों कोई भी परेशानी हो हमसे जरूर साझा करें यथासंभव हम आपकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। झारखंड पार्टी सदैव आपके साथ है।

## अज्ञात टेलर की चपेट में आने से दो लोगों को लगी गंभीर चोट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिमडेगा :** बांसज़ोर प्रखण्ड अंतर्गत कोम्बकेरा पंचायत के आदम लकड़ा एवम् बीरबल सिंह किसी काम से बांसजोर से सिमडेगा जा रहे थे। इसी दौरान बाड़ा पेट्रोल पंप ठेठईटांगर के पास ट्रेलर के जोरदार धक्के से गिर गए। दोनों को धक्का मार कर ट्रेलर भाग निकला। घायलों को ठेठईटांगर पुलिस की मदद से रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर लाया गया जहां बिरबल सिंह का कंधा का एक हड्डी टूट गया है, जिससे स्थिति नाजुक बनी हुए हैं, सुचना मिलते हैं ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं जिला परिषद सदस्य बांसजोर सामड़ोम पौल टोपनो रेफरल अस्पताल पहुंचे एवं प्राथमिक इलाज कराते हुए , बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया गया।

## समय, संयम एवं संस्कार के महत्व को समझे विद्यार्थी : सुरेश चंद्र पांडे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज कक्षा पंचम के भैया बहनों के अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कक्षा पंचम के भैया बहनों के अभिभावक एवं प्रधानाचार्य जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा समय अनमोल होता है। विद्यार्थी सदैव समय,संयम एवं संस्कार के महत्व को समझें इनकी सदृढ़ता से ही जीवन में सफलता अर्जित किया जा सकता है। माता-पिता का आज्ञाकारी बनना तथा गुरुजनों का सम्मान करना अति आवश्यक है। हम सदैव अपने संस्कार पक्ष को मजबूत बनाएं इसमें अभिभावकों की सक्रियता भी आवश्यक है। मुख्य वक्ता के रूप में कमल महतो ने कहा विद्यार्थी का प्रमुख कर्तव्य है पांच लक्षणों से युक्त होकर विद्या का अध्ययन करना। यह सफलता का मूल मंत्र है। विद्या रुपी धन को चोरी कोई नहीं कर सकता है। विद्या विदेश में मित्र का कार्य करती है। विद्यार्थी को सक्रिय होकर मेहनत करने की आवश्यकता होती है। सच्ची मेहनत ही सफलता की कुंजी होती है। अन्य अभिभावकों ने भी अपने-अपने मंतव्य शिशु के समग्र विकास हेतु प्रस्तुत किये। आज के इस कार्यक्रम में कक्षा पंचम के सभी अभिभावक उपस्थित रहे। शिशु के समग्र एवं सर्वांगीण विकास हेतु शिशु वाटिका प्रमुख आचार्या सुश्री सुनीता जी द्वारा बहुत सारे बिंदुओं पर विचार प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य बंधु भगिनी का सक्रिय योगदान रहा है।

## सम्मान समारोह का आयोजन करेगा इमरजेंसी केयर : जयप्रकाश शर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** स्वास्थ्य और मानवीय सेवाओं के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था इमरजेंसी केयर की बैठक रविवार को गुदरी धर्मशाला में संस्था के उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें सदस्यों ने अपनी स्वीकृति देते हुए सभी विषयों को सफलतापूर्वक लागू करने की बात कही। बैठक में उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि इमरजेंसी केयर द्वारा सबसे प्राथमिकता के तौर पर संस्था का निबंधन कराया जाएगा। इसके अलावे रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। वहीं संस्था के सदस्यों और रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन भी जल्द ही किया जाएगा। बैठक में उपस्थिति संस्था के उपाध्यक्ष चंदन गोयल ने कहा कि वर्तमान समय में खून की आवश्यकता उपलब्धता के मुकाबले काफी ज्यादा बढ़ गई है। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। रांची के रिम्स में जरूरतमंदों को समय पर खून उपलब्ध नहीं हो पाता है। ऐसे में रिम्स के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने के साथ-साथ समन्वय भी स्थापित करना होगा। बैठक में संस्था के सचिव देशराज गोयल ने कहा कि हम नियमित रूप से रक्तदान के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। आगे भी हमें इसी प्रकार से समन्वय स्थापित करते हुए काम करते रहना है कई बार हमें नकारात्मक संदेश भी मिलता है। इन बातों को हमें नजर अंदाज करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना है। संस्था के सभी सदस्यों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। कोषाध्यक्ष सजल कुमार ने कहा कि सदस्यों की सक्रियता बनाए रखने को लेकर आपसी समन्वय जरूरी है। बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, चंदन गोयल, सचिव देशराज गोयल, मानव संसाधन प्रभारी और कोषाध्यक्ष सजल कुमार, अभय भारती, सुधांशु कुमार, रितेंद्र महतो, रंजीत कुमार साहू, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

## अयोध्या से आए पूजित कलश एवं अक्षत सदर प्रखंड के मन्हो गांव में किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** हिंदुओं के प्राण मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु अयोध्या से आये पूजित कलश एवं अक्षत के साथ सदर प्रखंड के मन्हो गांव में हिंदुओं के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्री विशाल एवं केदार नाथ के तीर्थ पुरोहित सत्य प्रकाश पंडा जी, विश्व हिंदू परिषद के विभाग अध्यक्ष लाल ओंकार नाथ शाहदेव गांव के पुरोहित पंडित विभाकर पाठक,पाहन सूरजा उरांव,पूजार सिंघा उरांव, राज किशोर उरांव के नेतृत्व में गांव के मंदिर बिल्वेश्वर महादेव, देवी मंडप, सरना स्थल, देशवाली स्थल, महावीर स्थान आदि देवस्थानों पर देवी देवताओं को निमंत्रित किया गया। शोभा यात्रा के रूप में ढोल नगाड़े शंख,घंट की ध्वनि के साथ जय श्री राम..... राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की ....आदि नारों के साथ सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। आज से अयोध्या से पूजित अक्षत एवं श्री राम जी की मंदिर का कैलेंडर के साथ घर घर निमंत्रित किया जा रहा है। गांव वालों ने सुनिश्चित किया है कि आगामी 20 जनवरी शनिवार को गांव की महिलाओं के द्वारा कोयल नदी से कलश यात्रा कर पवित्र जल से बिल्वेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा साथ ही इस्कॉन रांची टीम के शची नंदन प्रभु जी के अगुवाई में ग्रामीणों के द्वारा अखंड हरी कीर्तन किया जाएगा एवं 22 जनवरी 2024 को बिल्वेश्वर महादेव में सामूहिक रूप से विजय महामंत्र का गण एवं प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा एवं रात्रि में भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में संघ के जिला सेवा प्रमुख प्रणव कुमार पाठक, लाल विवेक नाथ शाहदेव, लाल गौतम लाल रणधीर, लाल पुरुषोत्तम लाल रुद्रनाथ, अनूप सिंह, सुरेश महली, राम उरांव, अघमन उरांव, अविनाश उरांव, घांसी राम, अमरेश राम, पवन पाठक, जितेंद्र राम, जयप्रकाश राम, कोलंबस राम, लाल बीर प्रताप, शौर्य प्रताप, लाल सिद्धार्थ दृश्य सहदेव, श्रीनिका भवानी सिंह, अष्टमी लोहार, बुधराम लोहार आदि ग्रामीण महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए

## थाना प्रभारी ने यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के नौडीहा चौक स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार व निदेशक बैजनाथ कुमार पांडेय द्वारा बैडमिंटन खेल कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार का स्वागत स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा ताली के गड़गड़ाहट के साथ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल का होना भी बहुत जरुरी है। खेल से मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। युवा चाहे तो खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकतें है। झारखंड में खेल के प्रति युवाओं में काफी रुझान है। जिसे बरकार रख अपने मंजिल को छूना है। झारखंड में प्रतिभावान खिलाड़ी की कमी नहीं है। इन्हें सिर्फ बेहतर मंच प्रदान करने की आवश्यकता है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच इस तरह काप्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल में अनुशासन व संयम का होना बहुत ही जरुरी है। निदेशक बीके पांडेय ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए शरीर को स्वस्थ्य रखना जरुरी है। इसके लिए हर कोई को अपने दैनिक समय से कुछ समय निकाल खेल को भी देना चाहिए। स्वस्थ्य शरीर के साथ निरोग रहा जा सकता है। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा दौड़, कब्बडी, खोखो, बैडमिंटन, क्रिकेट सहित कई खेल में भाग लिया गया। मौके पर योग कुमार पांडेय, रमेश शर्मा, मनोज कुमार राय, सब्बू परवीन, कुसुम कुमारी, रामलाल महतो, सिमरन मित्तल, फलक परवीन, चंद्र किशोर भगत,ब्रजेश झा, आरती तिर्की, काजल कुमारी, नूतन रॉय, मनीषा कुमारी, मनीषा शर्मा सहित अभिभावक मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### इंडियन बैंक अपर बाजार के आस-पास क्षेत्रों में रोड शो का आयोजन किया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, राँची के समन्वय से राँची अपर बाजार शाखा द्वारा 08.01.2024 को राँची अपर बाजार के आस-पास क्षेत्रों में रोड शो का आयोजन किया गया। इस रोड शो का उद्देश्य इंडियन बैंक के डिजिटल उत्पाद ड्ड इंड जीएसटी एडवांटेज से सभी को अवगत कराना है। इस दौरान सभी दुकान में इंड जीएसटी एडवांटेज के पैम्फलेट वितरित की गई एवं सभी को इसकी पूरी जानकारी प्रदान की गई। इंड जीएसटी एडवांटेज अपने व्यवसाय वृद्धि का सर्वोतम साधन है। इस उत्पाद से व्यवसाय के लिए रु.5 लाख से रु.25 लाख तक का ऋण तुरंत प्राप्त कर सकते है। ऋण लेने के लिए डिजिटल माध्यम से आवेदन करना पडता है। जिसके लिए किसी भी संपार्श्[विक (Collateral) की आवश्यकता नहीं है। इस रोड शो में अंचल प्रबंधक आर. बोखारी, उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार की उपस्थिति में मुख्य प्रबन्धक संजय कुमार, राहुल जायसवाल, अजीत कुमार, मोहन राय एवं शाखा प्रबंधक साकेत श्रीवास्तव सहित राँची अंचल एवं राँची के शाखाओं के लगभग 50 स्टाफ सदस्यों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया।

### शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह को वारिस कुरैशी ने किया नमन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने चुटू पाली घाटी पहुंच कर शहीद शेख भिकारी और टिकैत उमराव सिंह के चित्रों पर फूल पेश कर खैराज़ ए अकीदत पेश किया। ज्ञात हो कि 8 जनवरी 1858 को अंग्रेजी शासन के द्वारा छुट्टू पाली घाटी में शहीद टिकैत उमराव सिंह और शहीद शेख भिकारी को अंग्रेजों के खिलाफ लोहा लेने के कारण इन दोनों को अंग्रेजी सरकार के द्वारा बहुत बेदर्दी से फांसी दे दी गई थी। राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उन्होंने मांग किया है कि शहीद शेख भिकारी को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए शहीद शेख भिकारी के नाम से उर्दू,अरबी यूनिवर्सिटी कि स्थापन इस राज्य में किया जाए। ताकि इस झारखंड राज्य में जो मदरसा से संबन्धित आलिम फाजिल कि परीक्षा में जो कठिनाइयां हो रही वो समाप्त हो। ज्ञात हो कि बीते कई वर्षो से आलिम फाजिल कि परीक्षा नही ली जा रही है सिर्फ ये कह कर कि ये परीक्षा यूनिवर्सिटी लेवल का है तो झारखंड अमित परिषद इसका एग्जाम कैसे ले सकता है।

### चेक गणराज्य और अमेरिका के बीच खेला गया अभ्यास मैच

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर मुकाबले 13 से 19 जनवरी तक झारखंड की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में होंगे। क्वालिफायर मुकाबलों से पहले टीमों के बीच प्रैक्टिस मैच शुरू हो गये हैं। सोमवार को चेक गणराज्य और अमेरिका के बीच अभ्यास मैच हुआ। अब मंगलवार को प्रैक्टिस मैच जापान-यूएसए, भारत-जर्मनी और चिली और इटली के बीच खेला जायेगा।इसके अलावा छह देशों की टीमों ने अपनी प्रैक्टिस इसी ग्राउंड में अलग-अलग समय में जारी रखी। 10 जनवरी को न्यूजीलैंड, जर्मनी, चेक रिपब्लिक, जापान और चिली की टीम अलग-अलग समय में प्रैक्टिस करेंगी।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा का पद प्रतिस्थापन समारोह संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जायंटस ग्रूप ऑफ गढ़वा का पद प्रतिस्थापन समारोह का आयोजन स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में ग्रूप के अध्यक्ष कमलेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मौके पर सत्र 2024 के नव निर्वाचित जायंटस ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आन्तरिक राकेश बाबू सर्राफ, उपाध्यक्ष वाह्य अशोक गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, मेडिकल ऑफिसर डॉ वीरेन्द्र कुमार, मीडिया प्रभारी अशोक विश्वकर्मा तथा निदेशक मंडल के सुनील अग्रवाल, अवधेश कुशवाहा, मंदीप प्रसाद, संतोष कुमार मेहता को शपथ दिलाई गयी। पद प्रतिस्थापन समारोह की शुरुआत जायंट्स वेलफेयर फाउन्डेशन स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायंटस वेल्फेयर फाउंडेशन फेडरेशन-8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, यूनिट-2 के निवर्तमान डायरेक्टर मनोज केशरी, फेडरेशन-8 के निवर्तमान उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी सीमा केशरी तथा डॉ. अशोक सोनी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर की। इस मौके पर निवर्तमान प्रशासनिक निदेशक चंद्रभूषण सिन्हा ने सत्र 2023 के कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में जायंट्स वाद को आगे बढाने तथा मानव सेवा में और बेहतर कार्य करने की बात कही। मंच संचालन नंद कुमार गुप्ता ने तथा धन्यवाद ज्ञापन दीपक तिवारी ने किया। मौके पर रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ. एम पी गुप्ता, लायन्स सिटी के दया शंकर गुप्ता, शौकत खान ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में लायंस के संजय सोनी, राजमणि प्रसाद, जायंटस गढ़वा के मनोज केशरी हिंदुतान सेनेटरी, मनोज केशरी सन रेडियो, अरुण सोनी, चंदन चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### युवाओं को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राज्य के नवनिर्माण के लिए आगे आना होगा : सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** आजसू पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक स्थल है जो हमेशा हमें अपने हक और अधिकार के लिए लडने को प्रेरित करता रहेगा। अंग्रेजों के शोषण, अत्याचार एवं गलत नीतियों के खिलाफ बिगुल फूंकने के साथ ही लोगों को गोलबंद कर अपनी अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाले झारखंडी माटी के लाल शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। वीर क्रांतिकारियों ने कुबार्नी के हद तक संघर्ष का मिसाल पेश किया है।

उन्होंने कहा कि देश ऋणी है उन क्रांतिवीरों का जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भारत भूखण्ड के लिए जो कृत किया है यह हमेशा लोगों के जेहन में बना रहेगा। युवाओं को वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राज्य और देश के निर्माण में योगदान देना चाहिए। सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को चुटुपालू स्थित शहीद स्थल पर शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सुदेश कुमार महतो शहीद टिकैत उमराव सिंह की जन्मस्थली ओरमांझी के खटंगा गांव पहुंचे,जहां उन्होंने उनके परिजनों से मुलाकात की और उनकी प्रतिमा में माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।मौके पर उन्होंने कहा कि जिस माटी के लिए इन वीर सपूतों ने अपनी कुर्बानी दी है उनके परिजनों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## अनेक नि:शुल्क बैंक के शौकत ने अलग अंदाज में मनाया नतिनी का जन्मदिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जरुरतमंदों एवं असहायों के लिए वरदान बन चुके अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान ने सोमवार को अपने नतिनी का जन्मदिवस अनेक निःशुल्क बैंक में गरीबों के बीच कपडा, दैनिक जीवन में काम आने वाले विभिन्न जरुरत की वस्तुओं का वितरण कर मनाया। इस मौके पर उन्होने कहा कि गरीबों के साथ आज सोमवार को गरीबों के बीच कपडा बैंक परिसर में गरीबों के जीवन में काम आने वाली सारी सामग्री का वितरण किया गया। उन्होने कहा कि हम अपना और अपने परिवार का कोई भी उत्सव पार्टी के नाम पर फिजुल खर्च नही करते। उसी पैसों को हम बचाकर गरीबों के जीवन में खुशियां बिखरने वाली चीजें और जीवन यापन करने वाले चीजें खरीदते हैं और अनेक निःशुल्क बैंक से जरुरतमंदों के बीच बांटते हैं। उन्हीं के साथ अपना और अपने परिजनों का उत्सव धूमधाम से मना लेते हैं। ऐसे अवसर पर गरीब, असहाय, जरुरतमंद लोगों के चेहरों पर खुशियां देख कर हमें असीम सुख की प्राप्ति होती है। ये लोग दिल खोलकर दुआएं देते हैं।

**श्री राम जानकी मंदिर के शिखर का निर्माण प्रारंभ**

# शिखर निर्माण से बढ़ेगी मंदिर की शोभा : राकेश तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के सुआ-कौड़िया पंचायत में नवनिर्मित श्री राम जानकी मंदिर का गुबंद निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। जिसका शुभारंभ आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह डालटनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश तिवारी ने नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान जय श्री राम के नारों से इलाका गुंजायमान हुआ। श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति की ओर से पचास फीट का गुंबद निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जो प्रसिद्ध शिल्पकार चौहाण बंधु के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर न्यास समिति के संरक्षक राकेश तिवारी ने बताया कि शिखर निर्माण के पीछे समाजिक, वैज्ञानिक एवं अध्यात्मिक हर तरह का संदेश छिपा हुआ है। जहां मंदिर का गुंबद उस क्षेत्र के लोगों के धार्मिक प्रवृत्ति की कृति बताती हैं, वहीं संस्कृति और संस्कार का संदेश ध्वनि के माध्यम से दूर दूर तक पहुंचाने के लिए मंदिर के शिखर का निर्माण कराया जाता है। और सुआ-कौड़िया की जनता के द्वारा श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति के माध्यम से उत्तम कार्य संपन्न कराया जा रहा है। जिनका स्थान हमारे दिल में उनकी सादगी, प्रेम की वजह से बना हुआ है, उनके हरेक कार्य में हमारा साथ बना रहेगा। मौके पर अध्यक्ष छोटेलाल सिंह ने बताया कि मंदिर के शिखर निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। वर्षो से इसकी आवश्यकता यहां की जनता को थी। अप्रैल माह तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने की तैयारी है। ताकि इस वर्ष होने वाले महायज्ञ में इसकी किर्ति पताका चारों ओर से दिखाई सुनाई पड़े। इस दौरान संरक्षक अजय तिवारी अकेला, अध्यक्ष छोटे लाल सिंह,रामसहाय साव,सुरेंद्र साव उप प्रमुख शितल सिंह चेरो...अजित जी,मनोज जी,ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री जी, बसे लोगों का कैंप लगाकर रसीद कटवाएं : प्रथम महापौर

*** बिना अनुमति पानी, बालू के साथ अब नदी बिक रहा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मुख्यमंत्री झारखंड को पत्र लिखकर कहा है कि मुख्यमंत्री जी, मैंने पूर्व में भी आपके मेदनीनगर आगमन पर पुलिस स्टेडियम में मौखिक एवं लिखित शिकायत की थी कि शहर का एक खास भाग हमीदगंज, कुंड एरिया,बैरिया, पहाड़ी व।टीवी टावर एक भू माफिया परिवार द्वारा कुछ दलालों के मार्फत प्रतिदिन कमाने खाने वाले लोगों को कम कीमत का झांसा देकर सरकारी भूमि अपना बताते हुए जल्द रजिस्ट्री करने का वादा कर वर्षो से बेच रहे हैं।

जो झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला है। अरुणा शंकर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, वर्षो से बसे इन नागरिकों का रजिस्ट्री के अभाव में आज तक स्थानीयता तक नहीं बन पाया। कई सरकारी योजनाओं से वार वंचित हैं। उनके बच्चे स्थानीयता के अभाव में कोई सरकारी नौकरी नहीं कर पा रहे हैं। जो उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। हद तो यह है कि वर्षो पुराना मृत बच्चों को दफनाने हेतु स्मशान घाट भी गायब हो गया। और अब तो माफिया परिवार द्वारा बिना सरकारी अनुमति के पानी, बालू और अब नदी तक बेचा जाने लगा। उन्होंने कहा कि मैं आपसे पुनः आग्रह करूंगा जो लोग उस एरिया में सरकारी भूमि पर बसे हैं। तत्काल सरकार कैंप लगाकर उन लोगों को भूमि सेटल करें। ताकि वह गरीब सरकारी लाभ ले सके। और उन सरकारी भूमि का भू माफिया द्वारा लिया गया पैसा तत्काल वापस कराई जाए। जिससे वह अपना कर्ज या अपने दूसरे जरूरत की चीजों को पूरा कर सके। प्रथम महापौर ने जिला प्रशासन को वस्तु स्थिति से अवगत होने हेतु छानबीन प्रारंभ करने के लिए बधाई दी है। कहा कि हमें विश्वास है कि जिला प्रशासन जल्द दूध का दूध और पानी का पानी करेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भू माफियाओं से लाभान्वित होकर चंद नेता इस पर राजनीत न करें। वहां बसे लोगों की मर्म को समझे और सरकार से कैंप लगाकर जो जहां बसे हैं उतने का सरकारी रसीद कटवाने में सहयोग करें। ताकि वह भी सरकारी लाभ ले सके।

### पीआईएल कैश कांड में ईडी के गवाह विष्णु अग्रवाल की हुई गवाही

**रांची :** पीआईएल मैनेज करने के लिए कैश लेने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के विशेष न्यायधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह विष्णु अग्रवाल का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया। उनका बयान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने दर्ज करवाया। अपने बयान में विष्णु अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता जाने के लिए उन्होंने ही फ्लाइट की टिकट करवाई थी और ऐसा उन्होंने दो बार किया। ईडी की ओर से बयान दर्ज होने के बाद अब बचाव पक्ष की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन करने के लिए 23 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई 2022 को झारखंड हाई कोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार की कोलकाता से गिरफ्तारी हुई थी।

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने रक्तदान करा बचाई महिला की जान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अखिल भारतीय वैश्य महासमेलन गढ़वा इकाई के द्वारा सोमवार को एक गर्भवती महिला के लिए रक्त उपलब्ध कराया गया जिससे उनके जीवन की रक्षा हो सकी। मौके पर वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि जब किन्ही को भी रक्त की आवश्यकता होगी, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन रक्त की पूर्ति के लिए हर वक्त उपलब्ध रहेगा। इस संबंध में बताया गया कि टण्डवा निवासी महासम्मेलन के सदस्य विशाल गुप्ता को रक्त की आवश्यकता के संबंध में कॉल आया था। उन्होने तत्काल अध्यक्ष रविन्द्र जायसवाल से संपर्क किया। अध्यक्ष श्री जायसवाल के अनुरोध पर गौतम कुमार ने उक्त महिला के लिए रक्तदान किया। मौके पर अध्यक्ष रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि ब्लड बैंक जाकर रक्तदान करवाया गया जिससे एक नहीं दो जीवन बचाने का कार्य किया गया। उन्होने कहा कि जब भी किसी को रक्त की जरूरत होगी अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन उन्हे वक्त पर रक्त की पूर्ति कराएगा। रक्त के बिना किसी की जान नहीं जाने देंगे। उन्होने इसके लिए रक्तदाता गौतम कुमार के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर जिला महामंत्री उमेश कश्यप, सचिव दौलत सोनी, सदस्य अजय लाल, राजू सोनी, विशाल गुप्ता एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गोविंद हाई स्कूल और साउथ प्वाइंट सेमी फाइनल में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोविन्द हाई स्कूल ने साउथ प्वाइंट को छह विकेट से हराकर वही जूनियर वर्ग में साउथ प्वाइंट ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को सात विकेट से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

सीनियर वर्ग में गोविन्द हाई स्कूल ने आकाश के शानदार 65 रनों की बदौलत साउथ प्वाइंट स्कूल को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ प्वाइंट ने राहुल के अर्द्धशतक की बदौलत 135 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलते हुए गोविन्द स्कूल चार विकेट खोकर विजय लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

वहीं जूनियर वर्ग में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को सात विकेट से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 51 रनो पर ही सिमट गई। जवाबी पारी खेलने उतरी साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविंद के आकाश को और साउथ प्वाइंट के शोएब को प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन केशरी, डॉ. कुलदेव चौधरी, पूर्व खिलाडी सूरज सिंह ने प्रदान किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि आज बच्चे खेल कूद पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं और करना भी चाहिए। लेकिन इसके साथ शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो आगे बढ़ने में मदद करता है। डॉ. चौधरी ने कहा कि यह प्रतियोगिता क्रिकेट का महाकुंभ है जहां पचास टीमें भाग लेती है। खेल हमें नेतृत्व क्षमता और अनुशासन सिखाता है।

### मेकॉन लिमिटेड के साथ किए गए 85 लाख के फर्जीवाड़े मामले की जांच करेगी सीबीआई

**रांची :** मेकॉन लिमिटेड के साथ किए गए 85 लाख के फर्जीवाड़े मामले की जांच सीबीआई करेगी। सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार इस मामले को सीबीआई ने टेकओवर करते हुए कांड संख्या आरसी 0242020001 दर्ज किया है। इस मामले का आईओ सीबीआई एसीबी रांची के डीएसपी ब्रजेश कुमार को बनाया गया है। मेकॉन लिमिटेड से ओडिशा की हॉक्स सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरिये 85 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा किया गया था। इस मामले में एक जनवरी 2019 को मेकॉन लिमिटेड की ओर से डोरंडा थाना में फर्जीवाड़ा का मामला दर्ज कराया गया था। आरोप है कि सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से जानबूझकर और बेईमानी से मेकॉन लिमिटेड रांची द्वारा दिए गए कार्य आदेशों के संदर्भ में जाली बैंक गारंटी तैयार की और इस तरह से मेकॉन लिमिटेड को 85 लाख रुपये का नुकसान हुआ था।

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : अमर कुमार बाउरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 2047तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ हम सभी सवा सौ करोड़ लोगों ने लिया है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष झारखंड अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को नगरी में आयोजित विकसित भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो भी गारंटी देते हैं उसके पूरा होने की भी गारंटी होती है। देश में विकास और परिवर्तन वर्ष 2014 के बाद ही देखने को मिला। जब गरीबों के छत पर दो कमरे का पक्का मकान, उसमें रसोई, रसोई में 5 किलो चावल, गैस चूल्हा, शौचालय, हर व्यक्ति का 500000 का स्वास्थ्य बीमा, नल से जल, बिजली, अच्छी सड़क सब कुछ मिल रहा और यह न सिर्फ किसी एक वर्ग या जाति को दिया जा रहा है। सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ इन सभी योजनाओं का लाभ देश के हर वर्ग को दिया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आयुष्मान भारत अब विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा बन गई है और यह सब कुछ संभव हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्ट संकल्प से। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम लाला अपने गर्भगृह में स्थापित हो रहे हैं। 500 वर्षो के लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार 22 जनवरी 2024 को राम लाला फिर से अपने भव्य मंदिर में स्थापित होंगे। हम सबको मिलकर 22 जनवरी को दिवाली माननी है अपने घर और आसपास सभी मंदिरों में दीप जलाकर प्रभु श्री राम का स्वागत करना है।कार्यक्रम में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प और नरेंद्र मोदी की गारंटी की गाड़ी को हर पंचायत हर गांव तक पहुंचाने का उद्देश्य है कि वैसे लोग जो केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं रखते हैं या फिर वैसे लोग जिन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला है उन्हें समुचित जानकारी मिल सके और तत्काल उनके समस्या का समाधान किया जा सके। 22 जनवरी 2024 के आलोक में उन्होंने कहा कि हम सबके लिए यह गर्व की बात है कि 500 वर्षो की लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार प्रभु श्री राम टेंट से निकलकर अपने भव्य मंदिर में स्थापित हो रहे हैं। इस दिन को हमें यादगार बनाना है और सभी लोग अपने-अपने घरों में दीप जलाकर प्रभु श्री राम का स्वागत करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती को जो मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित है।